चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024
वर्ष 2, अंक 231, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे 14

मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार गहरा है 13

## सीबीआई ने आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में कविता को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- मौजूदा समय में के कविता तिहाड़ जेल में बंद हैं



केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता को तिहाड़ जेल ही गिरफ्तार कर लिया। कविता तिहाड़ जेल में रहेंगी और एजेंसी उनकी हिरासत मांगने के लिए शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सीबीआई को उनकी हिरासत मिल जाती है, तो कविता को एजेंसी मुख्यालय स्थित हवालात ले जाया जाएगा, जहां मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। विशेष अदालत से अनुमति मिलने के बाद सीबीआई ने शनिवार को जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी। बीआरएस नेता से मामले में सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से मिले व्हाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आबकारी नीति में कथित बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली में 2020 के दंगे के 11 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में शामिल 11 आरोपियों को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई की जिनपर दंगे के दौरान गंगा विहार में संपत्ति जलाने और चोरी में शामिल होने का आरोप था। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में आरोपी व्यक्तियों पर लगाए गये आरोपों को साबित नहीं किया जा सका, जिसकी वजह से इनको आरोपों से बरी किया जाता है। गोकलपुरी थाने में अंकित चौधरी, सुमित, पप्पू, विजय, आशीष कुमार, सौरभ कौशिक, भूपेन्द्र, शक्ति सिंह, सचिन कुमार, राहुल और योगेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## यूनिवर्सिटी में युवक की पीट-पीटकर हत्या

### महिला का हाथ पकड़ने पर हुई घटना, रात भर ट्रैक्टर के पहिए से उसे बांधकर रखा था

झांसी, एजेंसी



**पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज की**

गार्ड के कहने पर दोनों महिलाएं यूनिवर्सिटी चौकी पुलिस के पास पहुंची। महिलाओं ने पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। पुलिस ने भगवानदास, नेता, हीरालाल सहित अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मेडिकल कॉलेज की मार्च्युरी में रखवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है।

बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में रात के समय महिला का हाथ पकड़ने पर लोगों ने युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद लोगों ने उसे रस्सी से ट्रैक्टर के पहिए में बांधकर रखा। सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

मध्यप्रदेश के पन्ना निवासी दो बहनें अपने पतियों के साथ बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में बाउंड्री वॉल का निर्माण करने गईं हैं। दोनों महिला पतियों के साथ यूनिवर्सिटी में ही झोपड़ी बनाकर रहती हैं। बुधवार रात महिला अपने पति के साथ झोपड़ी के बाहर चबूतरे पर सो रही थी। रात दो बजे नशे की हालत में एक युवक आया और महिला का हाथ पकड़कर खींचने लगा। महिला ने पति को जगाया तो युवक भागने लगा। महिला के पति ने युवक को पकड़ा और यूनिवर्सिटी के गार्ड को बुलाया। इस दौरान महिला के पति, गार्ड और लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा। सुबह पुलिस के पास ले जाने की बात कहते हुए लोगों ने युवक को ट्रैक्टर के पहिए में बांध दिया। गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### एक नजर

**कोर्ट ने कहा, ईडी के सामने पेश हों कांग्रेस विधायक**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कांग्रेस विधायक धरम सिंह छोकर को धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश होने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने विधायक छोकर को मौखिक रूप से सुरक्षा दी और एजेंसी से कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार करने की जरूरत हो तो वह अदालत के समक्ष आवेदन दायर करे। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, ''हम इसे आदेश में दर्ज नहीं कर रहे लेकिन आपसे कह रहे हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार करना है तो आवेदन करें।

**सीबीआई ने शिकायतों के लिए जारी की ई-मेल आईडी**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने ई-मेल आईडी जारी की है जिस पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में पीड़ित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में ई-मेल आईडी जारी की है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, उत्तर 24 परगना के डीएम से भी अनुरोध किया गया है कि वे इलाके में संबंधित ई-मेल आईडी के बारे में प्रचार करें और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार क्षेत्रों में व्यापक प्रसार वाले स्थानीय अखबारों में एक सार्वजनिक सूचना भी जारी करें। सीबीआई प्राप्त शिकायतों पर मामले दर्ज करना शुरू करेगी।

## कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होती

### कमजोर सरकारों में आतंकवाद ने पैर पसारे, आज घर में घुसकर आतंकवादी मारे जाते हैं : मोदी

ब्यूरो, ऋषिकेश



ऋषिकेश की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**कांग्रेस ने मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी उत्तराखंडी नहीं भूल सकता है कि कांग्रेस ने हरिद्वार में हर की पैड़ी पर मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए और कहा कि हर की पैड़ी एक नहर के किनारे बसी है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान उत्तराखंड की पहचान ब्रह्मकमल से जुड़ी हुई है।

**'सबी दाणा सयाणूं दीदी, भुली, चाचा, बड़ियों तैं मेरू प्रणाम'**

प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन की शुरुआत गढ़वाली बोली में 'सबी दाणा सयाणू दीदी, भुली, चाचा, बड़ियों तैं मेरू प्रणाम' कहकर जनता का दिल जीत लिया। फिर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से मांगलिक कामों में बजाए जाने वाले प्रसिद्ध हुड़का बजाया और लोगों को कनेक्ट करने की कोशिश की। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभा को संबोधित किया।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषिकेश में चुनावी रैली में आतंकवाद के बहाने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गढ़वाल में भी देश के अन्य हिस्सों की तरह लहर दिखाई दे रही है।

गुरुवार को आईडीपीएल के हॉकी मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। भारत में तब आतंकवाद ने पैर पसारे लेकिन आज मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। अब भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का काम देखा है। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते 10 वर्षों में भारत को पहले के मुकाबले कई गुना मजबूत किया है। सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने का साहस, तीन तलाक के खिलाफ कानून, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण, सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10% आरक्षण देने का काम किया।

विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक-वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। हमने पूरा करने की गारंटी दी थी और पूरा भी करके दिखाया। कांग्रेस का दावा था कि वन रैंक-वन पेंशन लागू होने पर पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपये देंगे। मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूर्व सैनिकों के बैंक खाते में पहुंचा दिए। उत्तराखंड में भी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं। कांग्रेस शासन के समय में तो सैनिकों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट तक की कमी रहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने अपने सैनिकों को भारत में बनी बुलेटप्रूफ जैकेट दी। आज देश में ही आधुनिक रायफल से लेकर लड़ाकू विमान और विमानवाहक पोत बन रहे हैं।

हमारा फोकस इस बात पर है कि देश के किसी भी हिस्से से पर्यटकों के लिए उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचना आसान होना चाहिए, इसलिए देवभूमि में रोडवेज, रेलवे और एयरवेज की लगातार सुविधा बढ़ाई जा रही है।

## बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंदा दंपति समेत पांच की गई जान

- एक बाइक पर दंपति और दूसरी पर तीन दोस्त अपने करीबी के घर ईद मिलने जा रहे थे
- भीड़ ने किया नेशनल हाईवे जाम, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बमुश्किल शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अरबाज खान | आकिब खान | उवैस | साहिब खान | साकरा बेगम

सड़क हादसे में दो बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाने को टीम लगाई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। – **अविनाश पांडेय**, एसपी

**अमृत विचार :** पांच परिवारों की ईद की खुशियां सड़क हादसे की भेंट चढ़ गई। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंद दिया। इसमें ईद मिलने जा रहे दंपति और तीन दोस्तों की मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। डीएम-एसपी ने बमुश्किल लोगों को शांत किया।

ईद के उल्लास में डूबे अड़ौली निवासी उवैस (32) व उनकी पत्नी साफरा बेगम (30) और दूसरी बाइक पर ग्राम विलई पसियापुर निवासी आकिब (21) पुत्र हसीन, परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज (26) पुत्र अकील व साहिब (25) पुत्र शाहिद अपने रिश्तेदारों से ईद मिलने जा रहे थे। जहानाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम निसरा बरात बोझ के पास तेज गति डंपर ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। हादसे में पांचों की मौत हो गई। सड़क पर पांच लाशें देख परिजन व अन्य लोग गुस्से पर काबू नहीं कर पाए और हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सीओ सदर प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। इस बीच डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय व अन्य अधिकारी पहुंच गए। डीएम-एसपी ने डंपर चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग हाईवे से हटे ।

**हरियाणा में स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस पलट गई, जिससे छह बच्चों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हरियाणा सरकार ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि बस की गति तेज होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पेड़ से टकराकर पलट गई। कनीना के उन्हाणी गांव के पास यह हादसा हुआ और बस में 30 बच्चे सवार थे। ईद की छुट्टी होने के बावजूद स्कूल क्यों खुला था जिलाधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने बताया कि हादसे में छह छात्रों की मौत हो गई है जबकि 20 घायल हैं। गिरफ्तार कर चालक की मेडिकल जांच कराई जा रही है, जिसके बाद पुष्टि होगी कि वह नशे में था या नहीं। घायल छात्रों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## हजारा नहर में 9 डूबे, पांच लापता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा के रहने वाले हैं सभी, झाल पर लगे ईद के मेले में आए थे, नहर में नहाने लगे तो हुआ हादसा
- गहरे पानी में डूबने लगे तो मची अफरा-तफरी, चार दोस्तों को बचाया गया

**अमृत विचार :** ईद पर झाल पर लगे मेले में आए एटा जिले के नौ दोस्त हजारा नहर में डूब गए। गोताखोरों और फ्लड यूनिट ने चार दोस्तों को निकाल लिया, जबकि पांच का देर शाम तक पता नहीं चला।

गुरुवार दोपहर को एटा के गांव नगला पोता निवासी 17 वर्षीय मुजाहिद पुत्र मेहंदी हसन, 17 वर्षीय सलमान पुत्र युसूफ, 18 वर्षीय आसिफ पुत्र अतीक, इस्लाम नगर निवासी 16 वर्षीय शाहिद पुत्र हाशिम, नगला पोता निवासी सोहेल पुत्र छोटे, फैजान पुत्र सत्तार, फरमान पुत्र मुन्ने, रोहित पुत्र रफीक एवं निधौली रोड निवासी अभिषेक शर्मा गांव नदरई के समीप बने झाल पर ईद के मेले में घूमने आए थे।

मेले में मौजमस्ती के बाद सभी दोस्तों ने हजारा नहर में नहाने के लिए छलांग लगा दी। देखते ही देखते सभी दोस्त डूबने लगे। बचाव के लिए चिल्लाए तो ग्रामीण गोताखोर नहर में कूद पड़े। पास ही में डेरा डाले पीएसी फ्लड यूनिट के जवान भी पहुंच गए। सोहेल, फैजान, फरमान, रोहित को निकाल लिया जबकि अन्य पांच दोस्त लापता हैं। उनकी तलाश में गोताखोर जुटे हैं। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ सिटी अजीत चौहान, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत नहर पर पहुंच गए। रेस्क्यू तेज करने को कहा, लेकिन देर शाम तक तलाश नहीं हो सकी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि नौ दोस्त हजारा नहर में स्नान के लिए उतरे और गहरे पानी में डूब गए।चार को बचा लिया गया जबकि पांच की तलाश की जा रही है।

## बिजनौर से सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ रालोद में शामिल

**लखनऊ, अमृत विचारः** बिजनौर के सांसद मलूक नागर गुरुवार को बसपा से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए हैं। रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। मलूक नागर के साथ मेरठ के पूर्व मंत्री लखीराम नागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा नागर ने भी बसपा छोड़ दिया। मालूक नागर को रालोद में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। तारीफ सिंह को भी यही जिम्मेदारी दी गई है। महेश आर्य, जगपाल सिंह सचिव बनाए गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती को भेजे इस्तीफे में मलूक नागर ने पार्टी छोड़ने की वजह बताई है। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ना तो विधायकी लड़ने दी गई और ना ही सांसदी के लिए टिकट दिया गया। इसलिए नए राजनीतिक ठिकाने पर जा रहा हूं। दरअसल, मायावती ने नागर का टिकट काटकर बिजनौर से चौधरी विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, एनडीए से रालोद के खाते में आई बिजनौर की सीट पर चंदन चौहान उम्मीदवार हैं।

## पुलवामा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ लश्कर का आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर, एजेंसी

**तीन आतंकी गिरफ्तार**

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर है जो सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मारे गये आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले गत पांच जनवरी को शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। हालांकि पांच अप्रैल को सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था और एक आतंकवादी को मार गिराया था।

## आचार संहिता के उल्लंघन मामले में बृजभूषण को नोटिस

**गोंडा (उप्र), एजेंसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में नोटिस जारी हुआ है। साथ ही सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा अनुमति बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क करने तथा धारा 144 का उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई हुई है।

## भदोही से रमेश बिंद की जगह डॉ. विनोद को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेशे से चिकित्सक विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर की मझवां विस. सीट से विधायक भी हैं

**अमृत विचारः** भाजपा ने भदोही सीट से डॉ. विनोद बिंद को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पार्टी ने वर्तमान सांसद डॉ. रमेश चन्द्र बिंद की जगह डॉ. विनोद बिंद मिर्जापुर के मझवां से विधायक को टिकट दिया हैं।

डॉ. विनोद दिसंबर 2022 में वाराणसी और जून 2023 में भदोही के टोल प्लाजा पर हुए विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं। दोनों ही मामलों में विनोद के समर्थकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। वहीं, भदोही सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने टीएमसी को दी है। यहां से ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में मिर्जापुर के मझवां से सपा से टिकट मांग रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को निराशा हाथ लगी थी। आखिरी समय में उन्होंने निषाद पार्टी का दामन थामा था और फिर एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वर्तमान सांसद रमेश चन्द्र बिंद को लेकर पार्टी के अंदर ही नहीं आमजन में भी नाराजगी थी।

**एप्पल ने किया सचेत** — स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल

## आईफोन पर पेगासस जैसे स्पाइवेयर अटैक का बढ़ा खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह अधिसूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे

**इसे लें गंभीरता से**

कंपनी ने कहा किएप्पल ऐसे हमलों का पता लगाने के लिए पूरी तरह से आंतरिक खतरे-खुफिया जानकारी और जांच पर निर्भर करती है। हालांकि, हमारी जांच कभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकती है लेकिन खतरे की ये सूचनाएं अत्यधिक भरोसे वाले अलर्ट हैं। इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

आईफोन विनिर्माता एप्पल ने अपने उपयोगकर्ताओं को पेगासस जैसे परिष्कृत स्पाइवेयर हमलों को लेकर आगाह करते हुए कहा है कि सीमित संख्या में लोगों को इनका निशाना बनाया जा रहा है। स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल हैं।

हालांकि, एप्पल ने इन हमलों को लेकर जारी एक सूचना में कहा कि अक्सर ऊंची लागत आने की वजह से कम संख्या में ही स्पाइवेयर को तैनात किया जाता है लेकिन भाड़े के स्पाइवेयर से हमले जारी हैं और वैश्विक स्तर पर किए जा रहे हैं। एप्पल ने 10 अप्रैल को जारी इस खतरे की अधिसूचना में पिछले शोध और रिपोर्टों के आधार पर यह संकेत दिया है कि ऐसे हमलों का ताल्लुक ऐतिहासिक रूप से सरकार से जुड़े पक्षों से रहा है। यह अधिसूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं। दिग्गज फोन विनिर्माता ने कहा, खतरे की सूचनाएं उन उपयोगकर्ताओं को सूचित करने और मदद करने के लिए तैयार की गई हैं, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से भाड़े के स्पाइवेयर हमलों से निशाना बनाया गया हो। संभवतः ऐसा इसलिए हो कि वे कौन हैं या क्या करते हैं। ऐसे हमले नियमित साइबर आपराधिक गतिविधियों एवं उपभोक्ता मालवेयर की तुलना में बहुत अधिक जटिल होते हैं क्योंकि भाड़े के स्पाइवेयर से हमला करने वाले बहुत कम संख्या में विशिष्ट व्यक्तियों और उनके फोन को लक्षित करने के लिए असाधारण संसाधनों का उपयोग करते हैं। एप्पल ने कहा कि भाड़े के स्पाइवेयर हमलों की कीमत लाखों डॉलर होती है। इसके अलावा हमले की अवधि कम होने से उनका पता लगा पाना और उन्हें रोक पाना खासा मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा अधिकांश उपयोगकर्ताओं पर ऐसे हमले कभी भी नहीं किए जाते हैं।

कंपनी ने कहा, नागरिक समाज संगठनों, प्रौद्योगिकी फर्मों और पत्रकारों से मिली सूचनाओं और शोध से पता चलता है कि इसपर आने वाली ऊंची लागत और जटिलता को देखते हुए ये हमले ऐतिहासिक रूप से सरकारी पक्षों से जुड़े रहे हैं। इनमें सरकारी की तरफ से भाड़े के स्पाइवेयर विकसित करने वाली निजी कंपनियां भी शामिल हैं जिनमें एनएसओ ग्रुप का स्पाइवेयर पेगासस भी है। पेगासस स्पाइवेयर ने उपयोगकर्ता के व्हाट्सएप पर सिर्फ एक मिस कॉल देकर उसके मोबाइल फोन को अपने नियंत्रण में ले लिया था।

एप्पल ने कहा कि स्पाइवेयर हमलों की अत्यधिक लागत और विश्वव्यापी प्रकृति उन्हें आज सबसे उन्नत डिजिटल खतरों में शामिल करती है। ऐसी स्थिति में स्पाइवेयर हमलों से बचने के लिए एप्पल ने उपयोगकर्ताओं को लॉकडाउन मोड को सक्रिय करने का सुझाव दिया है।

# एचटी और एलटी लाइन टकराने से घरों में उपकरण फुंके

## उपभोक्ताओं को हुआ हजारों रुपये का नुकसान, लोगों में भारी रोष दिखा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



फुंके उपकरण और मीटर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आंधी के दौरान हाई टेंशन और लो टेंशन तारों के आपस में टकराने से तेज करंट की चपेट में आकर कई घरों में विद्युत उपकरण फुंक गए। लगभग एक दर्जन घरों में इनवर्टर, पंखे, टीवी, फ्रिज आदि का नुकसान होने का समाचार है।

जानकारी के मुताबिक बनकट पावर हाउस से शंकर बाजार गंगाजी रोड होते हुए एचटी लाइन धुस मैदान गई है। जिन खंभों से ये तार गुजरे हैं, उन्हीं खंभों पर इलाके में घरेलू आपूर्ति के लिए भी एलटी लाइन की तारें बिछी हैं। ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि गुरुवार रात लगभग आठ बजे आई आंधी से एचटी और एलटी तारें आपस में छू गईं। इससे हाई वोल्टेज घरों में पहुंच गया। लगभग एक दर्जन घरों में बिजली के मीटरों के साथ इनवर्टर, फ्रिज, टीवी आदि उपकरण फुंक गए। आननफानन में लोगों ने विभाग को सूचना दी। इस पर आपूर्ति बंद कराई गई। लेकिन तबतक लोगों का भारी नुकसान हो चुका था। लोगों के तमाम इलेक्ट्रानिक उपकरण इनवर्टर, फ्रिज, टीवी आदि फुंक गये। इससे लोगों में भारी आक्रोश उत्पन्न है। कर्मचारियों ने लाइन दुरुस्त की और इसके बाद लगभग बारह बजे मुहल्ले की आपूर्ति सामान्य हो सकी और तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

● **लगभग एक दर्जन घरों में फुंके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण**

### कई घरों में हुआ नुकसान

जनसेवा इंटर कालेज के पास रहने वाले वासुदेव मिश्रा ने बताया कि तेज वोल्टेज से इनवर्टर, फ्रिज, टीवी आदि फुंक गए। उनका लगभग बीस हजार का नुकसान हुआ है। बताया कि इसी प्रकार सुभाष जायसवाल, कुंजबिहारी एडवोकेट, भरतलाल जायसवाल, सुनील गुप्ता, जुगुल किशोर, आदि के घरों में उपकरणों का तगड़ा नुकसान हुआ है।

### रिपोर्ट मांगी गई है : अधीक्षण अभियंता

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता बृजेश कुमार ने बताया कि एसडीओ से इस संबंध में जानकारी ली गई है और रिपोर्ट मांगी गई है। बताया कि इसके बाद मुआवजे की बात स्पष्ट हो सकेगी। यह लंबी प्रक्रिया है।

# समस्याः तहसील से निकली एचटी लाइन

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील परिसर के ऊपर से निकली हाईटेंशन तार अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिए खतरा बन सकती है। अधिवक्ताओं ने इस संबंध में एसडीएम को पत्र देकर तार हटवाने की मांग की है। बताया है कि तार की वजह से शेड निर्माण भी नहीं हो पा रहा।

राजापुर तहसील में अधिवक्ताओं के शेड के ऊपर से एचटी लाइन निकली हुई है। अधिवक्ता बताते हैं कि पिछले साल मई में आई आंधी में तार टूट जाने पर हादसा होते होते बचा था। तब अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र देकर तार हटवाने की मांग की थी लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गुरुवार को तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पांडेय की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी प्रमोद झा को पत्र देते हुए बताया कि राजापुर तहसील से जुड़े डेढ़ सौ से अधिक गांवों के लोग तहसील आते जाते हैं। तहसील के अंदर अधिवक्ताओं के शेडों के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरी हुई है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। संयुक्त सचिव अखिलेश गोस्वामी ने बताया कि अधिवक्ता छानी छप्पर डालकर बस्तों पर बैठते हैं। तार टूटा तो इनमें आग तक लग सकती है। पास में ही पक्के शेडों का निर्माण किया जा रहा है। हाईटेंशन तारों की वजह से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा। अधिवक्ता संघ के सचिव भालेंद्र निषाद, अनिल गोपाल प्रजापति, पुष्पांजलि शुक्ला, अनुज शुक्ला, संतशरण त्रिपाठी, सौरभ मिश्रा आदि अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से भी इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।



अधिवक्ताओं के निर्माणाधीन शेडों के ऊपर से निकली एचटी लाइन। अमृत विचार

● **तार की वजह से नहीं बन पा रहे शेड, एसडीएम को पत्र**

## असलहा बनाने का कारखाना पकड़ा गया

**चित्रकूट।** भरतकूप पुलिस ने असलहा बनाने के कारखाने का भंडोफोड़ किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और निर्मित, अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस व उपकरण बरामद किए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह टीम के साथ इलाके में गश्त पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि चुन्नीलाल यादव उर्फ बाणासुर पुत्र वुकुवा डंडिया मजरा पहरा में आम के बाग में अवैध शस्त्र बनाने का कारखाना लगाए है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और चुन्नीलाल को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

बताया कि मौके से छह बने और तीन अधबने तमंचे, कारतूस, लोहे की भट्टी एवं उपकरण बरामद हुए। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई अजहर जमाल, बालकिशुन, कल्लू खां, आरक्षी संदीप लोधी, सतीश यादव, शिवम मिश्रा और दीपिका शामिल रहीं। वहीं पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होंगी।

## एक नजर

### चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार हुआ

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा कर दिया। 10 अप्रैल को रामबदन निवासी कर्वी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नौ अप्रैल की रात शिवरामपुर में किराये के मकान में सोते समय लाइट चली जाने पर उसने दरवाजा खोल दिया था। इसी दौरान किसी ने उसके दो मोबाइल चुरा लिए। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर आरोपी सुनील पुत्र चुनबादी निवासी रामपुरवा मजरा बैहार को मोबाइलों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### असलहे बरामद, दो गिरफ्तार हुए

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई श्यामदेव सिंह ने सुनील पाल पुत्र श्यामपाल निवासी ग्राम फूलकुमारी थाना कोतवाली देहात (बांदा) को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। एसआई राहुल पांडेय ने शरद सक्सेना पुत्र किशोर सक्सेना निवासी ऊंचा गंगा दरवाजा थाना कायमगंज (फर्रुखाबाद) को तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ा।

### जीआरपी में दर्ज मामले में सजा और जुर्माना

**चित्रकूट।** जीआरपी कर्वी में दर्ज एक मामले में न्यायालय सिविल जज (सी. डि.) एफटीसी ने पिंटू पुत्र जगदीश प्रसाद उर्फ बड़े निवासी शोभा सिंह का पुरवा को न्यायालय उठने तक की सजा और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा दी। अर्थदंड जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। मुकदमे के लोक अभियोजक हरिओम सिंह, विवेचक एसआई हेमंत कुमार सिंह, पैरोकार कांस्टेबल सुखविंदर सिंह और कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबिल सरिता देवी रहीं।

### बिजली की चपेट में आने से महिला बेहोश

**चित्रकूट।** आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आने से गुरुवार को एक ग्रामीण महिला बेहोश हो गई। जानकारी के मुताबिक, मानिकपुर के चमरौंहा अंतर्गत पयासीपुरवा में बारिश के बीच बिजली गिरने से महिला बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

# आस्था का केंद्र है जजावल माता का मंदिर


**नवरात्र का तीसरा दिन**

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नवरात्र में देवी मंदिरों में आस्थावानों की भीड़ उमड़ रही है। चारों तरफ वातावरण देवीमय हो गया है। प्राचीन देवी मंदिरों में दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचकर मनौती मान रहे हैं और भंडारे कर रहे हैं। राजापुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रगौली में देवी जजावल माता का प्राचीन मंदिर भी इस समय ग्रामीणों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि उनके बाबा-दादा भी इस मंदिर का इतिहास बताते थे कि यह सालों पुराना है। वैसे तो देवीभक्तों का यहां दर्शन के लिए आना पूरे साल लगा रहता है पर नवरात्र में भारी भीड़ उमड़ती है। यहां स्थित तालाब के प्रति लोगों में आस्था है। मान्यता है कि जो तालाब में स्नान कर जलाभिषेक करता है, जजावल माता उसकी मन्नत पूरी करतीं हैं। वहीं लगभग 10 बीघे के तालाब को क्षेत्र पंचायत रामनगर ने अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने की मंशा दिखाई थी।

हरप्रकाश मिश्रा, सुनील पांडेय, अजीत मिश्रा आदि ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने तालाब के भीटे पर खड़ंजा बनवाकर अधूरा छोड़ दिया, जिससे भक्तों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।



मंदिर के आसपास सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

● **देखरेख के अभाव में सूख गया तालाब, श्रद्धालुओं में रोष**

### जमीन से निकली थी मूर्ति

गांव निवासी ओमप्रकाश मिश्रा बताते हैं कि उनके पूर्वजों के द्वारा खेत की खुदाई करते समय हल से टकरा जाने पर मूर्ति प्राप्त हुई थी। पूर्वजों ने तालाब के पास एक वृक्ष के नीचे इसकी स्थापना कर दी थी। तब से क्षेत्र के लोग बड़ी श्रद्धा भाव से देवी मां की पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं।

### तालाब की दुर्दशा से रोष

अंशुमान पांडेय, बदल प्रसाद, धर्मपाल, रवि, शिवशंकर आदि श्रद्धालुओं में जजावल तालाब की दुर्दशा को लेकर नाराजगी है। इनका कहना है कि आधा अधूरा काम होने के कारण तालाब में अब पानी नहीं दिखता। इससे परंपराओं का निर्वाह नहीं हो पा रहा है। पूरा तालाब गंदगी से पटा पड़ा है। इसी तालाब से आसपास के मवेशियों, पक्षियों को पानी पीने को मिलता था।

## प्रभुनाम के जाप की महिमा बताई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में नौ दिवसीय रामकथा में गुरुवार को कथावाचक किशोरी शरण मधुकर ने प्रभुनाम के जाप की महिमा बताई। कहा कि जो सुख बैकुंठ में नहीं है, वह प्रभुनाम के जाप में है।

त्रेतायुग में जब मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम का इस धरा से अपने धाम जाने का समय आया और प्रभु सरयू नदी में जल समाधि लेने के लिए निकले तो अयोध्यावासी भी उनके साथ सरयू नदी की ओर चल दिए।

हनुमान जी एकांत में नाम का जाप करने बैठे थे प्रभु राम की नजर जब हनुमान जी पर पड़ी तो उनको आश्चर्य हुआ। हनुमान जी ने कहा कि प्रभु जो सुख आपके जाप और गान में है, वह सुख बैकुंठ में नहीं है। वहां तो सेवक बनकर ही रहना पड़ेगा।

## बतकही

### ...उड़ गई आंगन से चिड़िया, घर अकेला हो गया

फलाने जब चाय सुड़कता रहा और काफी देर तक चुप्पी नहीं तोड़ी तो मेरी बेचैनी बढ़ने लगी। जैसे कि मैं पहले ही बता चुका हूं कि जब जब फलाने जैसा मुखर आदमी चुप होता है तो उसके अंदर भावनाओं के बवंडर चलते हैं और इससे मुझे बेचैनी होती है। सो, मैंने उसकी चुप्पी के बुलबुले को फोड़ने की कोशिश की, काहे यार, कुछ बक नहीं रहे। फलाने ने मेरी ओर इस तरह देखा कि मैं उसकी आंखों का ताप सहन नहीं कर सका। फलाने बोला, तुमको दीन दुनिया से मतलब है कि नहीं। कितनी बड़ी घटना हो गई और तुम निर्विकार हो...। अरे, बताओगे भी, मैंने शांत स्वर में पूछा। फलाने बोला, अरे एक छात्रा ने रेप का शिकार होने के बाद अपनी जान दे दी, वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटकती रही पर नहीं दर्ज हुई। अब उसके घरवालों का कहना है कि पुलिस न्याय नहीं दे रही। क्या यह आज की व्यवस्थाओं पर चोट नहीं है। किस मुंह से हम खुद को प्रगतिशील कहते हैं। ...पर इसमें तो कोई शादी और दहेज वाला मामला भी सामने आ रहा है, मैंने प्रतिवाद किया। हां, यह भी सुनने में आ रहा है पर घरवाले जो कह रहे हैं, उसका पिता जो कह रहा है, उसके भी कुछ मायने हैं कि नहीं। और अगर यह शादी वाला मामला है तो इसमें तो वह युवक और भी ज्यादा दोषी हो जाता है, जिसने छात्रा को भरमाया। ...जो दोषी है, कोर्ट उसे सजा तो देगा ही, मैंने फलाने को समझाने की कोशिश की। हां जो भी दोषी होगा, उसे सजा तो मिलेगी ही पर एक जान तो चली गई। सोशल मीडिया और तथाकथित प्रगतिशीलता के इस दौर में भी किशोरियों, लड़कियों के साथ अन्याय मुझे विचलित करता है, फलाने ने अपना दर्द बयां किया। क्या प्रगतिशील होने, खुली हवा में सांस लेने का अधिकार सिर्फ लड़कों का है। क्या कोई किशोरी, किसी छात्रा के साथ कोई भी कभी भी अन्याय कर लेगा और अपने पैसे के दम पर व्यवस्थाओं को खरीदने का दावा करेगा, फलाने का सवाल वाजिब था। मैंने फलाने को शांत करने की एक बार और कोशिश की, हां यार। हमारे कानून इस मामले में सख्त भी हैं और असरदार भी, जरूरत इनको लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, उनकी जवाबदेही की है। ऐसे मामलों में अगर तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर ली जाए और बिना किसी पूर्वाग्रह के जांच की जाए तो बहुत सी जानें बच सकती हैं...। फलाने ने मेरी बात से सहमति जताई...पर यार। एक बात और है। वो क्या... फलाने का गुस्सा ठंडा होते देख मैंने राहत की सांस भरते हुए पूछा। कई बार ऐसे मामलों में सही लोग भी फंस जाते हैं। फलाने ने सहमति में सिर हिलाते हुए कहा, ठीक कह रहे हो पर ऐसा कम ही होता है। जब सबूत सामने हों, तो फिर कार्रवाई करने में हिचक भी नहीं होनी चाहिए। और फिर हम सबको अपनी न्याय प्रणाली में विश्वास करना चाहिए, जहां से अभी भी सबको आस बंधी है। बच्चियों, किशोरियों, युवतियों और विवाहिताओं के साथ होने वाले अत्याचार कई बार यह साबित कर देते हैं कि चाहे प्रगति की कितनी बातें करें पर मानसिकता अभी भी हमारी पुरुष प्रधान समाज की है। आए दिन बेटियों के साथ होने वाली घटनाएं विचलित कर देती हैं। विडंबना देखो, वैसे भी बेटी कब जहां पली बढ़ी वहां रह पाती है। ...और ऐसे में इस तरह की घटनाएं...उफ। हम लोग नवरात्र जैसो पर्वों में देवी पूजा करते हैं और दूसरी ओर इस तरह की वारदातें होती हैं। फलाने भावुक होकर शायर मुनव्वर राणा का शेर बुदबुदा रहा था, ऐसा लगता है कि जैसे खत्म मेला हो गया, उड़ गई आंगन से चिड़िया घर अकेला हो गया...।

# वकील ने चाकू दिखाकर धमकी देने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



अधिवक्ता रामकृष्ण।

**अमृत विचार।** अधिवक्ता रामकृष्ण ने कुछ लोगों पर उनसे गालीगलौज करने, हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि ये लोग उनसे एक मामले में पैरवी न करने का दबाव बना रहे थे।

अधिवक्ता ने बताया कि 11 अप्रैल की सुबह वह नवीन सब्जी मंडी गए थे। सब्जी खरीदने के बाद जब वाहन स्टार्ट करने लगे तो एक व्यक्ति अपने चार अज्ञात साथियों के साथ वहां आया और उनको जबरन रोक लिया। अधिवक्ता का आरोप है कि इस व्यक्ति ने उन पर एक मामले में अभियुक्त पिता-पुत्र की ओर से कोर्ट में पैरवी न करने और उनको सजा कराने के लिए दबाव बनाया। अधिवक्ता के अनुसार, जब उन्होंने अपने पेशे की जिम्मेदारी का हवाला देते हुए इस बात से इंकार किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि उन लोगों ने उनसे गालीगलौज की और मारपीट पर आमादा हो गए। इन लोगों ने चाकू दिखाकर हत्या करने की धमकी दी। अधिवक्ता का कहना है कि आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति है। अधिवक्ता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और अपनी, परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। अधिवक्ता रामकृष्ण ही रैपुरा थानांतर्गत गांव की रेप पीड़िता, जिसने आत्महत्या कर ली, के मामले में भी परिवार के वकील हैं।

# भक्तों ने की मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। भोर से ही जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी।

मुख्यालय स्थित मां चौरा देवी, गौरा देवी एवं दुर्गा देवी मंदिर परिसर में बुधवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। गुरुवार को चैत्र नवरात्र का तीसरा दिन है। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। आज मां चंद्रघंटा की पूजा रवि योग में किया जाएगा। रवि योग में सूर्य का प्रभाव अधिक होता है। ज्योतिषाचार्य पं. दिनेश दुबे बताते हैं कि मां चंद्रघंटा की पूजा करने से पाप नष्ट होगा, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी, दांपत्य जीवन खुशहाल होगा, यश और कीर्ति में वृद्धि होने के साथ ही जीवन के अंत में मोक्ष मिलता है। शुक्र ग्रह से जुड़ा दोष भी दूर होता है। उधर मंदिरों के अलावा घरों में कलश स्थापित कर महिलाएं पूजा अर्चना कर रही है। भक्त जगह-जगह दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा, आरती पाठ करने में व्यस्त रहे।

मंदिर परिसर में पूजा सामग्री और माला फूल की दुकानें श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगा रहे हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर परिसरों में महिला पुलिस सहित सादा वर्दी पुलिस को भी तैनात किया है। उधर सुभाष बाजार स्थित देवी पंडाल में बुधवार की रात से तीन दिवसीय रामलीला की शुरुआत हुई।



सुभाष बाजार स्थित देवी पंडाल में आरती करते पुजारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### ज्योतिबा फुले की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**चित्रकूट।** डॉ. आंबेडकर जयंती समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को समाजसुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बाबा साहब डॉक्टर बीआर आंबेडकर का जयंती समारोह भव्य तरीके से मनाने पर भी चर्चा हुई। शाम को पुरानी कोतवाली के सामने से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भैरों पागा रोड से होकर शंकर बाजार , नई दुनिया, कसहाई रोड, गल्ला मंडी ,ट्रैफिक चौराहा, इलाहाबाद रोड ,पटेल उत्सव भवन से वापस पटेल तिराहा होकर चित्रकूट इन्टर कालेज रोड, एलआईसी, सोनेपुर ,पुन बिजली पासी तिराहा होकर पुरानी बाजार धुस के मैदान पुरानी कोतवाली पर समाप्त हुई। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध, डॉ. ज्ञान चंद्र बौद्ध, दिनेश कुमार सनेही (जिलाध्यक्ष आभास महासंघ), विनोद कुमार ,मतगंजन प्रसाद ,दिनेश कुमार आर्टिस्ट ,राहुल अंबेडकर, गणेश शंकर विद्यार्थी ,अभिषेक वर्मा, मीरा देवी , दिनेश कुमार आर्टिस्ट शिवनारायन, विश्वदीप सुमन आदि मौजूद रहे।

### बेमौसम बारिश से किसान चिंतित

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील अंतर्गत कई गांवों में बेमौसम बारिश से किसान चिंतित हैं। सकरौंहा, चमरौंहा सहित कई गांवों में बीते दिनों हुई बारिश से गेहूं, चना, अरहर को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि कई दिन से मौसम खराब चल रहा है और इस वजह से फसलों पर संकट है। कई की फसल कट चुकी है तो बहुत से किसानों की फसल अभी भी खेत में है। ऐसे में उनके सामने संकट है।



बैठक को संबोधित करते जगदीश प्रसाद व्यास। अमृत विचार

### भाजपा की बूथ जीतो बैठक संपन्न

**मौदहा।** पश्चिमी मण्डल मौदहा की बैठक अजय तिवारी की अध्यक्षता तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम की उपस्थिति में गहबरा चौकी में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद व्यास संयोजक विधानसभा हमीरपुर ने बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजकों एवं पदाधिकारियों को संबोधित किया।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जलालपुर ब्रजमोहन ने बताया कि आरोपी सोवेंद्र निवासी उमरिया थाना जरिया को क्षेत्र के छेड़ी बेनी तिराहा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल प्रशांत कुमार शामिल रहे।

**ईद उल फितर** — कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई ईद की नमाज, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दी मुबारकबाद

# नमाज अताकर मांगी मुल्क में अमन और चैन की दुआ

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय सहित कस्बों और गांवों में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की और देश-प्रदेश के अमन चैन की दुआएं मांगीं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इनको त्योहार की बधाई दी।

जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नौ ईदगाह और 48 प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। एसपी अरुण कुमार सिंह ने शांतिपूर्ण और सौहार्द्र से त्योहार मनाए जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कोलगदहिया में ईद की नमाज हाफिज तौफीक अली ने ईदगाह में सुबह आठ बजे अदा कराई। हाजी रज्जन अली सदर अध्यक्ष गुलशन ए रजा ए मुस्तफा कमेटी ने प्रशासन और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। अन्य जगहों में भी ईद का त्योहार पूरे सौहार्द्र और भाईचारे से मनाया गया।

राजापुर संवाददाता के अनुसार, कस्बे की शाही मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच पेश इमाम मो. मोईन ने अदा कराई। सुबह साढ़े आठ बजे पवित्र रमजान माह की जुमा की नमाज में उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, सीओ निष्ठा उपाध्याय, नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे, एसओ मनोज सिंह, ईओ बीएन कुशवाहा, एसआई अनिल कुमार की उपस्थिति में शाही मस्जिद में कस्बा सहित सोतीपुरवा, मलवारा, सरधुआ, बरुआ, छीबों, बन्ना, गड़वारा, रायपुर, चांदी, सुरवल आदि से आए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने परंपरागत ढंग से नमाज अदा की। पैगंबर मोहम्मद साहेब से देश-प्रदेश में प्रेम, सद्भावना आपसी भाईचारा और अमन चमन के लिए दुआएं मांगीं। शाही मस्जिद के इमाम मोहम्मद मोईन ने बताया कि पवित्र रमजान के महीने में जो रोजेदारों ने एक माह तक रोजा रखकर इबादत की है। उन्होंने अपील की कि सभी एक दूसरे के घरों में जाकर भाईचारे के साथ गले मिलकर पुरानी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लें। ईद की नमाज के बाद अंजुमन गरीब नवाज अहले सुन्नत कमेटी राजापुर के अध्यक्ष अतहर नईम की अगुवाई में ईद मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें प्रबंधक नूरुल हक, कोषाध्यक्ष वसीम कुरेशी, उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सफीक, उप प्रबंधक वकीला परवीन आदि ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर शाबिर अली, , मेराजुल हक, मो. सफीक, मो. शमीम, रईस अहमद, मो. वसीम कुरैशी, मदार कुरैशी, मो. अली, मो. रफीक, मो. शकील, मो. हारुन, महबूब आबिद अली, साबिद अली, लाली खां, इद्दू बख्श, मेराज अहमद, मुनव्वर अली, बाबूजी, इस्लाम नईम, जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।



राजापुर में ईद की मुबारकबाद देते अधिकारी। अमृत विचार

## गेहूं की खड़ी फसल कटवाने का आरोप

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव के निवासी अधिवक्ता राजेंद्र सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसके परिवार के ही कुछ दबंग लोगों ने जबरन उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल को कटवा लिया है। बताया कि उक्त भूमि का मुकदमा दाखिल खारिज के अंतर्गत न्यायालय तहसीलदार राठ के यहां तथा घोषणात्मक वाद उप जिलाधिकारी के यहां तथा भूमि के संबंध में घोषणात्मक वाद सिविल जज में न्यायालय में विचाराधीन है। बताया कि उसके बटाईदार अनिल कुमार पुत्र हाल कुत्ता ने गेहूं की फसल को बोया था बताया कि जब फसल पक कर तैयार हो गई तो उसके परिवार के ही कुछ दबंग व्यक्तियों ने उसके बटाईदार अनिल कुमार के मना करने पर भी उसके खेत में खड़ी 30 क्विंटल गेहूं की फसल को कटवा लिया।


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कूष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्मांडा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-ऐं ह्रीं देव्यै नमः।

# ईद पर नमाज अता कर मांगी खुशहाली की दुआ

## अकीदत के साथ ईदगाह में पढ़ी गई विशेष नमाज, सांप्रदायिक सौहार्द के साथ जिले में मनाया गया त्योहार, दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। शहर की ईदगाह के मैदान में हजारों की तादात में लोगों ने ईद की विशेष नमाज अता करके मुल्क में अमन और तरक्की के लिए दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी गई।

बुधवार की शाम चांद दिखते ही ईद की तैयारियां शुरू हो गईं। गुरुवार को सुबह सुबह फज्र की नमाज के बाद से ही लोगों ने ईद की नमाज पढ़े जाने की तैयारी कर ली। कुछ बच्चों और बड़ों ने नमाज से पहले नए कपड़े पहने और महिलाओं ने पकवान बनाए। ईद की मुख्य नमाज सुबह 8 बजे बाबूलाल चैराहा स्थित ईदगाह में अदा की गई। मौलाना हबीब अहमद (हथौरा) ने खुत्बा और नमाज व मुल्क में अमन चैन की दुआ कराई। हजारों की संख्या में ईद की नमाज अता करने को लोग पहुंचे। यहां मौलाना ने नमाज और तकरीर में ईद के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कहा कि गरीबों के साथ ईद की खुशियां बांटे। लोगों में खुशियां बांटने का नाम ईद है। इसलिए गरीबों व जरुरतमंदों की खूब मदद करें। ये इंसानियत का भी त्योहार है। उन्होंने कहा कि ईद हमें इस बात की भी तालीम देती है कि हम अपने रब की रजा की खातिर इबादत करें। मुसलमानों को बुराइयों से बचने की जरूरत है। मुस्लिम समाज सामाजिक बुराइयों को दूर करके ही तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई पर ध्यान देने और इत्तेहाद के साथ रहने को कहा। मुसलमान नमाज की पाबंदी करें। हराम से बचें और हलाल की कमाई खाएं। मुल्क में अमन और तरक्की के साथ मुसलमानों की जायज तमन्ना पूरी करने, कारोबार में तरक्की होने, बीमारों को शिफा देने, बेगुनाहों की रिहाई कराने, हर मुसलमान को नमाज का पाबंद बनाने और आपसी भाईचारा बनाए रखने को दुआ की गई। नमाज खत्म होने के बाद लोग गले मिले और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई।



ईदगाह में ईद की नमाज अता करते अकीदतमंद। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनी ईद

ईद के मौके पर शहरी क्षेत्र के अलावा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद का त्यौहार परंपरागत आपसी भाईचारा व सौहार्द के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बबेरू, चिल्ला, बदौसा, नरैनी, पैलानी, अतर्रा, कमासिन, ओरन, समेत पूरे ग्रामीण इलाकों में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की। अमन चैन की दुआं मांगी गई। एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दावतों का सिलसिला भी सुबह से लेकर रात तक चलता रहा। जनपद के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी अकीदत व खुशी के बीच ईद का त्यौहार मनाया गया। पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही।



गले मिलकर ईद की बधाई देते बच्चे।

### डीएम-एसपी रहे मौजूद

शहर के हर गली चौराहे व मस्जिदों के सामने पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी चुस्त-रही। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा स्वयं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल ने लिया। डीएम और एसपी, एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।

## एक नजर

### चार ने जहर खाया

**बांदा।** शहर के कंचन पुरवा निवासी प्रिया (15) पुत्री जगपाल ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। तिंदवारी थाना क्षेत्र के भुजरख गांव निवासी अरविंद (25) पुत्र कैलाश ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कोर्रम गांव निवासी रविशंकर (22) पुत्र बालगोबिंद ने पिता की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव निवासी सुरेश (21) पुत्र राजेश ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दबंग ने की मारपीट

**नरैनी।** गिरवां थाना क्षेत्र के बछेही गांव निवासी जगमोहन ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी दो नातिन घर के अंदर सो रही थीं। तभी गांव का दबंग व्यक्ति घर के अंदर नशे की हालत में घुस गया। बड़ी नातिन ने शोर मचाया तो घर के अन्य लोग पहुंच गए। दबंग को पकड़ लिया। तभी दबंग ने परिजनों के साथ मारपीट करते हुए लहूलुहान कर दिया।

# रिश्वत मांगने पर प्रधान से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पीएम आवास दिलाने के लिए लाभार्थी से मांगे थे रुपये

**अमृत विचार।** डीएम ने नरैनी ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्हरका के सहायक विकास अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी कर प्रधान को पीएम आवास योजना के संदर्भ में 21 दिन के भीतर अपना स्पष्टीकरण डीपीआरओ को देने के लिए निर्देशित किया है।

डीएम द्वारा ग्राम पंचायत बिल्हरका के प्रधान को जारी नोटिस में कहा गया है कि गांव के छोटू पुत्र बड़ालाला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास में मंगल पटेल पुत्र रामरूप पटेल द्वारा योजना का लाभ दिलाने के लिए रुपए मांगे गए थे। इसकी जांच आख्या एसपी के पत्र द्वारा प्रेषित की गई है जिसमें उल्लेख किया गया है कि प्रथम किश्त चालीस हजार प्राप्त होने के पश्चात दूसरी किश्त का पैसा दिलाने के नाम पर मंगल द्वारा राकेश निषाद आदि से भी 50 हजार की मांग की गई थी। छोटू निषाद द्वारा उपलब्ध कराई काल रिकार्डिंग से स्पष्ट है कि मंगल द्वारा अधिकारी को पैसा देने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई है।

# टीम ने गरीब ग्रामीण का ढहाया घर

संवाददाता, नरैनी

- विधायक ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** राजस्व और पुलिस टीम ने न्यायालय में विचाराधीन चल रहे वाद से संबंधित गरीब ग्रामीण का घर गिरा दिया। पीड़ित अपने बच्चों के साथ खुले आसमान में रहने को मजबूर है। पीड़ित ने विधायक से मामले की शिकायत की है। विधायक ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

तहसील क्षेत्र के कटरा कालिंजर गांव निवासी शांति कुशवाहा पत्नी बब्बू व नीता पत्नी लवलेश कुशवाहा ने क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा को शिकायती पत्र देकर बताया है कि नायब तहसीलदार कालिंजर, हल्का लेखपाल और थाना प्रभारी कालिंजर बुधवार को सायंकाल उनके घर को जबरन गिरा दिया है तथा उनकी गृहस्थी का सामान थाना कालिंजर में रखवा दिया है। पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके साथ गाली गलौज और मारपीट भी की है। घर गिर जाने से प्रार्थिगण अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। बताया है कि जिस जमीन से कब्जा हटाया गया है उससे संबंधित वाद न्यायालय सिविल जज (जूडि) बांदा के साथ-साथ उपजिलाधिकारी नरैनी के न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रार्थियाओं के मकान को गिरा दिया है। पीड़ित पक्ष के प्रार्थना पत्र के अनुसार क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा ने उपजिलाधिकारी विकास यादव को पत्र लिखकर बताया है कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि अचल संपत्ति संबंधित वाद सक्षम न्यायालय में विचाराधीन हों तो ऐसे मामलों में न्यायालय के आदेश के बिना कोई कार्यवाही न की जाय। विधायक ने प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही प्रार्थियागणों का सामान पुलिस थाना से वापस दिलाते हुए न्यायालय के अंतिम निर्णय तक अग्रेतर कार्यवाही पर रोक लगाने की बात कही है।

# चिकित्सा अधीक्षक के साथ की मारपीट

संवाददाता, नरैनी

- सीएचसी में हंगामा कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार।** सीएचसी परिसर में शराब पीने से मना करने पर तीन तीमारदारों ने रात में जमकर हंगामा काटा और चिकित्साधीक्षक से मारपीट की। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है।

क्षेत्र के नगेलन पुरवा निवासी मंगल राजपूत पुत्र महेंद्र शाम को पत्नी का प्रसव कराने सीएचसी आया था। अस्पताल के अधीक्षक डॉ विपिन शर्मा ने बताया कि रात में साढ़े 11 बजे महेंद्र राजपूत एक अन्य युवक के साथ अस्पताल परिसर में शराब पी रहा था। उन्होंने मना किया। इसके बाद वे अस्पताल के अंदर चले गए और ड्यूटी कर रहे स्वीपर डालचंद की तलाश कर रहे थे। तभी आरोपी अंदर आ गए और गालियां बकने लगे। उन्होंने अपने फोन से वीडियो बनाना शुरू किया। इस पर तीनों युवक उनसे मारपीट करने लगे। शोर सुनकर स्टाफ के लोगों ने उन्हें बचाया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी मंगल राजपूत, इसके भाई राजू सिंह और राहुल पुत्र राजकिशोर को हिरासत में ले लिया।

# जयंती पर याद किए गए ज्योतिबा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कहा, फुले की समाज सुधार में अहम भूमिका रही
- महापुरुषों के विचारों पर चलने का किया गया आह्वान

**अमृत विचार।** समाजसेवियों ने गुरुवार को प्रख्यात समाज सुधारक ज्योतिराव फुले को उनकी जयंती पर याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। कहा कि उन्होंने समाज सुधार के लिए अहम भूमिका निभाई। महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, और सामाजिक समानता के लिए समर्पित उनका जीवन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

जजी चैराहा स्थित डा.भीमराव अंबेडकर पार्क में गुरुवार को समाजसेवी सुखलाल बौद्ध व आरपी चौधरी सहित अन्य समाजसेवियों ने महान संत ज्योति राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए उन्हे याद किया। कहा कि ज्योतिबा व उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले 19वीं सदी के महान समाज सुधारक दंपति रहे हैं। उन्होंने शिक्षा, जातिवाद, छूआछूत, विधवा उत्पीड़न एवं दलित उत्पीड़न के खिलाफ नव जागरण समाज सुधार आदोलन विकसित करने में मुख्य भूमिका निभाई। ब्राह्मणवाद की अमानवीय विचारधारा के दोनों आधार स्तंभ वर्ण व्यवस्था और पितृसत्ता के खिलाफ वैचारिक आधार तैयार किया। पितृसत्ता के कारण महिलाओं को बराबरी का दर्जा नहीं मिल पाया। दलित तबके के खिलाफ वर्ण व्यवस्था और बाद में जाति प्रथा के चलते शोषण का चक्रव्यूह रचा गया। आज जरूरत है ज्योतिबा फुले के विचारों पर आधारित सत्यशोधक समाज की स्थापना की जाए। एक जाति का दूसरी जाति और एक धर्म का दूसरे धर्म के खिलाफ नफरत और घृणा फैलाने का कारोबार बंद होना चाहिए। समानता और भाईचारे पर आधारित समाज की रचना किया जाए।

## दो लोगों ने ट्रेन से कटकर जान दी

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव के मजरा बगलन पुरवा निवासी शिवपाल (75) पुत्र भेला गुरूवार की सुबह खेत जाने के बहाने घर से निकल गया। नजदीक स्थित रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र रामबाबू ने बताया कि शिवपाल कुछ दिनो से बीमार था। उसे 27 मार्च को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्रोस्टेट का कैंसर बताया था। उसका कानपुर और जानकी कुंड अस्पताल में इलाज करवाया गया।

# डस्ट से बना रहे प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल

संवाददाता, नरैनी

- आयुक्त से ग्रामीणों ने की घटिया निर्माण की शिकायत
- कहा, जांच कराकर दोषीजनों पर की जाए कार्रवाई

**अमृत विचार।** सराय जदीद गांव में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने आयुक्त से की है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण की जांच की मांग की है।

तहसील के सराय जदीद गांव के प्राथमिक विद्यालय की चहारदीवारी के निर्माण में अनियमितता का मामला सामने आया है। मोरंग की जगह सफेद बालू एवं मानक के विपरीत अन्य सामग्री का प्रयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में चहारदीवारी एवं शौचालय का निर्माण कराए जाने का निर्देश हुआ है। इसके लिए ग्राम सभाओं को सीधे धन अवमुक्त किया गया है। गाइड लाइन के अनुसार बाउंड्रीवाल निर्माण में अच्छी ईंट, मोरंग और उच्च क्वालिटी के सीमेंट का प्रयोग होना चाहिए, लेकिन यहां विद्यालय परिसर में सीमेंट में मिलाने के लिए रखा गया सफेद बालू का ढेर अनियमितता की पोल खोल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ईंट भी घटिया लगाई जा रही है। गांव के मैनुद्दीन, मोसिम, बबलू, शहरुख, मुश्ताक, खलील, सहीना, साहिद आदि ने आयुक्त को पत्र लिख कर शिकायत की है कि निर्माण विद्यालय के प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है।



घटिया बाउंड्रीवाल का निर्माण दिखाता ग्रामीण। अमृत विचार

चुनावी तैयारी

## जिले के 11 मंडलों में आयोजित हुई भाजपा की कामकाजी बैठक, पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

# भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्ययोजना की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को सहेजने में जुट गई है। बैठक कर लोगों को जिम्मेदारी भी दी जा रही है। इसी क्रम में चुनावी समर में कमर कस कर केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनाने के प्रण के साथ जिले के 11 मंडलों में कामकाजी बैठक करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जनपद के 11 मंडलों पर गुरुवार को भाजपा की कामकाजी बैठक आयोजित हुई। सभी ने एक स्वर में कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नींव होते हैं। उनके ही दम पर पार्टी अपना प्रदर्शन करती है। लोकसभा चुनाव के लिए पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जुट जाएं। मंडलों की कामकाजी बैठकों में शक्तिकेंद्र स्तर पर नुक्कड़ सभा, शक्तिकेंद्र स्तर पर पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन, मंडल पदाधिकारियों की शक्तिकेंद्र पर बैठक, नामांकन सभा आदि प्रमुख विषयों पर चर्चा कर योजना बनाई गई। बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख तथा संपर्क प्रमुखों के पंच परमेश्वर सम्मेलन की योजना भी बनाई गई। जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि 20 अप्रैल को बांदा, 21 को नरैनी, 22 को बबेरू और 25 अप्रैल को तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में पंच परमेश्वर सम्मेलन आयोजित होगा। जबकि 14 अप्रैल को डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए टिफिन बैठक आयोजित की जायेगी। तिंदवारी मंडल की बैठक में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ भारत की छवि एक सक्षम और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर कर आई है।

पीएम मोदी की अगुवाई में 10 वर्ष रामराज्य की परिकल्पना को जमीन में उतारने वाले रहे हैं। इस मौके पर अखिलेश नाथ दीक्षित, देशराज सिंह, राजर्षि शुक्ला, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अनूप तिवारी उपस्थित रहे। इसी तरह हरदयाल डिग्री कॉलेज अतरहट में आयोजित पैलानी मंडल की बैठक में विधानसभा क्षेत्र संयोजक राकेश सिंह चैहान, आनंद स्वरूप द्विवेदी, अमित निगम आदि उपस्थित रहे। सिंधन कलां गांव स्थित राम मंदिर में आयोजित जसपुरा मंडल की बैठक में मंडल प्रभारी उत्तम सक्सेना, दिनेश यादव, अनूप सिंह शामिल रहे। मर्का मंडल की बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी रवि त्रिपाठी, अजय पटेल, मनोज पुरवार, चुनाव कार्यालय औगासी रोड बबेरू में आयोजित कमासिन मंडल की बैठक में लोकसभा सह प्रभारी मनोज शुक्ला, क्षेत्रीय सह संयोजक कार्यक्रम प्रमुख शैलेंद्र जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, केन्द्रीय चुनाव कार्यालय बांदा में आयोजित बांदा उत्तरी मंडल की बैठक में विधानसभा संयोजक राजकुमार राज, क्षेत्रीय सह संयोजक कानून एवं विधि विभाग तथा जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, आशीर्वाद मैरिज हॉल अतर्रा में आयोजित अतर्रा मंडल की बैठक में विधानसभा संयोजक राममूर्ति शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री गिरजेश तिवारी तथा जिला मंत्री देवेन्द्र भदौरिया, चुनाव कार्यालय नरैनी में आयोजित नरैनी मंडल की बैठक में लोकसभा संयोजक बालमुकुंद शुक्ला, सदस्य राज्य महिला आयोग प्रभा गुप्ता तथा जिला कोषाध्यक्ष संतू गुप्ता तथा ग्राम सढ़ा में आयोजित कालिंजर मंडल की बैठक में लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजनरायण द्विवेदी तथा जिला मंत्री अशोक कुशवाहा उपस्थित रहे।



पैलानी मंडल की बैठक में बोलते जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

### मोदी को फिर से पीएम बनाने का लिया संकल्प

शहर के सिविल लाइन स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में आयोजित बड़ोखर मंडल की बैठक में सभी ने नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। मंडल प्रवासी डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया की 14 अप्रैल को प्रत्येक गांव और बूथ स्तर पर आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रतिमा स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। बूथ के पंच परमेश्वर को सम्मानित किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व के कार्यक्रमों की समीक्षा की। अध्यक्षता कर रहे श्याम बाबू पाल ने बड़ी जीत दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर बलराम सिंह कछवाह, शिवम द्विवेदी, धीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सुरेश तोमर, शिवशरण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, सुल्ली महाराज, सौरभ तिवारी, देवीदयाल सिंह, शिवम गुप्ता, राहुल तिवारी, मनदीप तिवारी, हिमांशु सिंह,ओम प्रकाश, अनीस खान, अंकित सिंह, शैलेंद्र सिंह, राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बिजली से मकान में लगी आग, हड़कंप

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के लहुरेटा गांव निवासी शफीक पुत्र भूरा खान के घर में बुधवार को शाम आकाशीय बिजली गिरने से मकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण करते हुए पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मदद को पहुंच गए। दमकल को सूचना देकर ग्रामीण आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाते हुए आसपास के मकान बचा लिए। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के लगभग दो घंटा बाद दमकल कर्मी गांव पहुंचे। अग्निकांड में घर-गृहस्थी का सारा समान खाक हो गया। प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आरिफ ने नायब तहसीलदार हेमंत पटेल व लेखपाल रवि शंकर को घटना की जानकारी दी। लेखपाल ने मौका मुआयना कर अपनी रिपोर्ट तहसील मुख्यालय को सौंप दी। प्रधान प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को तत्काल दो हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की।



आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



ईदगाह में नमाज अता करते लोग।



नमाज के बाद मस्जिद के बाहर खड़े लोग।



सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते डीएम मृदुल चौधरी व एसपी अपर्णा गुप्ता।

# नए लिबास में पाकीजगी के साथ पढ़ी ईद की नमाज

## एक- दूसरे को खिलाई सेवई, गले मिलकर दी मुबारकबाद, देर रात तक मोबाइल पर चलता रहा बधाइयां देने का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में ईद का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की ईदगाह सहित अलग-अलग मस्जिदों में पाकीजगी के साथ ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के लिए सुबह से ही नमाजी नए लिबास पहनकर मजिस्दों में दाखिल हुए, जहां पर निर्धारित समय पर ईदुल फितर की नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद आपसी भाईचारा, देश में अमन चैन और मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी गई। सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात था।

ईदुल फितर की नमाज में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए लोग सुबह सात बजे से ही ईदगाह पहुंचने लगे थे, वहीं कुछ लोग मस्जिद की पहली शफ में जगह पाने के लिए सुबह से ही नहा धोकर नए कपड़ों के साथ पहुंच गए, जिसके चलते ईदगाह सहित मस्जिदों में भारी हुजूम उमड़ पड़ा। शहर की ईदगाह में काजी-ए-शहर सैयद आफाक हुसैन ने आठ बजे, शहर की जामा मस्जिद में हाफिज खालिक साहब ने सवा आठ बजे और शहर की मगरियापुरा की मस्जिद में हाफिज कारी सलीम साहब ने साढ़े आठ बजे ईदुल फितर की नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद एक साथ हजारों हाथ मुल्क की सलामती और आपसी भाईचारा कायम रखने के लिए उठे। दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद त्योहार की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद से देर रात तक व्हाट्सएप और फेसबुक और मोबाइल पर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा।

ईदुल फितर की नमाज के बाद एक दूसरे के घरों में जाकर लोगों ने सेवई खाई और गले मिलकर एक दूसरे को ईद त्योहार की मुबारकबाद दी। ईद पर्व पर हिंदू भाइयों ने मुस्लिमों के घर पर जाकर सेवई खाने के बाद उन्हें त्योहार की शुभकामनाएं देकर हिंदू मुस्लिम आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मुस्लिमों के यहां लोगों का आने जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

लोग अपने मित्रों के यहां जाकर त्योहार की मुबारकबाद देने में जुटे रहे, जिसके चलते मुस्लिम बहुल इलाकों में देर रात तक खासी चहलपहल नजर आई।

### प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के किए पुख्ता इंतजाम

ईद त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। इस दफा ईदगाह में नमाजियों के भारी हुजूम को देखते हुए पुलिस फोर्स के अलावा पैरामिलेट्री फोर्स भी तैनात रहा। इसके अलावा बड़े भूभाग में बने ईदगाह के कोने कोने में पुलिस कर्मचारी लगाए गए, जो मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते रहे। इसके अलावा महिला पुलिस फोर्स को भी लगाया गया। आग की घटना से बचाव के लिए पहले से ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मंगा दी गई थी। इतना ही नहीं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, सीओ सदर दीपक दुबे सहित तमाम अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ईदगाह में बिजली व्यवस्था की मांग

ईदगाह में बिजली के खंभे न होने से यहां पर बिजली लाइन नहीं खींची गई, जिससे ईदुल फितर, ईदुल अजहा व अन्य नमाजो में नमाजियों को गर्मी के दिनों में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शहर-ए-काजी ने जिला प्रशासन से बिजली खंभों की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है, जिससे शाम के समय ईदगाह मैदान में नशेड़ियों और अराजकतत्वों की आवाजाही पर रोक लग सके। उन्होंने कहा कि आप लोग भरपूत चंदा दीजिए ईदगाह के चारो तरफ बड़ी बड़ी सीढ़िया बनवाकर सीढियों में ही ईद की नमाज अदा कराई जाएगी।

### समाजसेवियों ने पंडाल लगाकर किया स्वागत

ईदगाह मार्ग में स्वयं सेवी संस्थाओं और राजनैतिक दलों ने जगह जगह पंडाल लगाकर ईदगाह से लौटने वाले मुस्लिम भाईयों को शर्बत, ठंडा पानी, चाय व नाश्ते का इंतजाम कर स्वागत किया और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। समाजवादी पार्टी, आल्हा परिषद के अध्यक्ष दाऊ तिवारी, मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित तमाम लोगों ने जगह जगह पंडाल लगाकर ईद त्योहार की शुभकामनाएं दी और एक दूसरे के गले मिलकर मुंह मीठा कराया। दाऊ तिवारी ने नमाजियों को इतर लगाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

# ग्रामीण अंचलों में भी अता की गई नमाज

**चरखारी।** कस्बा तथा आप पास के क्षेत्र में ईदुल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कस्बा चरखारी में ईद की नमाज तीन स्थानों में अदा की गई। नमाज ईदगाह में इमाम सर्फउद्दीन ने और जामा मस्जिद में हाफिज दानिश ने ईद की नमाज पढ़ाई। सिया समुदाय ने ईद की नमाज कर्बला स्थित मस्जिद में अदा की, जबकि ईदगाह तक न पहुंच पाने वाले नमाजियों ने कस्बा स्थति भाभा जू की मस्जिद में ईद की नमाज अदा की। पचराहा पर ईद मिलन तथा मुबाकरबाद के लिए कस्बा के संभान्त लोग मौजूद रहे तथा सभी ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाते हुए ईद की मुबारकबाद दी। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सीओ रविकान्त गोंड, एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना चरखारी गणेश प्रसाद गुप्ता भारी पुलिस के साथ पचराहा तथा ईदगाह में मौजूद रहे। इसके अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, सेवानिवृत्त अध्यापक आदित्यमणि शर्मा, पूर्व प्रधान अरविन्द राजपूत आदि मौजूद रहे।

**जैतपुर प्रतिनिधि के अनुसार** कस्बे में ईदुल फितर की नमाज ईदगाह में हाफिज असगर ने, बीज गोदाम के पीछे मस्जिद में हाफिज रहमत व जुगियाना में हाफिज जब्बार ने 8:15 बजे अदा कराई।

**खन्ना प्रतिनिधि के अनुसार** कस्बे में ईदुल फितर की नमाज लोगों ने सादगी के साथ अदा की। थाना परिसर में स्थित पुरानी मस्जिद में मौलाना मिस्बाहुल हसन ने ईदुल फितर की नमाज अदा कराई।



गले मिलकर दे रहे हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश। अमृत विचार

# डॉक्टर नियमित नहीं बैठते, मरीज भटकते

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधीक्षक की उदासीनता के चलते जिला अस्पताल महोबा में तैनात डॉक्टरों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे मजबूर होकर मरीजों को झांसी, छतरपुर आदि के अस्पतालों में जाना पड़ता है। इससे मरीजों का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है। जिले के अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे है और न ही निरीक्षण दौरान अनुपस्थित डॉक्टरों की जानकारी लेते हैं।



जिला अस्पताल महोबा। अमृत विचार

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में लगभग 50 फीसदी डाक्टरों के पद खाली हैं। यहां पर तैनात एनेस्थेसिया, हड्डी रोग, अल्ट्रासाउंड के डाक्टरों की स्थाई तैनाती है, लेकिन यह डाक्टर सप्ताह में मात्र दो दो दिन ही जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं देते हैं। मुख्य चिकित्साधीक्ष की मिलीभगत के चलते यह डाक्टर भारी भरकम वेतन पाने के बाद भी प्रतिदिन अपने कक्ष में बैठकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं दे रहे हैं, जिसके चलते न तो मरीजों के छोटे छोटे आपरेशन हो पाते हैं और न ही हाथ पैर टूटने पर उनका उपचार हो पाता है और न ही समय पर नियमित अल्ट्रासाउंड होता है। एनेस्थेसिया के न होने से जिला अस्पताल में बनी ओटी शोपीस बनकर रह गई है। कारण, बेहोशी करने वाले डाक्टर के नियमित न आने के कारण मरीज को आपरेशन के समय बेहोश न कर पाने के कारण उनका आपरेशन नहीं हो पाता है। सप्ताह में दो दिन आने वाले हड्डी रोग विशेषज्ञ पांच दिनों में हड्डी रोग के मरीजों को बिना उपचार के वापस लौटना पड़ता है।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- ट्रस्ट की बैठक में पदाधिकारी का किया गया चयन

**अमृत विचार।** दस मई को आयोजित किये जाने वाले भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाबत भगवान परशुराम सेवा समिति की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष मनोज शुक्ला के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सर्व सम्मति से पं. विपिन तिवारी को समिति का ज़िला प्रभारी व पं. अनुज तिवारी को समिति का ज़िला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ घोषित कर नई ज़िम्मेदारी दी गई। बैठक में सौरभ तिवारी, भागीरथ नगायच, आदर्श तिवारी, अनुज तिवारी, आलोक शर्मा, शिव कुमार गोस्वामी, आशीष त्रिपाठी, गोपाल शुक्ला , मयंक तिवारी, नितिन त्रिपाठी, पुनीत सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर युवाओं को आगे लाने को कहा गया।

# सुंदर नीति अपनाने से ही मोक्ष की प्राप्ति

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

- भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों को कराया ध्रुव की कथा का रसपान

**अमृत विचार।** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं. जितेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ध्रुव चरित्र की कथा सुनाकर भक्ति का ज्ञान कराया। कथा वाचक ने कहा कि सुंदर नीति अपनाकर ही व्यक्ति परम मोक्ष पाता है। स्वरुचि पर काम करने वाला वासना में लिप्त होकर विनाश का कारण बनता है।

कथावाचक गुरुवार को गंगेले भवन पर श्रोताओं को सुनीति अपने पर ईश्वर का स्नेही बनने की राह बता रहे थे। उन्होंने कहा कि राजा उन्तानपाद के दो रानियां सुरुचि व सुनीति थीं। ध्रुव सुनीति के पुत्र था। एक बार सुरुचि ने बालक ध्रुव को यह कहकर राजा की गोद से उतार दिया, कि मेरे गर्भ से पैदा होने वाली संतान ही गोद और सिंहासन का अधिकारी होगा। बालक ध्रुव अपनी मां के पास पहुंचा, मां ने उसे भगवान की भक्ति के माध्यम से लोक परलोक का सुख पाने का रास्ता सुझाया।





कथा कहते पं, जितेंद्र कृष्ण शास्त्री।

कथावाचक पं. जितेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि ध्रुव ने घर छोड़ दिया और वन में देवर्षि नारद की कृपा से ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र की दीक्षा ली। यमुना नदी के किनारे मधुवन में ध्रुव ने तप किया। इतने छोटे बालक की तापस्या से खुश होकर भगवान विष्णु न ध्रुव को धुरवलोक प्रदान किया। आकाश में दिखाई देने वाला ध्रुव तारा बालक धुरव का ही प्रतीक है। इस मौके पर रविकरन गंगेले, अंकित व्यास, सुरेश, किशुननारायण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रोड डिवाइडर से टकराई बाइक, दो की मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कानपुर-सागर हाईवे पर कबरई में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा कबरई में रात करीब आठ बाजे दो बाइक सवार एक डिवाइडर से टकरा गए, जिससे दोनों बाइक सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

थाना अजनर के ग्राम राजपुरा निवासी धर्मेंद्र राजपूत 20, अपने मित्र चंद्रशेखर 22 पुत्र बालादीन के साथ मोटरसाइकिल से बाया कबरई होते हुए अपने गांव राजपुरा आ रहा था। बाइक की रफ्तार अधिक तेज होने के कारण सड़क के बीच हाईवे पर बने डिवाइडर से बाइक टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर जाकर गिरे। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। खून से लथपथ होकर दोनों बाइकसवार सड़क पर पड़े थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक दोनों बाइक सवारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन दोनों शवों को देखकर जिला अस्पताल में ही बेहोश हो गए। मृतक के घरों में कोहराम मचा हुआ है।

# मुआवजे के सर्वे में सिर्फ 25 फीसदी गांव शामिल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल के मुआवजे को लेकर किसान खासा चिंतित है। किसी गांव को सर्वे में शामिल किया गया तो किसी गांव को सर्वे में छोड़ दिया गया, जिससे पचास फीसदी से ज्यादा किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा है। इससे किसानों में असंतोष व्याप्त है।

किसानों का कहना है कि ज्यादतर गांवों में ओलावृष्टि और बारिश से फसलें बर्बाद हुई हैं, जबकि 25 फीसदी गांव को ही सर्वे में शामिल किया गया है। 75 फीसद प्रभावित इलाका सरकारी सहायता से वंचित हो रहा है।

जिले में इस साल समय से बारिश न होने के कारण खरीफ फसल की बुवाई नहीं हो सकी है, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई। किसानों को रबी फसल से काफी उम्मीदे लगी हुई थी, लेकिन बेमौसम बारिश होने के कारण तमाम गांव की फसलें बर्बाद हो गई। मटर चना और राई की फसल तो खेतों की ही बिखर गई। कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए सर्वे में किसानों का कम नुकसान दर्शाए जाने से मुआवजा भी नाम मात्र का मिल रहा है, जिससे किसानों का बीज तक का पैसा मुआवजे से नहीं निकला है। अधिकांश गांव में रबी की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद होने के बाद भी सर्वे में शामिल नहीं किया गया, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।



फसल काटतीं महिलाएं। अमृत विचार

- ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हुई दलहन, तिलहन की फसल

### सर्वे में काली पहाड़ी गांव नहीं किया शामिल



ग्राम कालीपहाड़ी के किसान पुरुषोत्तम उपाध्याय का कहना है कि गांव में ओलावृष्टि से रबी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद भी कोई सर्वे करने ही नहीं आया और न ही इस गांव को मुआवजा की लिस्ट में शामिल किया गया है, जिससे यहां के किसानों में खासा आक्रोश पनप रहा है।

### मुआवजे के लिए लगा रहे हैं चक्कर



ग्राम छिकहरा निवासी वंशगोपाल यादव का कहना है कि यहां पर ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन मुआवजा नहीं मिल रहा है। मुआवजे के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

# सपा से नाता तोड़ व्यापारी नेता भाजपा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भागीरथ नगायच ने दर्जनों पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष के साथ भारी संख्या में व्यापारियों और उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिससे लोकसभा चुनाव में अब भाजपा प्रत्याशी को फायदा मिलेगा।

व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के साथ पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व गल्ला मंडी अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, व्यापार मंडल के जिला प्रभारी रवि साहू, जिलामंत्री उमेश लक्षकार, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रोली गुप्ता, प्रदेश मंत्री अजीत गुप्ता, नगर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नगर अध्यक्ष चरखारी आनंद स्वरूप, बार एसोसिएशन महोबा के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र अनुरागी सहित तमाम व्यापारियों में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ने बताया कि अभी और व्यापारी जल्द ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।



भाजपा की सदस्यता लेने के बाद खुशी जताते व्यापारी। अमृत विचार

**आस्था उमड़ी** | चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# मां चंद्रघंटा की आराधना कर मांगी सुख-शांति

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को सुबह पांच बजे से ही देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए मां के भक्त पहुंच गए। सुबह शाम मंदिरों में मां दुर्गा के जयकारे सुनाई देते रहे और महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले देवी गीतों ने शहर का माहौल भक्ति मय बना दिया। नवरात्र के तीसरे दिन मंदिरों व घरों में मां चंद्रघंटा से संबंधित कथा का भी बखान किया। महिलाओं ने कथा का श्रवण करने के साथ साथ पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थनाएं भी की।

चैत्र नवरात्र पर्व को गुरुवार को मां पार्वती के तृतीय रूप देवी चंद्रघंटा की श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों के अनुसार मां चंद्रघंटा का हिंदू धर्म में अधिक महत्व प्राप्त है। इनकी साधना से जहां एक तरफ मन को शांति प्राप्त होती है, तो वहीं दूसरी ओर इस खास अवसर पर इनकी साधना से जातक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा का रूप की बात करें तो मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है, इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। मां चन्द्रघंटा अपने प्रिय वाहन सिंह पर सवार रहती हैं और अपने दस हाथों में ढाल, गदा, पाश, त्रिशूल, खड्ग, तलवार, चक्र, धनुष के साथ तरकश लिए हैं। मां चंद्रघंटा की पूजा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जन्म जन्मी का डर खत्म हो जाता है और वह निर्भय बन जाता है। नवरात्र पर्व के तीसरे दिन भक्तों द्वारा देवी चंद्रघंटा की साधना की गई। देवी भक्तों द्वारा सबसे पहले स्नान किया और इसके बाद श्रद्धापूर्वक श्रद्धा पूर्वक देवी मंदिरों की तरफ रवाना हुई और देवी प्रतिमा के समक्ष घी के दीपक जलाएं इसके बाद कलश में गंगा जल मिला कर कलश में दूर्वा, सुपारी, सिक्का केसर चावल बेलपत्र डालें और मां को पीले फूल चढ़ाएं। दूध, दही, शहद, गुड़ घी का पंचामृत भी चढ़ाया। देवी भक्तों ने लाल अनार, गुड़ या गुलाब जामुन का भोग लगाएं साथ ही दक्षिणा चढ़ाई। पूजा अर्चना करने के लिए महिलाएं झुंड बनाकर शहर के देवी मंदिरों में पहुंची, जिसके चलते मंदिरों में खासी भीड़ नजर आई।



मंदिर में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधीक्षक कार्यालय सभागार में प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशन पर एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन का द्विवार्षिक जनपदीय अधिवेशन, चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद चित्रकूट धाम मंडल बांदा के अजय निगम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें सुभाषचंद्र अध्यक्ष और केलकरण सिह मंत्री व सुनील कुमार मौर्य कोषाध्यक्ष, निर्विरोध चुने गए। नवनिवाचित पदाधिकारी को डाक्टरों और कर्मचारियों ने बधाई दी। इसके बाद मंडल अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस के वर्मा की देखरेख व निर्वाचन अधिकारी अजय तिवारी एवं जिलाध्यक्ष शिवकुमार प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ व डीपीआरए जिला अध्यक्ष अतुल चौरसिया लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तथा संरक्षक राज्य कर्मचारी संघ परिषद सुनील सुनील शर्मा व मंत्री सुलेमान खान की उपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव दौरान डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज जो पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं अब इनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। कर्मचारियों, फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर संगठन को लड़ाई लड़नी पडेगी। अंत में उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर राम लखन, राम किशोर विश्वकर्मा ,देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।



शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# नमाज अता कर मांगी मुल्क में अमन-चैन की दुआ

## शहर के साथ कस्बों व गांवों में दिखीं ईद की खुशियां, कई स्थानों पर हुए ईद मिलन समारोह, एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर कस्बों व गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुशी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मनाई। जनपद में ईद पर कई स्थानों में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-फितर की बधाई दी। ईद को लेकर चारों तरफ खुशियों का माहौल दिख रहा था। छोटे बच्चों में दिखा खासा उत्साह ईद-उल-फित्र त्योहार को लेकर छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। वह सुबह में बड़ों के साथ नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे और ईद की नमाज अदा की। उसके बाद ईदी लेकर अपने दोस्तों के साथ एक दूसरे के घर जाकर सेवइयां खाईं। ईदगाह एवं मस्जिदों के पास भी पुलिस के जवान तैनात थे। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा जिले की सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करती रही। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह पुलिस बल एवं यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उधर कुरारा कस्बा स्थित ईदगाह में पूर्व चेयरमैन व सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सपा माया बाल्मीकि ने ईद मिलन समारोह का आयोजन कर मुस्लिम भाइयों को ईद की दिली मुबारकबाद दी। इस मौके पर मस्जिद के पेश इमाम, सलीम सिद्दीकी, राईस अहमद, हसमत, मेहंदी हसन, लालू, अज्जू गुप्ता, शिव शंकर यादव, हसन, पप्पू मिर्जा, डा. सिद्दीकी, घनश्याम बाल्मीकि, महेन्द्र कुमार आदि रहे।



कुरारा में ईद के मौके पर बधाई देतीं माया वाल्मीकि। अमृत विचार


गले मिलकर मुबारकबाद देते सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार


ईदगाह में गले मिलते बच्चे। अमृत विचार


ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

### भाईचारा एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाई ईद

**राठ (हमीरपुर)।** ईद उल फित्र का त्योहार मुसलमानों ने भाईचारा एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया। कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में हजारों की तादाद में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारक बाद दी। बुधवार की शाम आसमान में चांद का दीदार होते ही लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने लगे। गुरूवार की सुबह 8 बजे कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने ईद की नमाज अदा कराई। मुसलमानों ने नमाज अदा करते हुए देश की अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं घरों में भी महिलाओं ने नमाज अदा कर एक दूसरे को बधाई दी। प्रशासन की सख्ती के चलते सड़क पर नमाजी नमाज अदा नहीं कर सके। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। नमाज खत्म होते ही ईदगाह के बाहर खड़े नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे, सीओ दिलीप कुमार, कोतवाल उमेश कुमार सिंह, सफाई इंस्पेक्टर सोमदत्त चैरसिया, लिपिक विजय कुमार, सुरेश खेबरिया सहित अनेक लोगों ने गले मिल ईद की खुशियां मनाते हुए बधाई दी। वहीं समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी कछवा समेत राजपूत चंद्रवती वर्मा आदि लोगों ने मुस्लिम भाईयों के गले मिल मुबारकबाद दी। सुरक्षा को लेकर ईदगाह के बाहर भारी पुलिस बल आरपीएफ तैनात रहा।

# तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी से किसानों की धड़कनें तेज

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- फसलों को समेटने में जुटे किसान, दो-तीन दिन आंधी के साथ बारिश की संभावना

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने आगामी दो से तीन दिन मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। बुधवार रात तेज आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। लोगों के टीन टप्पर उड़ गए। देवी पंडाल भी उखड़ गए। यह देख किसान की धड़कने बढ़ने लगी हैं। वह फसलों को समेटने में जुटा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 व न्यूनतम 21 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

बीती शाम करीब साढ़े सात बजे तेज आंधी के साथ कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। लोगों के टीन टप्पर तेज आंधी में उड़ गए। कई स्थानों में सजे देवी पंडाल भी उखड़ गए। कुछ घंटों में मौसम साफ हो गया। जिसको देखते हुए गुरुवार सुबह से ही किसान खेतों की ओर दौड़ पड़ा। कटी पड़ी फसलों को समेटने में जुटा है। केवीके अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों हमीरपुर सहित बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कन्नौज, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, आगरा, फिरोजाबाद, जालौन, महोबा, झांसी में 11, 12 व 13 को बारिश का अलर्ट जारी किया है। दिन का अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 22 डिग्री रहा है।


रमजान अली।

कम्हरिया गांव निवासी रमजान अली ने बताया कि बीती रात मौसम बहुत खराब था। ऐसा लग रहा था कि बिना बारिश के मौसम साफ नहीं होगा। लेकिन, तेज हवाएं चलने से डेढ़ दो घंटे बाद मौसम साफ हो गया। कहा कि सुबह से ही गेहूं की थ्रेसरिंग कराने में जुटा हूं। किसी तरह दाना घर पहुंचे, मौसम को कोई ठिकाना नहीं है।


नसीब अली।

मांचा गांव निवासी नसीब अली ने बताया कि बीती रात तेज आंधी के साथ बूंदा बांदी हुई है। समाचार में दो तीन दिन मौसम खराब रहने के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की जा रही है। कहा कि अभी गेहूं की फसल कटने को खड़ी है।

# घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़खानी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** घर में गहरी नींद में सो रही महिला के साथ गांव के ही दो युवकों ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी। महिला के जग जाने पर शोर करने पर यह भाग निकले। पीड़िता के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने खेतों में गेहूं की कटाई करने के बाद रात में गहरी नींद सो रही थी। तभी गांव की ही युवक मनोज और सरोज ने महिला के साथ छेड़खानी की। पीड़िता के भाई ने बताया की बहन के कपड़े खींचने पर जग गई और चिल्लाने लगी। तभी युवक के साथी अर्जुन आया और मनोज व सरोज को लेकर धमकी देते हुए चला गया। पीड़िता के भाई ने बताया कि रात के समय 112 नंबर डायल करके फोन किया गया था। घटनास्थल से दोनों युवक पुलिस से बचकर निकल गए।

गुरुवार को कोतवाली पहुंच थाना प्रभारी को तहरीर देकर न्याय की मांग की है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है इसके उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी से छेड़खानी की पुलिस से शिकायत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के चाचा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार को तीन बजे उसकी 13 वर्षीय भतीजी घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी हिमांशु घर में घुस गया और भतीजी के साथ मारपीट कर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर लोगों के एकत्र होने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

# मौदहा कस्बे में दिखा ईद का उत्साह

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मुल्क की खुशहाली व अमन चैन की दुआ मांगने को उठे हजारों हाथ
- चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल रहा तैनात, पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार कस्बे सहित क्षेत्र में भारी उत्साह के साथ मनाया गया। जिसके चलते चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने स्वयं ईदगाह पहुंच कर व्यवस्था देखी और अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वहीं नमाज़ में मुल्क के अमन चैन की दुआएं मांगी गई।

चांद के दीदार के साथ मनाया जाने वाला मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार ईद को लेकर कस्बे सहित क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया और बुधवार की शाम चांद दिखने के साथ ही बाजारों में खासी भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों ने जमकर खरीददारी की जिसके चलते कस्बे की मुख्य बाजार में पुलिस बल की खासी तैनाती की गई थी। वहीं गुरूवार की सुबह ईद की नमाज़ को लेकर कस्बे की मुख्य मस्जिदों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे, तहसीलदार बलराम गुप्ता और उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र स्वयं ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों और कस्बे की गलियों में भ्रमण कर व्यवस्था देखा। जबकि क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी नमाज़ के साथ ही त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस बल के कस्बे में भ्रमण करते रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम ने स्वयं ईदगाह पहुंच कर व्यवस्था देखीं । ईद को लेकर उमड़ने वाली भीड़ और वाहनों की बढती संख्या को देखते हुए यातायात पुलिस के जिम्मेदार भी मुस्तैद रहे। कस्बे की ईदगाह में शहर इमाम करामत उल्लाह ने तय समय पर नमाज़ पढाई।


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

# गति तेज होने से पलटा ट्रैक्टर, चालक घायल

**हमीरपुर।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शीतलपुर निवासी अंशुल तिवारी (26)पुत्र कुलदीप तिवारी गुरुवार को ट्रैक्टर का भाड़ा लाद कर पड़ोसी जनपद कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल गया था। लौटते समय बरीपाल स्टेशन समीप मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया जिसमें ट्रैक्टर चालक अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सजेती थाना पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए कानपुर भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### 17 अप्रैल को लगेगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**हमीरपुर।** श्री सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड, चित्रकूट की ओर से सुमेरपुर विकासखंड के उजनेड़ी गांव स्थित कृषक भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के संयोजक कृषक भारती विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवनाराण यादव ने बताया कि 17 अप्रैल को प्रात: 9 से 1 बजे तक शिविर आयोजित होगा। नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए उसी दिन चित्रकूट रेफर किया जाएगा। बताया कि ऑपरेशन के लिए आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। वहीं मरीज के पास घर के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर होना जरूरी है। नि :शुल्क ऑपरेशन के एक महीने पश्चात् फॉलोअप में नि :शुल्क चश्मा मिलेगा। जबकि इसके पूर्व नेत्र परीक्षण के दौरान चश्में रियायती दर में मिलेंगे। नेत्र परीक्षण के दौरान सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क पहनना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल नंबर 9450265732 पर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

### तीन लोगों पर मारपीट करने की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में युवक के ऊपर गुटखा थूकने का विरोध करने पर गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के बिलौटा गांव निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मैं ई रिक्शा में बैठकर घर आ रहा था तभी कस्बा कुरारा निवासी बउरा, बबलू पुत्रगण बाबूलाल विश्वकर्मा व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे ऊपर गुटखा थूक दिया वही मैंने विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर मारपीट करने लगे वही बीच बचाव करने मेरी पत्नी ममता आयी तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे। जिससे उसे गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बैंक मित्र से हुई लूट का आरोपी गिरफ्तार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पिछले वर्ष कस्बे के देवगांव मार्ग में बैंकमित्र के साथ हुई लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है। फरार आरोपी पर पुलिस अधीक्षक की तरफ से 15 हजार का इनाम घोषित कर रखा गया था। बीते वर्ष 26 दिसंबर को कस्बे के देवगांव मार्ग में बालू डम्प के समीप आधा दर्जन बाइक सवार बदमाशों ने कैश लेकर देवगांव जा रहे कुण्डौरा निवासी बैंक मित्र में सुशील सिंह को रोककर नगदी, लैपटॉप, मोबाइल आदि लूट लिया था। पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद चार युवकों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया था। इसके बाद दो और आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा। बुधवार को पुलिस ने घटना में शामिल सातवें आरोपी भोलू उर्फ शिवांशु सिंह निवासी बसिला थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को एक अदद तमंचा 315 बोर एवं कारतूस के साथ पैलानी तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की ओर से फरवरी माह में 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान थाना पुलिस के साथ एसओजी टीम मौजूद रही।

### खेत पर मिला शव लखनापुरवा के युवक का निकला

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बुधवार को दोपहर में एचयूएल के पीछे खेतों में गिरे पड़े मिले मृत युवक की शिनाख्त कस्बे के युवक के रूप में हुई है।कस्बे के वार्ड संख्या एक लखनापुरवा निवासी गोपी यादव ने मृत युवक की शिनाख्त अपने पुत्र भारत यादव (26) के रूप में की है। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता था और सुबह घर से मजदूरी करने जाने की बात कहकर निकला था। शाम को घर न आने पर देर शाम जब खोजबीन की गई तो कुछ लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि भारत नाम का एक युवक मृत मिला है। मोर्चरी जाकर देखा तो वह लाश उसके पुत्र की थी। परिजनों के अनुसार मृत युवक नशे का भी लती था। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

# बाइक की टक्कर से चार लोग घायल

**हमीरपुर।** पड़ोसी जनपद फतेहपुर के निवासी अशोक कुमार ने सुमेरपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते रोज बुधवार की शाम वह बाइक से पूजा, खुशबू व शिवांश को लेकर सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधपुर अपनी ससुराल जा रहा था। तभी अतरईया मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक सवार बलराम व रामबली ने टक्कर मार दी। टक्कर से वह तथा उसके साथ बाइक पर बैठे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आजादी के संघर्ष के महत्व के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने सुमनांजली देते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले सही अर्थों में समाज सुधार और शैक्षिक विकास के अग्रदूत थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

इनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में ज्योतिराव फुले और चिमनाबाई के घर हुआ था। ये प्रारंभ से ही क्रांतिधर्मी थे। 13 वर्ष की उम्र में उनकी सावित्रीबाई फुले से शादी हो गई। 1848 में फुले ने महाराष्ट्र में स्त्री शिक्षा के विकास के लिए पहला विद्यालय खोला, पढ़ाने के लिए महिला शिक्षिका नहीं थी। ज्योतिबा ने खुद सावित्रीबाई को शिक्षित किया। इस तरह सावित्रीबाई देश की पहली महिला शिक्षिका बनी। पति-पत्नी दोनों ने उस समय की अनेक सामाजिक तानो, अपमानों एवं बाधाओं का सामना करते हुए दलितों एवं वंचितों का समग्र विकास किया। 1873 में फुले ने महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज की स्थापना की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा की आवश्यकता बताई। ये बाल विवाह के विरोधी और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे। इन्होंने गुलामगिरी नामक कृति सहित कई पुस्तकें लिखी, फुले की सामाजिक सेवा की देश भर में प्रशंसा हुई, इसी के फलस्वरूप मुबई की एक विशाल सभा में 1888 मे विट्ठलराव वंडेकर ने फुले को महात्मा की उपाधि से नवाजा। कालांतर में 28 नवंबर 1890 को ज्योतिबा फुले का निधन हो गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार गुप्त, दिलीप अवस्थी, पंकज सिंह, संतोष, प्रेम, प्रिन्स आदि रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन। अमृत विचार

### राठ में भी मनाई गई ज्योतिबा फुले की जयंती

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के मुगलपुरा मोहल्ला में सैनी माली समाज ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भगवती प्रसाद माली ने बताया कि महात्मा जी का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के कत्गुन गांव में हुआ था। वे समाज सुधारक, विचारक, समाजसेवी दार्शनिक व क्रांतिकारी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। इस दौरान सैनी माली समाज के जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद, डॉ मोतीलाल, मनमोहन, रामकिशोर माली, राजाराम, राजेंद्र कुमार, मानिक सैनी, नरेश कुमार आदि रहे।

शॉर्ट सर्किट से घटनाएं ज्यादा | 20 दिनों में 110 घटनाएं, 12 लाख की आबादी की सुरक्षा 43 दमकल कर्मियों के भरोसे

# फसलें जल रहीं और स्टाफ की कमी से जूझ रहा अग्निशमन विभाग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में बदन को झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो गई है। लू के थपेड़ों के बीच इन दिनों जरा सी चूक में खेतों में खड़ी सूखी फसलें जल रही हैं। इसके पीछे बिजली के जर्जर तारों का होना मुख्य कारण माना जा रहा है। पिछले 20 दिनों में 110 आग की घटनाएं जिले में हुई हैं। जिसमें करोड़ों की संपत्ति जलकर खाक हो चुकी है।

इन दिनों भीषण गर्मी के साथ लू चलने लगी है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान की अधिकता से आग की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। गांवों में खेतों की ओर गईं बिजली की वर्षों पुरानी लाइनें सूखी खड़ी फसलों में गिर रही हैं। इससे अन्य सालों की तरह फसलों के जलने का क्रम जारी है। पकी फसलों में सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं फसल को है।

वहीं तमाम रिहायशी मकान भी जले हैं। दमकल दस्तों को दूर के इलाकों में पहुंचने में समय लगने से खासा नुकसान होता है। जिले में पिछले 20 मार्च से पारा चढ़ने पर आग की 110 घटनाएं हुई हैं। जिसमें सर्वाधिक 33 सदर तहसील, मौदहा में 31, राठ में 30 व सरीला में 13 घटनाएं हो चुकी हैं। मौके तक पहुंचने में खराब रास्तों से गुजरने के कारण अक्सर देरी होती है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी रेहान अली ने बताया कि मुख्यालय के अग्निशमन कार्यालय में दो बड़ी व एक छोटी दमकल गाड़ी है। जबकि सुमेरपुर चौकी व मौदहा कोतवाली में एक-एक बड़ी गाड़ियां हैं।

इसके अलावा राठ, जरिया व बिवांर में एक-एक छोटी गाड़ियां है जो आग की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचने का प्रयास करती हैं। स्टाफ के नाम पर 87 पद सृजित है। जिसमें वर्तमान में 43 कर्मचारी कार्यरत है।

महकमा संसाधनों की कमी बताकर पल्ला झाड़ लेते है। आग की कई बड़ी घटनाओं के बाद भी अग्निशमन विभाग का रवैया पहले की तरह ही है। हर बार की तरफ संसाधन व कर्मियों की कमी का रोना है। इसलिए इस मौसम में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। अप्रैल शुरू होते ही जिले में पछुआ हवा ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। जिले की मौदहा, राठ व सदर तहसील में स्थायी अग्निशमन केंद्र बने हुए है। जबकि सरीला तहसील में अस्थायी केंद्र बनाकर कर्मचारियों की तैनाती की गई हैं।

कुल 43 कर्मचारी के भरोसे 12 लाख की आबादी को बेहतर सेवा मुहैया कराने के दावे किए जा रहे है। जिले में अग्निशमन विभाग के चार केंद्रों के लिए 87 कर्मियों की आवश्यकता है। लेकिन 44 पद रिक्त चल रहे है।


अग्निशमन विभाग में खड़ीं दमकल गाड़ियां। अमृत विचार

### इन थानों में संचालित हैं अस्थायी अग्निशमन केंद्र

मुख्य अग्निशमन अधिकारी रेहान अली ने बताया कि जरिया, बिवांर, सुमेरपुर के फैक्ट्री एरिया चौकी में गाड़ी है। इन सभी में छोटी गाड़ी है।

### ऐसे तैनात किए गए वाहन

हमीरपुर सदर तहसील में तीन गाड़ी है। जो 4500 लीटर, 2500 लीटर के साथ एक 500 लीटर की हाई प्रेशर गाड़ी है। वहीं मौदहा और राठ में 2500 लीटर की गाड़ी है।

> सीमित संसाधनों से आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने की हर संभव कोशिश की जाती है। स्टाफ की कमी होने की दिक्कत होती है। फिर भी जरूरत पड़ने पर पूरे स्टाफ से काम लिया जाता है। स्टाफ व संसाधनों की कमी पूरी करने के लिए कई बार पत्र भेजे गए है।
>
> –रेहान अली, सीएफओ



### बीते वर्ष हुई आग की घटनाएं

| वर्ष | घटनाएं | मृत्यु |
|---|---|---|
| 2021 | 174 | 01 |
| 2022 | 148 | 00 |
| 2023 | 107 | 04 |

### आंकड़ों पर एक नजर

| पद नाम | स्वीकृति | रिक्त | उपलब्धता |
|---|---|---|---|
| अग्निशमन अधिकारी | 03 | 03 | 00 |
| अग्निशमन द्वितीय अधिकारी | 04 | 04 | 00 |
| लीडिंग फायरमैन | 07 | 00 | 08 |
| फायर सर्विस चालक | 07 | 01 | 06 |
| फायरमैन | 53 | 26 | 27 |
| फालोवर | 07 | 06 | 01 |
| सफाई कर्मी | 03 | 02 | 01 |
| एएसआईएम | 03 | 03 | 00 |

# जंगल में लगी आग, पांच हेक्टेयर भूमि पर उगे पेड़-पौधे हो गए खाक

## चकरनगर क्षेत्र में गोपालपुरा के जंगल में हुई घटना, दूसरे दिन सुबह पाया जा सका आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चकरनगर क्षेत्र के गांव गोपालपुरा के पास जंगल में बुधवार की देर शाम अज्ञात कारणों से आग लग गयी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के साथ 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे दिन गुरुवार सुबह आग पर काबू पाया। तब तक पांच हेक्टेयर किसान की बंजर भूमि और सेंचुअरी जंगल में खड़े पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए।

गुरुवार सुबह पहुंचे एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया ने आग की घटना की गहनता से जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए। बुधवार को इटावा जनपद के बीहड़ क्षेत्र चकरनगर के पालीघार के जंगल में शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने के समय तेज आंधी चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया और गोपालपुरा गांव के जंगल को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची चकरनगर फायर ब्रिगेड टीम ने आग का विकराल रूप देखकर उसके हाथ पांव फूल गए। बाद में उसे इटावा से दूसरी फायर गाड़ी बुलानी पड़ी। दो फायर ब्रिगेड, सेंचुअरी विभाग, राजस्व विभाग के साथ पालीघार और गोपाल पुरा गांव के 2 सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे दिन सुबह आग पर काबू पाया जा सका। तब तक करीब 5 हेक्टेयर किसान की बंजर भूमि और सेंचुअरी जंगल में घास-फूस सहित पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए। जंगल में आग की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गयी है। गुरुवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने संबंधित सेंचुअरी विभाग सहित राजस्व विभाग की टीम को मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जंगल की काफी भूमि जली है, जिसकी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए।

### छप्पर में लगी आग, बाइक व गृहस्थी जली

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव महामई में बुधवार की शाम को आई आंधी के दौरान चूल्हे की चिंगारी से घर के छप्पर में लग गई। आग के कारण एक बाइक समेत घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया घर में बंधी भैंस को लोगों ने बचा लिया। महामई गांव से लोग शिकोहाबाद के एक मंदिर में झंडा चढ़ाने गए थे। श्रीकृष्ण कठेरिया का परिवार भी शामिल था। बताया गया है कि यहां सांयकाल बारिश के साथ आई आंधी में उनके घर के चूल्हे की राख से कोई चिंगारी उठी और घर के छप्पर में आग पर जा गिरी जिससे आग लग गई। आग लगने की जानकारी मिलने पर गांव के लोग दौडकर मौके पर पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने वहां बंधी हुई भैंस को किसी तरह बचा लिया। बाल्टियों से पानी मिट्टी रेत डालकर आग पर काबू करने की कोशिश की गई किंतु तब तक घर में रखी एक बाइक और साइकिल तथा गृहस्थी का लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया था। प्रधान प्रतिनिधि गोविंद पांडेय ने बताया कि आग लगने से तकरीबन एक लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आर्थिक मदद की अपील की है। मौके पर पहुंचे लेखपाल माजिद खान ने जाँच पड़ताल की।

# फाल्ट से 23 घंटे तक ठप रही बिजली की सप्लाई

संवाददाता, बकेवर-इटावा

- करीब एक सैकड़ा से अधिक गांव रहे अंधेरे में

**अमृत विचार।** बुधवार शाम तेज हवा व बूंदाबांदी से बकेवर बिजली घर के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों की बिजली आपूर्ति फाल्ट के कारण 23 घंटे तक ठप्प रही। बकेवर बिजली उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति वाले करीब एक सैकड़ा से अधिक गांव की बिजली आपूर्ति के लिए बकेवर बिजली घर में 5 फीडर है। मंगलवार को टकरुपुर बिजली घर से 33 हजार की लाइन में फाल्ट होने के कारण जहां 5 घंटे तक समूचे क्षेत्र के लोगों को बिजली नहीं मिली, वहीं बुधवार की शाम हवा तेज हवा व हल्की फुल्की बूंदाबांदी के चलते लाइनों में फाल्ट के कारण बकेवर ग्रामीण बिजली घर से जुड़े तकरीबन एक सैकड़ा से अधिक गांव के लोगों को 20 से 23 घंटे तक बिजली नहीं मिली। हालांकि बिजली विभाग कुछ फीडरों के रात में आपूर्ति होने का दावा करता है। ग्रामीणों के अनुसार कहीं थोड़ी बहुत देर लाइट चलने के बाद बंद हो गई। बकेवर बिजलीघर में पांच ग्रामीण फीडर है जिनमें सराय जलाल, पटिया, लुधियानी, महेवा, व आरएल फीडर से तकरीबन एक सैकड़ा से अधिक गांव के बिजली आपूर्ति होती है। सराय जलाल फीडर 3 किलोमीटर तक में लाइन में करंट जा रहा था शेष अन्य गांव में जाने वाली लाइन भी फॉल्ट थी इस कारण सराय जलाल फीडर क्षेत्र के अन्य गांव सराय मिट्ठे, कुड़रिया किशनपुरा, इंगुर्री, धौरखा, रतनपुरा, गुलाबपुरा, विशुनामयी, आदि गांवों में बुधवार सुबह 11 बजे से लाइट ही नहीं आयीं।पूरी रात ग्रामीण लोगों को लाइट नहीं मिली। गुरुवार सुबह 10 बजे बिजलीं आपूर्ति मिल सकी। लुधियानी फीडर पर कुछ देर के लिए लाइट चलने के बाद ही बंद हो गई। जेई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तेज हवा के कारण फीडर लाइनों में फाल्ट हुए। जिनको देर रात में सही कराया गया।

# नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों ने चंद्रघंटा स्वरूप को पूजा

संवाददाता इटावा

- भक्तों ने माता को खीर का भोग अर्पित किया

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को जिले भर के देवी मंदिरों में माता के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की गई। माता को खीर का भोग अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना भी की गई। इस बार श्रद्धालुओं में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह है। मंदिरों के साथ घरों में भी माता की पूजा अर्चना की जा रही है वही प्रतिदिन देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रंगार भी किया जा रहा है। मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में माता की जय गुंजायमान हो रहे हैं।

नवरात्र के नौ दिनों में शक्ति के नौ स्वरूपों की भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। तीसरे दिन माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई माता चंद्रघंटा का स्वरूप कारक और कल्याणकारी है इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है माता की आराधना विशेष फलदाई मानी गई है इसलिए देवी भक्तों ने माता को खीर का भोग अर्पित कर ब्राह्मणों को दान दिया। माना जाता है कि खीर का दान करने से दुखों से मुक्ति मिलती है। मां कालीबांह मंदिर, लखना के कालका देवी मंदिर के साथ बलरई के ब्रह्माणी देवी मंदिर, चितभवन के मां कामाख्या धाम मंदिर पर काफी कम संख्या में श्रद्धालु माता के पूजन अर्चन के लिए पहुंचे। प्राचीन आनंदी देवी मंदिर पर माता का आकर्षक श्रंगार किया जा रहा है वही विशेष पूजा अर्चना भी हो रही है। चितभवन के मां कामाख्या देवी मंदिर पर भी प्रतिदिन माता का मनभावन श्रृंगार हो रहा है। मंदिर के पुजारी आरती उतार रहे है यहां पर भी दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आ रहे हैं।

# भाजपाइयों ने की चुनावी रणनीति पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- 38 विभागों के प्रमुख एवं सह प्रमुखों के साथ क्षेत्रीय नेतृत्व ने किया मंथन



बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 38 विभाग के प्रमुखों सह प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों के माध्यम से सतत जनता के सम्पर्क में रहती है और यही भाजपा की मजबूती का आधार है। 2024 की लड़ाई विकसित भारत बनाने के लिए है। इसके लिए बूथ पर परिश्रम करना होगा। बूथ पर मोर्चा लेने का काम बूथ अध्यक्ष करता है। मजबूत बूथ अध्यक्ष ही बूथ विजय का आधार होता है। मजबूत बूथ इकाई से फाल्स वोटर्स की पहचान आसानी से की जा सकती है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी व प्रत्येक कार्यकर्ता को काम देने और समीक्षा करने की रणनीति पर काम करना है। आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि वोटिंग में बहुत कम समय बचा है इस बचे समय मे हमें पूरे जी जान से जुटना है। आगामी संगठनात्मक अभियान हमें लोकसभा, जिला, मण्डल, शक्ति केंद्र व बूथ स्तर पर आयोजित करने है। लोकसभा स्तर पर हमें नामंकन सभा, व्यापारी सम्मेलन आयोजित करने है, जिला स्तर पर हमें प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, नव-मतदाता सम्मेलन आयोजित करने है, विधानसभा स्तर पर हमें बूथ सम्मेलन व सामाजिक सम्मेलन करने है, मोर्चाओ के सम्मेलन, प्रधान बीडीसी सम्मेलन, प्रभावी मतदाता सम्मेलन हमें मण्डल स्तर पर कराने है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से इटावा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, कानपुर देहात जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद इटावा प्रभारी कमलावती सिंह, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी,सह-प्रभारी बाबा बालक दास पाल, लोकसभा संयोजक नीरज पांडेय, सह-संयोजक राकेश पाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं औरैया प्रभारी आनंद सिंह, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, लोकसभा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, औरैया मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी, विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, सोशल मीडिया एवं हाईटेक प्रमुख आशीष चौहान सहित लोकसभा एवं इटावा सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन दीवार पड़ोसी की छत पर गिरी, मकान क्षतिग्रस्त

संवाददाता भरथना इटावा



निर्माणाधीन दीवार गिरने से क्षतिग्रस्त लेंटर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बुधवार की शाम हल्की बूंदाबांदी के साथ आई तेज आंधी की चपेट में आकर कस्बा के मोहल्ला मंडी रोड पर निर्माणाधीन दूसरी मंजिल की विशाल दीवार भरभरा कर पड़ोसी सभासद आरती यादव पत्नी सत्यदेव यादव की छत पर गिर गई। नवनिर्मित विशाल दीवार गिरने से पड़ोसी सभासद का लैंटर सहित पूरा मकान बुरी छतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही गिरने वाली दीवार की जद में कोई नही आया जिसके कारण एक बड़ा हादसा बच गया।

आंधी तूफान में नवनिर्मित विशाल दीवार छत पर गिरने पर गृहस्वामी 27 वर्षीय सभासद अनिता यादव अपनी सास मीरा 50 बर्ष,ससुर जयपाल सिंह 55 बर्ष 2 वर्षीय बेटा अर्जुन,पति सत्यदेव सिंह उर्फ सीटू,देवर सत्येंद्र सिंह यादव 24 बर्ष,ननद सरिता यादव सहित पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई और जोरदार धमाका के आबाज पर पूरा परिवार सहम गया। गृहस्वामी सभासद के पति सत्यदेव सिंह यादव ने बताया कि घटना के कुछ देर तक वे सहमें रहे कुछ देर बाद हिम्मत कर जब उन्होंने देखा तो उनके मकान का लैंटर व दीवारें बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई हैं जबकि मकान के आंगन में पड़ा लोहे का मजबूत जाल तक छतिग्रस्त होकर नीचे झुक गया है। दैवीय आपदा के दौरान घटित हुए हादसा की खबर मिलते ही राजस्व विभाग की टीम ने छतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया है।

# आंधी में टिनशेड उड़ा

**जसवंतनगर।** बेमौसम बारिश और आंधी के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश और आंधी के कारण ग्राम नगला लच्छी में गरीब महिला का आशियाना उजड़ गया है। महिला विमला देवी के घर की छत पर लगा टीन शेड तेज हवा के कारण उड़ गया। टीन से विमला देवी व उसकी एक बालिका परी घायल हो गए। टीन गिरने के कारण उनके घर में रखा गृहस्थी बसाने का सामान टूटकर व पानी मे भीगकर बर्बाद हो गया है। टीन शेड गिरते ही अफरातफरी मच गई।

दी मुबारकबाद | ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में हजारों लोगों ने पढ़ी ईद की नमाज

# खुशनुमा माहौल में अता हुई ईद की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, इटावा



ईदगाह में नमाज अता करते लोग।



नमाज के बाद ईद की मुबारकवाद देते लोग। अमृत विचार



बच्चों ने भी एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई।

**अमृत विचार।** ईद उल फितर का पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल में मनाया गया। हजारो मुसलमानों ने ईदगाह सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न मस्जिदों मे ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की जहां बधाई दी वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआ की।

सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना कमालुद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह ने अदा कराई। इस दौरान उन्होंने मुल्क, सूबे और शहर में अमनचैन की दुआ कर सभी लोगों से मिलजुल कर ईद मनाने की अपील की। नमाजियों का ईदगाह में पहुंचना सुबह से ही शुरू हो गया था, पूरी ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई जहां हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी। ईदगाह कमेटी द्वारा तैनात वालिंटियर ने ईदगाह भर जाने पर नमाजियों को विभिन्न मस्जिदों में भेजा। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था में सेकेट्री डॉ. मोहम्मद अफजाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी सहित समस्त कमेटी का सराहनीय योगदान रहा। नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। प्रशासन और पुलिस ने नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। ईद की नमाज विभिन्न मस्जिदों में अलग अलग समय पर हुई।

शाही मस्जिद में पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद की देखरेख में हाफ़िज़ एजाज़ अहमद, सिंग्नल वाली मस्जिद में मुफ़्ती अनस नूर, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में मौलाना ज़ाहिद रज़ा, मस्जिद शाहगंज में मौलाना वाजिद अली, मस्जिद जिन्नातों वाली में हाफ़िज़ तौसीक़ अली, शाही जामा मस्जिद में मौलाना अब्दुल्लाह असरी, मस्जिद पक्का तालाब में हाफ़िज़ फ़ैज़ान चिश्ती, मस्जिद गरीब नवाज में कारी वासिल रज़ा, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफ़िज़ शकील अहमद, मस्जिद छोटा पंजाबी कब्रिस्तान मौलाना मुहम्मद साद कासमी, मस्जिद मुहम्मदी तकिया आज़ाद गान मौलाना आतिफ रहमानी, मस्जिद काली कबरों में हाफिज मोहम्मद नसीर, मस्जिद अक्सा रामगंज में मौलाना तौफीक चिश्ती ने नमाज पढ़ाई। इसके अलावा कचहरी स्थित मस्जिद, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद पचराहा, मस्जिद जिन्नातों वाली सहित अनेक मस्जिदों में ईद की नमाज हुई।

अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नक़वी ने बताया कि शिया समाज की ईद उल फितर की नमाज चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में मौलाना सैयद अनवारुल हसन ज़ैदी ने अदा कराई। श्री जैदी ने कहा कि सभी मजहब के लोग मिलजुल रहें तभी देश मजबूत होगा। अल्लाह हमारे देश भारत को दुश्मनों की बुरी नजर से बचाये, देश और यूपी तरक्की करे और भारत की शान बरकरार रहे।डीएम अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शहर के कई प्वाइंटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात किया, मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये। नगर पालिका परिषद द्वारा मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम मोहल्लों में सफाई की व्यवस्था कर कलई का छिड़काव कराया गया। अधिकारियों व नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज से गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर हाजी कमर अब्बास, हाजी अरशद मरगूब, राहत अकील, शावेज नक़वी, तनवीर हसन, राहत रिजवी, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, खादिम अब्बास, मो. अल्ताफ, शफी अहमद, खादिम अब्बास, हाजी फजल यूसुफ, हाजी गुड्डू मंसूरी, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, पप्पू बशीर, मोनू बशीर, हाजी अजीम वारसी, वाई के शफ़ी, वहाज अली निहाल, जैनुल आबेदीन, कामरान खान, डॉ. अयाज अली, डॉ. मरगूब, हनी वारसी, मुमताज चौधरी ने मुल्क में सुख शांति के लिए दुआ की।

इसके अलावा जिले के जसवंत नगर, भरथना, बकेवर, इकदिल, लखना सहित अन्य मस्जिदो में जाकर लोगों ने नमाज अदा की। बाद में लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

## सार-संक्षेप



रंगोत्सव में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

**बांदा।** नटराज संगीत महाविद्यालय में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रंगोत्सव कार्यक्रम कलार्पण एवं संस्कार भारतीय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। नटराज संगीत महाविद्यालय में रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिसका प्रस्तुतीकरण बाल कलाकारों ने किया। इसी क्रम में छोटे-छोटे बाल कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसकी दर्शकों द्वारा ताली बजाकर सराहना की गई। नृत्य विधा जिला संयोजिका अनुपमा त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षित कलाकारों ने बहुत ही सुंदर ढंग से एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य पेश किए, जिसकी दर्शकों द्वारा जमकर सराहना की गई। इसके उपरांत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन राजेश तिवारी ने किया। कवि गोष्ठी में आने वाले कवियों में हरिनारायण मिश्र द्वारा होली गीत व चैत्री गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिस पर श्रोता जमकर झूमते नजर आए। इसके अलावा वेदांशी बाजपेयी, खुशबू, खुशी, आदर्श, अनन्या, अर्पणा, ईशा गुप्ता, महक सैनी, संगीत संयोजिका रंजना श्रीवास्तव ने हारमोनियम पर संगीत दी। लवन्या व तनिशा को पोस्टर मतदाता के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारतीय एवं पूर्व प्रधानाचार्य आनंद किशोर लाल ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ओमर वैश्य बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजय कुमार ओमर रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार सोनी ने किया। रंगोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय सह मंत्री दीनदयाल सोनी, मनोज मृदुल, स्मिता द्विवेदी, सुनीता प्रजापति, योगेश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



रासलीला के दौरान मयूर नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### माखन चोरी लीला पर दर्शक भावविभोर

**अतर्रा।** रासलीला के दूसरे दिन वृंदावन के कलाकरों ने माखन चोरी लीला का जीवंत मंचन करते हुए लोगों का दिल जीत लिया। मंचन देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। उधर, प्रवचन में कथा व्यास ने ईश्वर भक्ति का महत्व बताया। कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। कस्बा स्थित प्रसिद्ध देवस्थान गौराबाबा धाम में आयोजित श्रीकृष्ण लीला के दूसरे दिन वृंदावन के अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वामी डा. देवकीनंदन महराज की रास मंडली ने माखन चोरी लीला का मंचन किया। कान्हा की माखन चोरी की यह लीला चिकसोले वाली गोपी के यहां से आरंभ होती है। कन्हैया ने अपनी एक टोली बनाई, जिसमें में सुबल, मंगल, सुमंगल, सुदामा, तोसन आदि मित्र शामिल किए। इसको माखन चोर मंडली कहते हैं। कलाकारों ने जीवंत प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। उधर, देवकीनंदन महराज ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं भक्तों को सुख देने वाली हैं। संतन के संग लागी रे भजन के माध्यम से ऋषि और संतों की महिमा का बखान हुआ। इस दौरान मानसी कृष्ण व राधा रानी के मयूर नृत्य को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। रासलीला के दूसरे दिन के यजमान प्रतिष्ठित व्यापारी विंदा प्रसाद व ओमप्रकाश गुप्ता रहे। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, वेद निराला, लवकुश गुप्ता गुड्डा, मनीष गुप्ता, कुमार गौरव, गोपाल गुप्ता, संतोष जायसवाल, विवेक शिवहरे, शुभम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नीरज गुप्ता, भारत लाल गुप्ता, नवनीत गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, केशव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा के साथ पकड़ा

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के चंडौत गांव के पास से शिव सिंह उर्फ सुच्ची निवासी चंडौत को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जरिया प्रिंस दीक्षित ने बताया कि आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा है। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार, कांस्टेबल आनन्द कुमार,मनोज कुमार शामिल रहे।



नवसंवत्सर पर तिलक लगाते अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे। अमृत विचार

### भारत विकास परिषद ने नव संवत्सर धूमधाम से मनाया

**इटावा।** भारत विकास परिषद ने भारतीय नव संवत्सर 2081 को शास्त्री चौराहे के निकट राजीव दीक्षित के प्रतिष्ठान पर बड़ी धूमधाम से मनाया। परिषद के सदस्यों ने एक-दूसरे को तिलक लगाया और मिष्ठान खिलाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान की। भारत माता और स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा, संजय मिश्रा प्रान्तीय महासचिव पांचाल प्रान्त, इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, आशा राम मिश्रा, बीके सिंह, आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, राजीव लोचन दीक्षित सचिव और राजीव अवस्थी कार्यक्रम संयोजक ने माल्यार्पण किया और रोली चंदन से पूजन किया। उपस्थित सदस्यों ने वंदेमातरम का गायन किया। इन्द्र नारायण पाण्डेय ने बताया कि यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को भारतीय संस्कृति के अनुरूप आयोजित किया जाता है। आज के दिन ही राजा विक्रमादित्य सिंहासनारूढ़ हुए थे तभी से विक्रम सम्वत प्रचलित हुआ। राहगीरों को परिषद के सदस्य कुलदीप अवस्थी, अश्वनी कुमार मिश्रा, अत्रि दीक्षित,राज शेखर तिवारी कोषाध्यक्ष , दीपक शर्मा, नन्द कुमार यादव ने तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर परिषद् के ओम नारायण शुक्ला,राम मनोहर दीक्षित,सौरभ सक्सेना,विवेक रंजन गुप्ता, ओम रतन कश्यप सुग्रीव सिंह यादव, आदित्य प्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, बृजेश कुमार राठौर, श्रीमती ममता दीक्षित आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। अश्वनी कुमार मिश्रा ने सफल संचालन किया।

### तीन इंजेक्शन को मिलाकर लगाने से सिपाही बेहोश

**जसवन्तनगर।** बलरई थाने में तैनात सिपाही ने गले में दर्द की शिकायत होने पर एक मेडिकल स्टोर गया जहां पर दवा विक्री कर रहे एक सेल्समैन ने उसे मोनोसेफ़, मिकासिन और डेकाड्रोंन इंजेक्शनों को मिला कर लगा दिया। जिससे सिपाही आशू बेहोश होकर गिर गया। नाक और मुंह में से खून निकलता देख आनन फानन में साथ में आये और दूसरा सिपाही पुलिस गाड़ी से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया जहां पर उसे भर्ती कराया गया। डॉक्टर की टीम द्वारा कांस्टेबल का इलाज किया जा रहा है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए लक्ष्मीपति वर्मा

**इटावा।** जिला विकलांग एसोशियेशन के कार्यालय पर दिव्यांगों के मसीहा डा लक्ष्मी पति वर्मा की छटवीं व एम्स दिल्ली के डाक्टर राम तीर्थ अग्रवाल की द्वितीय पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रंद्वाजलि अर्पित की। इस मौके पर मुकुट सिंह यादव प्रेम शेकर यादव कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव सपा के लोक सभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे सपा महासचिव बीरू भदौरिया विकलांग एसोशिएशन के मंत्री संतोष कुमार त्रिवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



ईदगाह में ईद की नमाज अता करते अकीदतमंद। अमृत विचार



ईदगाह मस्जिद कालपी में ईद की नमाज अता करते लोग। अमृत विचार

# अता की ईद की नमाज, गले मिलकर दी मुबारकबाद

## ईदगाह में नमाज के दौरान मौजूद रहे डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी ईरज रजा, शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया पर्व

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** समूचे जनपद में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपंन हुई। नमाज को सकुशल संपंन करवाए जाने के लिए मस्जिदों के आसपास प्रशासन द्वारा पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किये गये थे। जिला मुख्य स्थित रामनगर झांसी रोड ईदगाह पर हजारों रोजेदारों ने नमाज अता की गई, नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी वहीं घरों पर विविध पकवान बने। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक ईरज रजा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। रामनगर ईदगाह पर 8.30 बजे नमाज अता की गई, जिसे हजरत मौलाना मुहम्मद मियां नदवी शहर इमाम ने अदा कराई। शहर की जामा मस्जिद बल्लभनगर बजरिया रोड प्रातः 9 बजे नमाज अदा की गयी, जिसे हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद तलहा साहब शहर इमाम जामा मस्जिद ने अता कराई तथा तिलकनगर कबाड़ी मार्केट पीरो वाली मस्जिद उरई में 7.45 बजे हाफिज अब्दुल मुही, हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल खालिक ने नमाज को अता कराई। इधर मदरसा अबूबकर उरई तिलकनगर (डढ़वा) में प्रातः 9.30 बजे हजरत मौलाना जैद ने नमाज को अता कराया। इसी प्रकार शहर की अन्य मस्जिदों में ईदुलफितर की नमाज अता की गयी। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अता कर देश की तरक्की और शांति के लिए दुआएं मांगी।

● लोगों ने घर- घर जाकर बधाई दी, सेवई खाकर मुंह मीठा किया



मुस्लिम युवक को गले लगाकर बधाई देते सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### कब्र पर फूल चढ़ाकर पढ़ा फातिहा

**कालपी (जालौन)।** ईद का पर्व कालपी में परंपरागत तथा धूमधाम पूर्वक मनाया गया। नगर की शाही ईदगाह सहित आधा दर्जन मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अता करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। विदित हो कि ईद का चांद दिखने के बाद खुशी का माहौल हो गया, गुरुवार की सुबह नए-नए परिधान पहनकर हजारों लोग शाही ईदगाह व मस्जिदों की ओर निकल पड़े। शुभान मस्जिद में सुबह साढ़े 7 बजे कारी नूरुद्दीन ने नमाज अता करवाई। मुड़िया गुंबद मस्जिद में पेश इमाम हाफिज दावर रजा तथा खजूर मस्जिद दमदमा में कारी अब्दुल समी की ने सुबह 8 बजे ईद की नमाज अता करवाई। खानकाह शरीफ में मौलाना अशरफ अहमद बरकाती ने सुबह साढ़े 8 बजे, शाही ईदगाह में मुफ्ती-ए-शहर मौलाना नजमुल हुदा ने ईद की नमाज अता करवाई। मीर मस्जिद अदलसराय के अलावा गुलौली गांव की मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। नमाज के बाद ईदगाह में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं के अलावा विधायक विनोद चतुर्वेदी, आशीष चतुर्वेदी, शिवम दाऊ, जगजीवन अहिरवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर अहमद, अजहर बाबा, दीवान अतीक सिद्दीकी, हाजी एहसान, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सलीम अंसारी आदि लोगों ने गले मिलकर लोगों को मुबारकबाद दी। नमाज के बाद तमाम लोगों ने प्राचीन कर्बला में धर्मस्थलों तथा अपने-अपने पूर्वजों की कब्र में फूल चढ़कर फातिहा पढ़ी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारी व अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहें।

### प्रत्याशियों ने दी ईद की बधाई

**उरई।** नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई देने के लिए बहुजन समाज पार्टी प्रत्यासी सुरेशचंद गौतम एवं इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने टेंट लगाकर अपने समर्थकों के साथ मुस्लिम समाज के लोगों का भव्य स्वागत किया और गले लगाकर ईद की हार्दिक मुबारकबाद दी। इस दौरान प्रमुख रूप से बसपा लोकसभा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम, बसपा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, मिथलेश बरसार, किशुनलाल पाल विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष हासिम अली, विधानसभा अध्यक्ष उरई अल्ताफ अहमद, रामसनेही बाबूजी, अवधेश निरंजन, शैलेन्द्र शिरोमणि पूर्व जिलाध्यक्ष, उदयवीर दोहरे नन्ना, संजय गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जबकि इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के साथ सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सपा प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, शैलेन्द्र शिरोमणि, धीरेंद्र सनी, सिंटू यादव, नत्थू सिंह कुशवाहा, वीरपाल सिंह यादव दादी पूर्व जिलाध्यक्ष, विनोद वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष उरई वेदप्रकाश यादव, वीरेन्द्र यादव, कमल दोहरे, आनंद यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सुरेंद्र यादव बजरिया, अशोक गुप्ता महावली के अलावा कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला, शहर अध्यक्ष रेहान सिद्दीकी, राजीव नारायण मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष, केके गहोई, कमल दोहरे, चौधरी श्याम सुन्दर पूर्व जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## नाले में गिरी गाय सुरक्षित निकाली

**कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद के कस्बा में गाय नाले में गिर गई थी, जिसकी खबर गौरक्षा दल मिशन अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी को दी गई। बताया कि गाय केदार धाम कुठौंद के पास नाले में पड़ी हुई है।

इस पर तिवारी ने बीडीओ कुठौंद गजेंद्र प्रताप सिंह को फोन लगाया लेकिन फोन उठा नहीं ,इस पर सूचना डीएम जालौन को दी गई। डीएम के द्वारा रेस्क्यू करने वाले लोगों के साथ प्रधान प्रतिनिधि मनोज दीक्षित कुठौंद पहुंचे।

गया को बाहर निकलवाया गया, इसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रवि कुमार तिवारी ने गाय का उपचार किया। गाय को नाले से बाहर निकालने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए और निकलवाने में मदद की।

# नवरात्र में जालौनी माता के दर्शन को उमड़ते हैं हजारों श्रद्धालु

संवाददाता माधौगण, जालौन

**अमृत विचार।** जालौन की सिद्धपीठ मां जालौनी में नवरात्र में भक्तों का रेला उमड़ता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त सच्चे मन से माता के दर्शन करते हैं माता उन्हें सांसारिक सुख प्रदान करती हैं। नवरात्र के नौ दिनों में भारी संख्या में भक्तों का मेला माता रानी के दर्शन से लेकर आरती तक आतुर बना रहता है। मां जयंती देवी जालौनी माता की स्थापना पांडवों ने द्वापर युग में अज्ञातवास के दौरान कराई थी। देवी भागवत महापुराण में मां जयंती देवी के महत्व को बताया गया है। नवरात्र में मां जयंती देवी का नाम प्रथम भाग के रूप में गिना जाता है। मां जयंती देवी का यह स्थान विकासखंड कुठौंद से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। यहां पर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री व ब्लॉक प्रमुख रामपुरा द्वारा अपने निजी सहयोग से सिद्ध पीठ की भव्यता को बनाए रखने में उदारता पूर्वक धनराशि खर्च की गई हैं। इससे अब स्थान का विकास हो गया है। मंदिर के ठीक नीचे बह रही यमुना की कलकल करती धरा इस स्थानों को मनोहारी बना देती है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यहां कई थानों का पुलिस बल तैनात किया जाता है। मान्यता है कि जालौनी माता के दर्शन करने से अधिकतर लोगों की मनोकामनाएं भी पूर्ण हुई है। जनपद के कई पुलिस अधिकारियों को पुत्र रत्न की प्राप्ति भी यहीं से हुई हैं। जिनकी श्रद्धा आज भी मातारानी पर बनी हुई है। नवरात्र के दिनों में ग्रामीणों द्वारा यहां पर जवारे बड़ी संख्या में चढ़ाए जाते हैं। सप्तमी से लेकर दशमी तक मेला रहता है।




जालौनी माता मंदिर में दर्शनों के लिए जाते भक्त। अमृत विचार

● अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने कराई थी जालौनी माता की स्थापना

### ये है मान्यता

मान्यता है कि माता पाताल लोक से प्रकट हुई थीं, जो वहां पर मठ बना हुआ हैं, वह मराठा कालीन हैं। कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान भास्कर जब उत्तरायण होते हैं, तब उनकी प्रथम किरण माता रानी के चरणारविंद पर पड़ती हैं। वर्ष में सिर्फ एक दिन ही ऐसा होता है।

### तीसरे दिन माता के चंद्रघंटा स्वरूप की हुई पूजा

**जालौन।** चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन देवी भक्तों ने मां के तीसरे रूप में चंद्रघंटा देवी की पूजा अर्चना कर आराधना की तो वहीं सनातनी लोगों के यहां घरों में स्थापित घट स्थापना में भक्तों ने देवी गीत अचरी आदि का गायन किया। चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन में मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा भक्तों द्वारा सुबह से प्रारंभ की गई भक्तों ने देवी मंदिरों पर जाकर रोली,चंदन ,अक्षत ,फूल, मिष्ठान, फल आदि से पूजा अर्चना की सुबह से ही मंदिरों में लगे घंटे घड़ियालों की ध्वनि गुंजमान हो रही थी, जय माताकी जयकारे भी नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में गूंज रहे थे। सनातनी घरों में ज्यादातर भक्तों ने घर में घट स्थापना में देवी की आराधना की नगर के बड़ी माता मंदिर ,छोटी माता मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में कैथ माता के मंदिर, खनुआं ,लहचूरा, धनोरा, गांव में देवी मंदिरों पर जय माता के जयकारे गूंज रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### अधिकारियों ने भी दी पर्व की मुबारकबाद

**कुठौंद जालौन।** जालौन नगर में उप जिला अधिकारी अतुल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह यादव,कोतवाली जालौन प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार समेत कस्बा कुठौंद में बड़े धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया तथा पुरानी जमा मस्जिद में की गई नवाज अदा इसके अलावा नूरानी मस्जिद में भी की गई नवाज अदा जामा मस्जिद के मौलाना नाजिम कादरी द्वारा नवाज अदा कराई गई वही नूरानी मस्जिद में रहमत बकाई द्वारा नवाज अदा कराई गई नवाज अदा के दौरान मोहम्मद अकील ,सरदार खान, सलामत खान ,खजांची अजमेर खान सहित कई मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं मौलवी, मौलाना, कादरी समेत देशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी और बड़े हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया जिसमें किसी भी प्रकार की क्षेत्र में कोई विविधान उत्पन्न नहीं हुआ! कस्बा को फोन में थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज के नेतृत्व में ईद के त्यौहार को लेकर तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मध्य नजर मय पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए! एक और मां जालौन देवी के मंदिर पर नवरात्रि के पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी को संभालते हुए थाना अध्यक्ष बड़े ही लगनशीलता पूर्वक सुरक्षा को लेकर दृष्टिगत बनाए हुए हैं !

### छौंक के गेहूं क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**कालपी( जालौन)।** किसानों की उपज को समर्थन मूल्य पर खरीद हो इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। उपजिलाधिकारी ने सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया तथा किसानों से संवाद भी स्थापित किया। उन्होंने किसानों की समस्या को सुनकर उनको निराकरण करने का आश्वासन दिया। मालूम हो कि इस साल किसानों को 22 .75 प्रति किलोग्राम की निर्धारित दर से गेहूं की खरीद करने की व्यवस्था क्रय केंद्रों में की गई है। 1 अप्रैल से सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों को भी स्थापित कर दिया गया है। गुरुवार की दोपहर को सहकारी संघ छौंक गांव स्थित सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने औचक निरीक्षक किया। उन्होंने किसानों के बैठने तथा सुख सुविधाओं की व्यवस्थाओं को भी देखा। उपजिलाधिकारी ने खरीद की स्थितियों को देखकर केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की खरीद तेजी से की जाए तथा केंद्र की व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र में मौजूद किसानों से उपजिलाधिकारी ने संवाद स्थापित किया। वहां मौजूद किसानों ने उपजिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, उन्होंने उक्त समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### भाकियू की पंचायत में छाया रहा मुआवजे का मुद्दा

**कोंच (जालौन)।** भारतीय किसान यूनियन की आयोजित हुई बैठक में किसानों ने जहां नहरों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया वहीं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का अबतक मुआवजा न मिलने पर रोष जताया। बैठक के उपरांत भाकियू नेताओं ने आठ सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। गल्ला मंडी के किसान सभागार में आयोजित हुई। बताया कि अधिकतर गांवों में ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल नष्ट हो गयी थी जिस अभी तक सरकार की ओर से मुआवजा नहीं दिया गया है।

# गौशाला में गंदगी, फटकार लगाई

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने ग्राम छौंक की गौशाला का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सफाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी ने कदौरा विकासखंड के ग्राम छौंक स्थित गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। गौशाला परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया।

पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को सफाई के निर्देश दिए। और कहा कि गोशाला परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुनः निरीक्षण किया जाएगा अगर व्यवस्था में सुधार नही हुआ तो दोषी कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। औचक पहुंचे उपजिलाधिकारी को देखकर ड्यूटी में मौजूद कर्मचारी सकपका गए और व्यवस्थाओं में जुट गए।



गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार

## पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**उरई ।** 10 अप्रैल को कुठौंद थाना क्षेत्र के मदने पुर गांव में संचालित बीआरएस फ्रूट्स प्रालि. की पारस दूध डेयरी से दूध का फैट चेक करने वाली दो मशीनों की चोरी हुई थी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर दिया। डेयरी संचालक विवेक कुमार पुत्र संतोष कुमार ने कुठौंद थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी, गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी कर विकास दीक्षित पुत्र शिवदयाल निवासी मडहादासपुर थाना बेला जनपद औरैया तथा सत्येंद्र पुत्र परमेश्वरी दयाल निवासी कस्बा व थाना मऊरानी पुर जनपद झांसी को गिरफ्तार कर चोरी गई मशीने बरामद की।

## खड़े ट्रक में पीछे से डीसीएम ने मारी टक्कर, चालक घायल

संवाददाता कुठौद जालौन

**अमृत विचार।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे डीसीएम का चालक सौरभ कुमार पुत्र जिलेदार सिंह निवासी नगला बेरी, थाना बसरेहर जिला इटावा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णपाल सरोज को दी गई। सूचना मिलते ही एसआई पुल्लन सिंह जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल चालक सौरभ कुमार को एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। बता दें कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक खड़े होने की वजह से आए दिन घटनाएं हो रही हैं लेकिन ट्रक चालक अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं।



घटना के बाद जानकारी लेती पुलिस।

मतदान अवश्य करें

टाउन हॉल में काव्य संध्या , कवियों ने कविताओं के माध्यम से मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

# सोचो समझो विचार करो, चलो उठो मतदान करो . . .

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम टाउन हॉल स्थित काशी मुक्ता मंच में आयोजित किया गया। इस दौरान साहित्यकारों व कवियों ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

मतदान अवश्य करें.., विषय पर काव्य गोष्ठी के आयोजित कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने काव्य संध्या का उद्घाटन करते हुए कहा की हर मतदाता मतदान अवश्य करे, यह उनका अधिकार है। मतदान कर बेहतर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ के हिस्सेदारी करें। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार यज्ञदत्त त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि कम जीवन है तथा आलस निष्क्रियता मरण है शेष तो कुछ भी नहीं है बस बदलता आवरण है, आप जीवित हैं जीवंत हैं तो अपना मतदान अवश्य करें।

इंदू विवेक उदैनिया ने कहा बिन मतदान नहीं कल्याण, सोचो समझो विचार करो, अपने बुद्धि विवेक कौशल से चलो उठो मतदान करो, शिखा गर्ग ने पढ़ा नहीं भूलिए, पुण्य मंत्र के, मतदाता हम सभी नींव हैं लोकतंत्र के, विमला तिवारी विमल ने पढ़ा चिंता सारी त्याग कर करें सभी मतदान, जाति धर्म सब भूलकर रखें देश का ध्यान, जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने पढ़ा पहले करो मतदान फिर जलपान, मिलकर के लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, हम वोट देकर राष्ट्र का निर्माण करेंगे, डॉ. माया सिंह ने मंच संचालन किया व पढ़ा आवश्यक मतदान है, यदि चाहें कल्याण, सभी कार्य पीछे करें प्रथम करें मतदान, प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने पढ़ा यह अधिकार जनजन का इसे होकर निडर लेना यही ताकत हमारी है, इसे तुम ध्यान रख लेना, पुष्पेंद्र पुष्प ने पढ़ा पांच वर्ष के बाद फिर बजा चुनावी राग लोकतंत्र के पर्व में करना है प्रतिभाग, अभिषेक श्रीवास्तव सरल ने पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि लोकतंत्र के पर्व से बढ़े देश का मान, भारत बढ़कर करें भारत के लिए मतदान, ब्रह्म प्रकाश अवस्थी ने बहुत सी क्रांति बस एक क्रांति और लाना है, शतप्रतिशत मतदान कराकर लोकतंत्र मजबूत बनाना है। दिव्यांशु गुप्ता दिव्य, शिरोमणि सोनी, गरिमा पाठक, डॉ. अनुज भदौरिया, शिवा दीक्षित तथा अन्य समस्त कवियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत काव्य पाठ में शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वाहन किया।

आयोजित कार्यक्रम में जनपद के स्वीप प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आरती साहू, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, विकास प्राधिकरण उरई के सचिव तथा बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। अंत में सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई कि मेरा जनपद शत प्रतिशत मतदान अवश्य करे तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।




काव्य संध्या में कविता पाठ करते कवि। अमृत विचार

## रोक के बाद खुल रहीं मांस की दुकानें शिकायत की

**जालौन।** नवरात्र के समय पर मांस मदिरा की बिक्री पर रोक लगाय जाने की अपील के बाद भी नगर में मांस की दुकान खुली होने की शिकायत हिंदू संगठन के सदस्यों ने कोतवाली में की। हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष राजा सिंह गधेला, नगर अध्यक्ष अनूप दीक्षित ,विद्यार्थी परिषद के सत्यम यागिक साहित एक दर्जन हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में आकर एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शांति समिति की बैठक के दौरान यह तय किया गया था कि नवरात्र के दिनों में मांस की दुकान नहीं खुलेंगी। दुकान पर प्रशासन के आदेश को दरकिनार कर अपनी मांस की दुकान खोले हुए हैं हिंदू संगठन के पदाधिकारी ने दुकानों को बंद कराए जाने की मांग की।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



कन्नौज ईदगाह में इबादत को उठे अकीदतमंदों के हाथ। अमृत विचार



छिबरामऊ में नमाज अता करते लोग। अमृत विचार



ईदगाह में गले मिलते बच्चे। अमृत विचार

# अमन की दुआ को उठे हजारों हाथ, गले मिलकर दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ईद उल फितर गुरुवार को जिले भर में अदब और एहतराम के साथ मनाया गया। ईदगाह पर बड़ी संख्या में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अता की। हाथ उठाकर अमन-चैन दुआएं करने के बाद एकदूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। ईदगाह पर बड़ों के साथ पहुंचे बच्चों ने भी आनंद उठाया।

शहर के हाजीगंज मोहल्ला स्थित ईदगाह समेत कई मस्जिदों पर अकीदत के साथ ईद की नमाज अता की गई। अलग-अलग जगहों पर सुबह साढ़े सात बजे लेकर नौ बजे तक नमाज का समय निर्धारित किया गया था। बड़ी संख्या में मुस्लिम लोगों ने देश की खुशहाली की दुआएं मांगीं। त्योहार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। रंग-बिरंगे कपड़े पहने बच्चे गले मिलकर और हाथ मिलाकर ईद की बधाई देते नजर आए। ईदगाह पर सुबह से ही मेले जैसा नजारा रहा। बच्चों को लुभाने व उनके मनभावन खिलौनों, गुब्बारों, झूला व मिठाइयां

- ईदगाहों में पढ़ी गई नमाज ईदगाह परिसर में मेले का आयोजन, बच्चों ने खरीदे खिलौने

मेले की शोभा बढ़ा रहीं थीं। शहर काजी और ईदगाह के इमाम ने नमाज अदा करवाई। उन्होंने बताया कि ईद मोहब्बत का पैगाम देती है और इंसानों को नेकी की राह पर चलने का संदेश देती है। शहर में देर रात तक ईद मिलन का क्रम चलता रहा और लोगों ने सेंवई व अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार, बृहस्पतिवार को फर्रुखाबाद रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे पेश इमाम मौलाना सैय्यद फुरकान साहब ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। 9 बजे मोहल्ला विरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद में मौलाना जियाउल हक ने और नगर की जामा मस्जिद में करी अजमतुल्ला ने ईद उल फितर की नमाज अता कराई। नमाज के बाद हाफिज एहतशामुद्दीन, मोहम्मद आकिल ओवैसी, मोहम्मद इमरान खान, समसुल कमर खां उर्फ राजू मास्टर, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस, सभासद शब्बीर खान, चमन खां राजू, नदीम जमा खान व राजू सहित मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार, ईदगाह, जामा मस्जिद समेत कस्वे समेत ग्रामीण क्षेत्र में मस्जिद में मौलानाओं ने ईद की नमाज अता कराई। इसके बाद उन्होंने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ मांगी। इस दौरान ईदगाह व जामा मस्जिद सहित ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों के बाहर पीएसी सहित भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा।

### पुलिस प्रशासन रहा सतर्क, ड्रोन से निगरानी

ईद उल फितर को लेकर जिले भर में पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। सभी प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। अराजकतत्वों पर निगरानी रखने के लिए सादी वार्दी में भी पुलिस कर्मी तैनात रहे। ईदगाह पर नमाज के दौरान डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल और एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ सिटी कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## गले मिल कायम की गंगा-जमुनी तहजीब

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ईद-उल-फितर का त्योहार नगर सहित क्षेत्र में पारम्परिक ढंग से मनाया गया। ईदगाहों में लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद गले मिल कर मुबारकबाद दी।

गुरुवार को सुबह से ही ईद-उल-फितर पर्व की खुशियां मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। गुरसहायगंज के खाडेद्वेवर, समधन, डुडवाबुर्जुग, इस्माइलपुर, मझपुर्वा आदि ईदगाहों पर मेला लगा और लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। शहर काजी हाफिज जुम्मन ने कहा कि ईद का नेक त्यौहार अमन व सलामती का पैगाम देता है। इस दौरान पूर्व विधायक जमालुददीन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, राशिद जमाल सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी, समाजसेवी आसिफ जमाल खां पप्पी, अखलाक हुसैन सिद्दीकी, मुनीर कुरैशी, मुश्ताक अहमद भुटटो, भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, एमीम जिलाध्यक्ष इशरत खां, शहनवाज खां आदि ने ईदगाह पर नमाज अदा की। एसपी अमित कुमार आनंद, एसडीएम उमाकांत तिवारी, सीओ कमलेश कुमार, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह मौजूद रहे।



ईदगाह पर मौजूद एसपी, एसडीएम व कोतवाल। अमृत विचार

# एक्सप्रेस-वे पर सवारियों से भरी रोडवेज बस में लगी आग, मची अफरा-तफरी

## बुधवार की रात हुआ हादसा, मौके पर बुझाने के संसाधन मौजूद न होने से बढ़ी आग

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चलती रोडवेज बस में आग लग गई। मामले की जानकारी होते ही सवारियों में अफरातफरी मच गई। हालांकि बस स्टाफ की समझदारी से सभी सवारियों को सुरक्षित उतार लिया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा के जिम्मेदारों सहित दो थाने की पुलिस फोर्स पहुंच गई लेकिन आग बुझाने की समुचित व्यवस्था न होने से बस को जलते देखती रही।

बुधवार की देर शाम जनपद आगरा के मालपुरा निवासी चालक सुरेंद्र सिंह पुत्र सौदान सिंह परिचालक रविंद्र कुमार वर्मा पुत्र सुरेश चंद्र वर्मा निवासी शाहगंज आगरा के साथ ताज डिपो की वातानुकूलित रोडवेज बस में 14 सवारियां लेकर लखनऊ से आगरा के लिए निकाला था। रात करीब नौ बजे बस एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या 159 थाना क्षेत्र के गांव नगला बीरभान के सामने पहुंची तो बस के इंजन में आग लग गई। चालक ने धुआं निकलते देखा तो बस को पीली पट्टी पर रोक दिया। इसके बाद सवारियों को समस्या बताते हुए बस खाली करने के लिए कहा। तब तक आग की लपटें तेज होने लगीं थीं। यह देख सवारियां तुरंत उतर गईं और देखते ही देखते बस खाली हो गई। परिचालक ने सभी सवारियों का सामान खिड़की से फेंका और दूर खड़े हो जाने के लिए कहा। सूचना मिलते ही यूपीडा सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं सुरक्षा अधिकारी तालग्राम सहित प्रभारी निरीक्षक सौरिख सचिन कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी तालग्राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। आग बुझाने की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोग देखते रहे और बस जलती रही। यूपीडा सुरक्षा अधिकारियों ने पानी के टैंकर मंगवाए तथा फायर ब्रिगेड को सूचना की। दोनों के आने में समय लगने से बस पूरी तरह जल गई। बाद में फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में कोई जान माल की हानि नहीं हुई।

- स्टाफ की समझदारी से टला हादसा, चालक ने धुंआ उठते ही रोक दी बस
- यूपीडा कर्मचारियों सहित दो थाने की फोर्स भी बनी रही मूकदर्शक



एक्सप्रेस वे पर जलती रोडवेज बस। अमृत विचार

### एक्सप्रेस वे पर दमकल की व्यवस्था नहीं

एक्सप्रेस वे पर दमकल की गाड़ी न होने से अक्सर कर हाईवे पर चलने वाले वाहन में आग लगने की घटना होने पर इसे समय से नहीं बुझाया जा पाता है। इस तरह के कई बार मामले सामने आए हैं। एक बार सकराबाद क्षेत्र में चलती हुई कार में आग लग गई थी जिसे बुझाने के लिए छिबरामऊ से फायर ब्रिगेड बुलवाई गई थी। तब तक काफी देर हो चुकी थी। इसी प्रकार के और भी हादसे हुए हैं। ऐसे में एक्सप्रेस वे पर दमकल की व्यवस्था होनी ही चाहिए।

## छात्रावास से चोरी नौ मोबाइल समेत युवक गिरफ्तार

**तिर्वा, कन्नौज।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों की तलाश मे गश्त कर रही पुलिस को जटियापुर मार्ग के सामने संदिग्ध अवस्था में एक युवक जाते दिखाई दिया। टोकने पर वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान सिपाही दुष्यंत गिर कर चोटिल भी हो गया। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से चोरी के दस मोबाइल बरामद हुए। पकडे गए युवक ने अपना नाम जटियापुर गांव निवासी रवि वर्मा पुत्र विनोद वर्मा बताया। उसने बताया कि इंदरगढ़ तिराहा पर कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए बने छात्रावास में छात्राएं रहती हैं। रात का फायदा उठाकर छात्रावास मे घुसकर कमरों में रखे छात्राओं के मोबाइल चोरी कर लिए थे। पुलिस ने छात्रावास ले जाकर जानकारी की तो मामला सही पाया गया। छात्रावास के संचालक पलवल के थाना हसनपुर गांव मीरपुर कालोनी निवासी दयाचंद्र पुत्र वीरेन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



हिरासत में मोबाइल चोर।

कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि मोबाइल बरामद कर आरोपी को जेल भेजा गया है। एसपी ने सिपाही दुष्यंत को पांच हजार का नकद इनाम दिया है।

## शराब ठेके के सेल्समैन से मारपीट

**कन्नौज।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र कलियान सिंह सदर कोतवाली क्षेत्र के यासीनपुर स्थित देशी शराब ठेके पर सेल्समैन के पद पर कार्य करता है। नौ अप्रैल की रात 10 बजे वह शराब ठेका बंद कर रहा था। इसी दौरान चार-पांच अज्ञात लोग ठेके पर पहुंचे। किसी बात को लेकर गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। यह देख निकट के दुकानदार पप्पी व अन्य दुकानदार मौके पर पहुंच गये। दुकानदारों को आया देख उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले।

## सार-संक्षेप



विकास भवन में निरीक्षण करते पीडी रामऔतार सिंह व जेई राकेश सिंह।

### दूधिया रंग सा दिखेगा विकास भवन, लग रहे टाइल्स

**कन्नौज।** सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने आठ मार्च को विकास भवन का निरीक्षण किया था। उस दिन उन्होंने टाइल्स लगाने, फरियादियों के बैठने का इंतजाम करने व सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) बनाने का निर्देश दिया था। करीब एक महीने बाद इस पर काम शुरू हो गया है। भूतल के अलावा विकास भवन के पहले व दूसरे मंजिल पर कई विभागों के कार्यालय हैं। कुछ दिनों पहले बैठने के लिए तीन सीट वाली कुर्सियां तो आ गईं थीं, लेकिन रंगरोगन की शुरुआत नहीं हुई थी। करीब पांच दिन से विकास भवन के कई कक्षों में टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। सफेद रंग की पुताई भी होने लगी है। पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि भूतल पर गैलरी में बनी दीवारों का रंग पीला है, उसे सफेद किया जाएगा। सीडीओ के निर्देश पर विकास भवन चमाचम होगा। फरियादियों को कार्यालयों की जानकारी देने के लिए सहायता केंद्र बनाकर कर्मचारियों को गेट पर बैठाया जाएगा। सीडीओ ने बताया कि प्रशासनिक मद से विकास भवन में कार्य कराया जा रहा है। इसमें करीब 10 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।



मरीजों से जानकारी लेते राज्यमंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### करंट से झुलसे मरीजों का मंत्री ने जाना हाल

**तिर्वा, कन्नौज।** एचटी लाइन के करंट से झुलसे मरीजों के हाल चाल लेने आए समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री ने घटना की जानकारी लेते हुए ठीक से इलाज करने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कोतवाली क्षेत्र के बरकेगांव राजा में नवरात्र के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत से पहले मंगलवार शाम कलश यात्रा ईशन नदी तक आ रही थी। इसी दौरान एक श्रद्धालु के हाथ का झंडा एचटी लाइन से छू गया और करंट उतर आया था। उसे बचाने के लिए दौडे प्रीति, उपासना, कुलदीप, जानकी, गौरी, सलोनी, काजल, बीना, लाली, जानकी झुलस कर गंभीर घायल हो गए थे। घटना की जानकारी लगते ही गुरुवार की सुबह चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचे समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने भर्ती घायलों का हालचाल लेते हुए उन्हें अच्छा इलाज करवाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल को निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज मे लापरवाही न बरती जाए।

### मान्यता वाले स्कूल, विषयों में लें प्रवेश

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता लेने के बाद छात्र-छात्राओं के प्रवेश उन्हीं विषयों या वर्गों में लिए जाएंगे, जिनकी स्वीकृती मिली होगी। अगर अमान्य संस्था या बिना मान्यता वाले विषय में प्रवेश लिए गए तो कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस का कहना है कि गैर मान्यता वाले विद्यालयों पर कार्रवाई होगी।

### अजगर निकलने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**जलालाबाद, कन्नौज।** ग्राम मुसरि निवासी रामसागर त्रिवेदी के बाग के पास टीले पर गुरुवार को अजगर निकलने की खबर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। निशांत सिंह ने यूपी 112 पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचे सत्यवान सिंह, गिरिजा शंकर ने सर्प मित्र रवि यादव को सूचना दी। सर्प मित्र ने अजगर को पकड़ा लिया। बताया कि अजगर का वजन लगभग 70 से 80 किलो के बीच होगा। प्रांशु यादव, रवि यादव, बंटी, अनुज, जानू, उदय नारायण आदि ने अजगर पकड़ने में सहयोग किया।



अजगर को पकड़ कर ले जाते सर्प मित्र रवि।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, तीन घायल, पांच पर रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के रामनगर बस्ता गांव निवासी मिजाजीलाल पुत्र गोकुल बंजारा ने सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई को तहरीर देते हुए बताया कि वह 25 मार्च को अपने दरवाजे बैठा हुआ था। उसी समय गांव के ही निवासी मोरध्वज, संतोष, मनोज, रूकम, सहबाग आए और गाली देने लगे। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। उसे बचाने आए पुत्र मनोज, पुत्री सुधा, बहू शिवानी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया। सीओ के निर्देश पर ठठिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## पिकअप की टक्कर से टेंपो सवार आठ लोग घायल

**गुरसहायगंज।** गुरुवार को हाइवे स्थित ग्राम रौतामई के सामने सवारी लेकर छिबरामऊ जा रहे टेंपो में पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे हाइवे स्थित ग्राम रौतामई के सामने सवार ग्राम रौतामई निवासी शकुंतला व सोनी, सौरिख लोहिया नगर निवासी दीपक, कस्बा समधन के मोहल्ला गढिया निवासी तारिक, ग्राम कुंवरपुर जनू निवासी कोकिला, पंथरा निवासी गोपी उर्फ चंद्रदीप, फर्रूखाबाद जहानगंज निवासी संगीता, ग्राम नगलाधनी निवासी पंकज घायल हो गए। सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राहुल पाल ने पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से छिबरामऊ सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। शकुंतला, सोनी व कोकिला को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है।

- पुलिस ने मौके से पिकअप को लिया कब्जे में

# मां चंद्रघंटा की पूजा कर मांगी मनौतियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र में माता के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने मनौतियां मांगीं। दर्शनों के लिए मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

गुरुवार को माता चंद्रघंटा की पूजा की गई। घरों में स्थापित माता की चौकी के पास भक्तों ने पूजा अर्चना की। आचार्य सुरेशचंद्र द्विवेदी ने बताया कि मां दुर्गा जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। माता चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती हैं, ये क्षण साधक के लिए अत्यंत सावधान रहने के होते हैं। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनकी आराधना करने से निश्चित ही मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।



मां फूलमती देवी मंदिर में आरती करते भक्तगण। अमृत विचार

छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार सौरिख रोड स्थित मां कालिकादेवी मन्दिर पर श्रृद्धालु ढोलक, मजीरा व ढपली पर मईया के भक्तिगीत गाते हुये निकल पड़े और मां चन्द्रघण्टा के तृतीय स्वरूप की पूजा अर्चना की। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखते हुये साधना की ओर अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिए।

**चुनावी कसरत** न्यायिक एसडीएम के नेतृत्व में तीन अन्य अधिकारियों को मिली है निस्तारण की जिम्मेदारी, आचार संहिता उल्लंघन के मामले कंट्रोल रूम में दर्ज हुए

# 235 लोगों ने दर्ज कराईं वोटर आईडी न मिलने की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम बना है। मार्च में चुनाव का ऐलान होने के बाद से यहां चार अधिकारियों की ड्यूटी प्रभावी हो गई है। बताया गया है कि अब तक 235 लोगों ने मतदाता पहचान पत्र न मिलने की शिकायतें दर्ज कराईं हैं।

कंट्रोल रूम में कुछ मामले गांव व कस्बों में राजनीतिक दलों की ओर से लगाए बैनर, पोस्टर और पेंटिंग कराने के भी दर्ज किए गए हैं। चुनाव से संबंधित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए सी-विजिल एप सक्रिय किया गया है। इसमें कोई भी व्यक्ति बात रख सकता है।



कलेक्ट्रेट परिसर में बने कंट्रोलरूम में मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कंट्रोल रूम (शिकायत प्रकोष्ठ) का नोडल सदर की न्यायिक एसडीएम नवनीता राय को बनाया गया है। इसके अलावा सदर कन्नौज विधानसभा क्षेत्र की शिकायतों पर नजर रखने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, छिबरामऊ के लिए जिला रोजगार सहायता अधिकारी अपूर्वा दुबे व तिर्वा की जिम्मेदारी जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या को दी गई है। विधानसभा स्तर पर इन तीनों अधिकारियों को सहायक नोडल बनाया गया है। इसके अलावा कुछ विभागों के कर्मचारी भी लगे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि जो भी मामले आते हैं उनका संबंधित अधिकारियों के जरिए निस्तारण करा दिया जाता है।

> ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह की शिकायतें आ रहीं हैं। वोट व वोटर आईडी को लेकर डायल नंबर 1950 पर आने वाले मामले दर्ज किए गए हैं। सी-विजिल एप पर भी केस आते हैं। गुणवत्ता परक निस्तारण के लिए निर्वाचन आयोग की इस एप पर 24 घंटे नजर रहती है। 100 मिनट में शिकायत का निस्तारण करना होता है। कुल 235 शिकायतें पहचान पत्र न मिलने की आईं हैं, उनको संबंधित एआरओ को बता दिया गया है। बीआरसी व बीएलओ से भी संपर्क किया गया है। डाक विभाग से जो वोटर आईडी नहीं बंटेंगे, उनको बीएलओ बांटेंगे।
>
> **-नवनीता राय, नोडल/ न्यायिक एसडीएम सदर**

### मुहर की छंटनी, कई नई बनाई जाएंगी

कन्नौज। लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में भले ही वोट ईवीएम से डाला जाता है लेकिन अभिलेखों को दुरुस्त करने के लिए मुहर (सील) की जरूरत अब भी पड़ती है। इन मुहरों को छांटने का काम पूरा हो गया है। जो कम हैं, उनको बनवाया जाएगा। जिला निर्वाचन विभाग में कुछ कर्मचारी मुहरों को विधानसभावार छांटने में लगे रहे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार का कहना है कि कई तरह के प्रपत्रों में हस्ताक्षर, नाम व विधानसभा का नाम व नंबर की जरूरत होती है। इन मुहरों में विधानसभा क्षेत्र का नंबर है। मतदानकार्मिक प्रपत्रों में मुहर का प्रयोग करते हैं। उसकी ही तैयारी चल रही है।



## भाजपा से गठबंधन में रालोद को मिली है बागपत सीट


# छोटे चौधरी के सिर पर इस बार पगड़ी बांधेगा बागपत!

**वर्ष 2019 में सपा और बसपा का समर्थन होने पर भी हार गए थे जयंत चौधरी**

**47 साल में पहली बार चौधरी परिवार नहीं लड़ रहा चुनाव, रालोद ने जाट सपा ने ब्राह्मण तो बसपा ने गुर्जर प्रत्याशी पर लगाया है दांव**

मनोज त्रिपाठी

कभी अजेय दुर्ग रही बागपत लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव चौधरी परिवार हार गया था। 2014 में अजित सिंह को हार मिली थी तो 2019 में उनके पुत्र जयंत चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। जाटों के दबदबे वाली विरासत की इस सीट पर पिता-पुत्र का लगातार चुनाव हारना किसी सदमे से कम नहीं था। जयंत को तो 2019 में हार की कतई उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इस चुनाव में सपा-बसपा और रालोद का गठबंधन था। हालांकि जयंत को इससे पहले 2014 में भी उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक जाट बहुल सीट गिनी जाने वाली मथुरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका हेमा मालिनी के सामने पराजय का स्वाद चखना पड़ा था। ऐसे में इस बार जब जयंत चुनावी थाह लेने जाट लैंड में निकले तो समर्थकों ने साफ बता दिया कि इस बार का चुनाव भी कठिन रहने वाला है। सपा का साथ छोड़कर जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने के पीछे यही एक बड़ा कारण बताया जाता है, जिसकी नींव मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा करके रखी। अब साढ़े चार दशक में पहली बार है कि बागपत से चौधरी परिवार का कोई सदस्य चुनाव मैदान में नहीं है।




**1** बागपत सीट पर अब तक 14 बार हुए चुनाव, सात बार स्व. अजित सिंह सांसद चुने गए।

**2** इस सीट से कांग्रेस के रामचंद्र विकल को छोड़ बाकी सभी जाट जाति के ही सांसद रहे हैं।

**3** 57 साल में 14 बार हुए चुनावों में 13 बार जाट जाति का प्रत्याशी ही यहां विजयी हुआ है।

**4** बागपत लोकसभा सीट से सपा-बसपा अब तक एक भी लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकी हैं।

## बागपत : चौधरी परिवार की परंपरागत सीट

बागपत लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में यहां जनसंघ और 1971 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। लेकिन आपात काल के बाद 1977 में हुए चुनाव से क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से बदल गई। 1977, 1980 और 1984 में लगातार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह यहां से चुनाव जीते। इसके बाद 1989, 1991, 1996, 1997 उपचुनाव 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजित सिंह सात बार बागपत से सांसद चुने गए। केवल 1998 में हुए चुनाव में उन्हें यहां से हार का सामना करना पड़ा। 2014 की मोदी लहर के बाद बीते दो चुनाव से बागपत में भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह जीत रहे थे। इस बार रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण भाजपा ने यह सीट उसे दी है। बागपत में जाटों और मुसलमानों का बड़ा वर्ग पिछले दो चुनावों को छोड़कर परंपरागत रूप से रालोद का वोटर रहा है। मुसलमान क्या भाजपा का साथ होने पर रालोद को वोट देंगे, इस सवाल पर तमाम मुस्लिम मतदाताओं का कहना है कि वे रालोद को वोट दे रहे हैं।

**1967** में अस्तित्व में आई थी बागपत लोकसभा सीट

### राजकुमार सांगवान रालोद - भाजपा



मेरठ कालेज के प्रोफेसर रहे राजकुमार सांगवान को उनकी रालोद के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए बागपत सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। एक साल पहले ही वह मेरठ कालेज के हिस्ट्री विभाग से रिटायर हुए हैं। उन्होंने मेरठ कालेज से एलएलबी के बाद पीएचडी की है। जाट समुदाय से आने वाले सांगवान लोकदल के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। अब उनके सामने चौधरी परिवार को विरासत रही बागपत सीट जीतने की चुनौती है।

### प्रवीण बैंसला बहुजन समाज पार्टी



43 वर्षीय प्रवीण बैंसला दिल्ली हाईकोर्ट में वकील हैं। 2007 से बसपा से जुड़े हैं। एक बार 2015 में दिल्ली में रोहताश नगर सीट से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। दिल्ली के शाहदरा इलाके में रहते हैं। प्रवीण गुर्जर समुदाय से आते हैं। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार गुर्जर कार्ड खेलकर बागपत में लोकसभा चुनाव का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रवीण भी रात- दिन मेहनत कर रहे हैं।

### अमरपाल शर्मा – समाजवादी पार्टी



सपा ने बागपत सीट से पहले मनोज चौधरी के नाम का ऐलान किया था। उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। लेकिन जाट बाहुल्य सीट पर सपा कार्यकर्ता ब्राह्मण चेहरा उतारने की मांग कर रहे थे। काफी कशमकश के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा करके उन्हें पार्टी सिंबल दे दिया। अमरपाल ने 2007 में गाजियाबाद से विधायक का निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2009 में बसपा के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा से भाजपा नेता राजनाथ सिंह के सामने उतरे थे। 2012 में बसपा से साहिबाबाद सीट पर विधायक चुने गए थे। 2017 और 2022 में सपा के टिकट पर साहिबाबाद से विधान सभा का चुनाव हार चुके हैं।

### 16.46 लाख मतदाताओं में 30 फीसदी युवा 23703 पहली बार डालेंगे वोट


बागपत लोकसभा सीट पर 16 लाख 46 हजार 278 मतदाता दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अपना नया सांसद चुनेंगे। कुल मतदाताओं में करीब 30 फीसदी युवा मतदाता हैं। इनमें 23703 मतदाता पहली बार वोट करेंगे। इस सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और जाट मतदाता हैं। गुर्जर और ब्राह्मण मतदाता करीब डेढ़-डेढ़ लाख गिने जाते हैं।

### 2019 का जनादेश





| दल | प्रत्याशी | मत मिले |
|---|---|---|
| भाजपा | सत्यपाल सिंह | 5,25,789 |
| रालोद | जयंत चौधरी | 5,02,287 |

### 2014 का जनादेश




### 2009 का जनादेश





| सोमपाल | मुकेश साहनी | चौधरी अजित सिंह |
|---|---|---|
| 1,36,964 मत | 1,75,611 मत | 2,38,638 मत |

### पांच में तीन विधानसभा सीटें भाजपा के पास तो दो पर रालोद का कब्जा

बागपत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें सिवालखास, छपरौली, बड़ौत, बागपत और मोदीनगर शामिल हैं। इनमें सिवालखास मेरठ जिला और मोदीनगर विधानसभा गाजियाबाद जिले का हिस्सा है। बड़ौत, बागपत और मोदीनगर विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिवलखास और छपरौली विधानसभा सीटें रालोद के पास हैं।

### 2014 में अजित सिंह हारे ही नहीं, तीसरे नंबर पर पिछड़े

बागपत लोकसभा सीट का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद से जैसे चौधरी परिवार की किस्मत रूठ गई। 2009 में तो भाजपा से गठबंधन होने के चलते चौधरी अजित सिंह ने जीत दर्ज कर ली, लेकिन एकतरफा वोट मिलने वाले कुछ इलाके हट जाने से वोटो का गणित बिगड़ गया। 2014 के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली और चौधरी अजित सिंह तीसरे नंबर पर खिसक गए।





**आओ मतदान करें**
मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग की पहल पर महिला पुलिस कर्मियों ने राजस्थान के बीकानेर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

# शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के कदम पर हर किसी की लगी निगाह

**सीवान संसदीय सीट**

- निर्दलीय लड़ सकती हैं हिना सहाब या उनका बेटा ओसामा शहाब
- हिना के बगावती तेवर का राजद गठबंधन को हो सकता है नुकसान

सीवान

बिहार की सीवान संसदीय सीट से चार बार सांसद रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने आरजेडी से बगावत कर दिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खुद या बेटे ओसामा शहाब के मैदान में उतरने की घोषणा की है। इससे जहां आरजेडी नेतृत्व परेशान है तो दूसरे दलों की निगाह भी हिना के अगले कदम पर है। अगर हिना या उनका बेटा मैदान में उतरता है तो इसका नुकसान इंडिया गठबंधन को ही होगा।

मोहम्मद शहाबुद्दीन की गिनती बड़े बाहुबली नेताओं में हुआ करती थी। आरजेडी के प्रमुख नेताओं में से एक शहाबुद्दीन की 2021 में कोरोना के कारण मौत हो गई थी। शहाबुद्दीन एक बार जनता दल और तीन बार आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीता। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने हिना शहाब को मैदान में उतारा था लेकिन वह जनता दल यूनाइटेड की उम्मीदवार कविता सिंह से हार गई थीं। यह सीट 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में गई थी तब भी हिना शहाब ही मैदान में थीं और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि अभी यहां पर राजद ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।



**अनूठा प्रचार**
मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को अनूठे तरीके से प्रचार किया। वह ग्रामीण इलाके में प्रचार के दौरान एक गेहूं के खेत में गईं और फसल काट रही महिला से हंसिया लेकर खुद ही गेहूं की कटाई शुरू कर दी।




### कांग्रेस प्रत्याशी नहीं खड़ा करके रोक सकती वोटों का बंटवारा

- कांग्रेस ने हैदराबाद लोकसभा सीट पर अब तक अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि वोटों का बंटवारा रोकने के लिए पार्टी एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी का समर्थन कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी माधवी लता इसे मुद्दा बना रही हैं और कहती हैं कि तमाम चेहरे बेनकाब हो रहे हैं।

**सियासत** हैदराबाद से लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में एआईएमआईएम मुखिया असुदुद्दीन ओवैसी

# माधवी की हुंकार से पहली बार मुश्किल में फंसे दिख रहे ओवैसी

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से इस बार असुदुद्दीन ओवैसी पांचवीं बार चुनावी मैदान में हैं और सामने भाजपा प्रत्याशी माधवी लता की कड़ी चुनौती है। माधवी लता को हाल ही में आईबी की रिपोर्ट के बाद वाई-प्लस कैटेगरी सुरक्षा मिली है। सुरक्षा मिलने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति से सच्चाई की लड़ाई को बचाने के लिए दी गई है। वह कहती हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन सनातन के खिलाफ बेवजह बयानबाजी करने वाले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वह जनसंपर्क के दौरान ओवैसी पर जमकर बरसती हैं और तर्कों के साथ अपनी बात रखती है। युवा उन्हें 'हिंदू शेरनी' और 'लेडी सिंघम' जैसे नामों से पुकारते हैं। सोशल मीडिया पर फायर ब्रांड हिंदुत्ववादी छवि के कारण माधवी लता के समर्थक लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी जमकर तारीफ कर चुके हैं।

हैदराबाद

हैदराबाद लोकसभा सीट पर बीते चार दशक से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का कब्जा है। यहां उनका ही सिक्का चलता है। लेकिन इस बार के चुनाव में ओवैसी के लिए जीत आसान नहीं मानी जा रही हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। माधवी लता की पहचान तेज-तर्रार हिंदुत्व समर्थक की है। तीन तलाक पर बयानों के बाद वह खासी चर्चा में आई थीं। माधवी लता पेशे से डॉक्टर हैं और विरिंची नामक अस्पताल चलाती हैं। वह भरतनाट्यम की नृत्यांगना भी हैं। पिछले एक साल से अपने समाज सेवी संगठन के बैनर तले पुराने हैदराबाद शहर में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रही हैं। उन्हें अच्छा वक्ता माना जाता है। तुष्टिकरण और कट्टरपंथी सोच के खिलाफ धारदार भाषण देती हैं।



भाजपा उम्मीदवार माधवी लता।

हैदराबाद को एआईएमआईएम का गढ़ माना जाता है। असदुद्दीन ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन पहली बार हैदराबाद सीट से 1984 में लोकसभा चुनाव जीते थे। वह 20 साल सांसद रहे। उनके बाद से इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा उम्मीदवार को दो लाख 82 हज़ार वोटों से हराया था। हैदराबाद में 13 मई को 19 लाख मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र की सात विधान सभा सीटों में सिर्फ गोशामहल से भाजपा के विधायक टी राजा सिंह हैं, बाकी आधा दर्जन सीटों पर एआईएमआईएम के विधायक हैं। इसके बावजूद इस बार ओवैसी को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी होने पर भी क्या मुसलमान माधवी लता को वोट देंगे, इस सवाल के जवाब में माधवी कहती हैं, क्यों नहीं लेकिन हम इसके लिए काम नहीं कर रहे हैं। हैदराबाद में मुसलमान भी उतने ही ग़रीब हैं, जितने हिंदू हैं।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिसे मजलिस भी कहा जाता है, की जड़ें लगभग 85 साल पुरानी हैं। हैदराबाद में सामाजिक-धार्मिक संस्था के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। जब 1948 में हैदराबाद का भारत में विलय हुआ, तब भारत सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अध्यक्ष क़ासिम राजवी को गिरफ़्तार कर लिया गया। बाद में राजवी पाकिस्तान चले गए और संगठन की ज़िम्मेदारी मशहूर वकील अब्दुल वहाद ओवैसी को दे गए। अब पिछले पांच दशक से ओवैसी परिवार मजलिस को चला रहा है। वर्ष 1957 में मजलिस को राजनीतिक पार्टी बनाया गया, इसके नाम में 'ऑल इंडिया' जोड़ा गया और संविधान बदला गया। 1976 में पार्टी की ज़िम्मेदारी सलाहुद्दीन ओवैसी को मिली। वह 2004 तक हैदराबाद के सांसद रहे।

### चुनाव परिणाम 2019

| | | |
|---|---|---|
| असदुद्दीन ओवैसी | एआईएमआईएम | 517471 |
| डॉ. भगवंत राव | भाजपा | 235285 |
| पुश्ते श्रीकांत | टीआरएस | 63239 |
| मो. फिरोज खान | कांग्रेस | 49944 |

भाजपा ने फायर ब्रांड हिंदुत्व की छवि वाली माधवी लता को उतार कर रोचक बनाया मुकाबला

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# पारदर्शी चुनावी वित्त पोषण

केंद्र की चुनावी बांड योजना पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि एसबीआई ने उस जानकारी को देने से इनकार किया है जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पहले से मौजूद है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया है कि जब टुकड़ों में बात सामने आ रही है तो पता चल रहा है कि किस तरह अनेक कंपनियों से, व्यापक रूप से काला धन जमा करने के लिए इस योजना का दुरुपयोग किया गया। गौरतलब है चुनावी बांड की योजना तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा केंद्रीय बजट 2017-18 के दौरान वित्त विधेयक, 2017 में पेश की गई थी। उन्होंने राजनीतिक फंडिंग के उद्देश्य से बैंकों द्वारा चुनावी बांड जारी करने की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम में संशोधन करने का भी प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग ने 2 जनवरी 2018 को राजपत्र में चुनावी बांड योजना 2018 को अधिसूचित किया। इसके बाद कांग्रेस ने 2019 के आम चुनावों से पहले घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बांड को खत्म कर देगी। 15 फरवरी 2024 को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बांड योजना, साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन को रद्द कर दिया। एसबीआई को 6 मार्च तक दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं का विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने के लिए कहा गया था और चुनाव आयोग को 13 मार्च तक इन्हें ऑनलाइन प्रकाशित करना था। हालांकि, एसबीआई विवरण प्रस्तुत करने में विफल रहा। 6 मार्च, और अधिक समय मांगने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके बाद विवरण चुनाव आयोग को सौंप दिया गया और उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। आरटीआई कार्यकर्ता कमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से चुनावी बांड का डेटा मांगा। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दी गई छूट से संबंधित दो धाराओं का हवाला देते हुए जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। जवाब में कहा है कि मांगी गई जानकारी में खरीदारों और राजनीतिक दलों का विवरण शामिल है। इसलिए इस जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये विश्वसनीयता का सवाल है। जानकारों के मुताबिक ऐसे में जब देश में राजनीतिक व्यवस्था आम चुनाव के प्रचार में व्यस्त है, चुनावी बांड योजना का आकलन करना मतदाताओं पर निर्भर है। क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनावी वित्तपोषण का पारदर्शी होना जरूरी है।

# विश्व में एक समान हो पर्यावरणीय कानून



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 14 व 21 का दायरा बढ़ाकर स्वच्छ वातावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी शामिल किया गया है, जो की पूरी तरह से इको साइड को लेकर चल रहे प्रयासों को अपना समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से दे रहा है। अतः अब भारत को भी इको साइड को लेकर कुछ प्रयास करना चाहिए। तभी हम प्रकृति के अधिकारों की रक्षा के साथ पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 को लेकर कहा कि यह पृथ्वी पर जीवन के अधिकार की रक्षा करता है,क्योंकि इसका सीधा संबंध वायु, जल, मृदा प्रदूषण से है। इसी तरह अनुच्छेद-14 में समानता का अधिकार शामिल है।

हालांकि सरकारों द्वारा समय-समय पर पर्यावरण व पारिस्थिकी को संरक्षित करने के लिए एक दर्जन से ज्यादा नियम,नीति व कानून बनाए गए हैं,लेकिन अभी भी समुच्चय रूप से एक ऐसे कानून की जरूरत है,जो प्रकृति के नियमों के अनुसार धरती पर जीवन की रक्षा कर सके। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना पड़ा, क्योंकि हवा,पानी और भोजन की आवश्यकता प्रत्येक जीवधारी को है। पृथ्वी को विभाजित देशों की सीमाओं ने किया है। नहीं तो पृथ्वी में सबके लिए सभी वस्तुओं का बराबर-बराबर अनुपात निश्चित है। वैसे तो विश्व में पर्यावरणीय कानून देश,काल,जलवायु और परिस्थिति के अनुसार होने चाहिए,लेकिन पृथ्वी पर अगर कहीं भी किसी स्थान पर प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका प्रभाव पूरे ब्रह्मांड पर पड़ता है। अतः प्राकृतिक नियमों के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए एक समान पर्यावरणीय नियमों का पालन आवश्यक होगा।

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है। इस तरह की तकनीक को सोलर रेडिएशन मोडिफिकेशन,सोलर जियो इंजीनियरिंग और

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है,क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है।

क्लाइमेट इंटरवेंशन भी कहा जाता है। इसके अलावा भारत सरकार के प्रयास से ही अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस का भी गठन किया गया है जिसके माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यही वजह है कि जी -20 सम्मलेन में भारत की तरफ से थीम भी 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' थी,जो कि इस बात को स्पष्ट करती है कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए एक कानून लागू किया जाए।

इसके अलावा पीएम मोदी ने 'ग्रीन क्रेडिट' कहे जाने वाले अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने जी-20 देशों से सकारात्मक पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा देने और रचनात्मक पहल को प्रोत्साहित करने के लिए 'ग्रीन क्रेडिट पहल' पर काम शुरू करने का आग्रह किया। भारत ने अपने पर्यावरणीय कार्यों के लिए व्यक्तियों, निजी क्षेत्रों, लघु उद्योगों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों और किसान-उत्पादन संगठनों द्वारा किए गए स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के वास्ते 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' तैयार किया है। इसके अलावा देश के केंद्रीय बैंक की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि भारत अपने विभिन्न उद्योगों को जलवायु परिवर्तन मानदंडों के अनुरूप ढालने के लिए 2030 तक अनुमानित 85.6 ट्रिलियन रुपये (1.05 ट्रिलियन डॉलर) खर्च करेगा और यही खर्च अगर सामूहिक रूप से सभी देशों द्वारा किया जाए तो शायद हम पर्यावरण के नुकसान की भरपाई जल्दी कर पाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ एक बहुप्रचारित, लेकिन कम स्पष्ट अधिकार को संविधान में एक विशिष्ट मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है,क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है। इसे अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और 21 (जीवन का अधिकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है। अदालत ने जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के अधिकार, स्वदेशी अधिकार, लैंगिक समानता और विकास के अधिकार सहित विभिन्न मानवाधिकारों के बीच अंतर्संबंध पर भी प्रकाश डाला। फैसले में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सुरक्षित स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक 'मौलिक मानव अधिकार' है। 'स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार का उल्लंघन कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है जिसमें जीवन का अधिकार, व्यक्तिगत अखंडता, स्वास्थ्य, पानी और आवास के साथ-साथ सूचना,अभिव्यक्ति, संघ और भागीदारी जैसे प्रक्रियात्मक अधिकार शामिल हैं। अदालत ने जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

पूरा ब्रह्मांड सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। इसीलिए यह जीवंत है। अवलोकनों से पता चलता है कि ब्रह्मांड का विस्तार हो रहा है एवं विकास जीव जंतुओं की एक अंतर्निहित विशेषता है। इसी तरह 1927 में विकसित बिग बैंग सिद्धांत भी जीवन निर्माण के लिए यह वैज्ञानिक व्याख्या करता है। इसके अलावा कॉसमॉस का अर्थ "ब्रह्मांड" होता है,लेकिन इस शब्द का प्रयोग आम तौर पर एक व्यवस्थित या सामंजस्यपूर्ण ब्रह्मांड से है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। पर्यावरण कानून का उल्लंघन सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को कमजोर करता है। अनुमान है कि पृथ्वी पर अब तक रहने वाली सभी प्रजातियों में से 99 प्रतिशत से अधिक,यानी पांच अरब से अधिक प्रजातियां,विलुप्त हो गई हैं। हर दिन 150 प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। प्रति घंटे लगभग तीन प्रजातियां लुप्त हो रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप एक ही दिन में 72 प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। प्रकृति संकट में है और यह और भी बदतर होती जा रही है। चूंकि प्रजातियां के लुप्त होने की दर 10 मिलियन वर्षों में नहीं देखी हैं। 1 मिलियन से अधिक प्रजातियां वर्तमान में कगार पर हैं। यूके स्थित यूटिलिटी बिडर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 30 वर्षों में 668,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र खोने के बाद भारत वनों की कटाई की दर में दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण,कचरे का खराब प्रबंधन,पानी की बढ़ती कमी,भूजल स्तर में गिरावट,जल प्रदूषण,जंगलों का संरक्षण और गुणवत्ता,जैव विविधता की हानि और भूमि/मिट्टी का क्षरण कुछ प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे हैं जिनका भारत आज सामना कर रहा है।

यही सब कारण है कि दस देशों ने शांतिकाल के दौरान अपनी सीमाओं के भीतर पारिस्थितिकी हत्या को एक अपराध के रूप में संहिताबद्ध किया है, जिन देशों ने पर्यावरण हत्या को अपराध घोषित किया है उनमें वियतनाम, यूक्रेन और रूस शामिल हैं। भारत ने कुछ निर्णयों में प्रकृति के कानूनी व्यक्तित्व को मान्यता दी है। कुछ भारतीय निर्णयों में 'पारिस्थितिकी हत्या' शब्द का उपयोग किया गया है,लेकिन यह कानून में पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है। भारत के विधायी ढांचे में विभिन्न पर्यावरण कानून शामिल हैं,जिन्हें समेकन और सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। अतः विश्व में एक पर्यावरणीय कानून, सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को मजबूती प्रदान करेगा।

## प्रसंगवश

# देश का मन होती है माइथोलॉजी

यह मुग्ध भाव की बात है कि मनोविज्ञान वाला अपने बाड़े में रहे और मानव विज्ञान वाला अपने खूंटे से बंधा रहे। इतिहास वाला इतिहास की बात करे और समाजशास्त्र वाला कहे कि मैं मानव विज्ञान की बात क्यों करूं,वह तो आउट ऑफ कोर्स है। हमें मनुष्य का अध्ययन करना है,इन परिधियों को लांघना है। आपको किसी पेपर की तैयारी करनी है कि किसी परीक्षक से आतंकित हो रहे हैं? माइथोलॉजी किसी भी देश का मन होती है। क्या सचमुच हम भारत के मन को जानना चाहते हैं? या हमने मान लिया है कि हम सब जानते ही हैं? माइथोलॉजी को जानने की जरूरत ही क्या है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विश्व के लोकवार्ताशास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं,आपको रुचि हो-लिन्क्ड-इन,पर जाकर माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मैसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथकशास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली,लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। लिन्क्ड-इन पर माइथोलॉजी-ग्रुप- डिस्कशन में एक दिन सवाल उठा-क्या मृत्यु को जीता जा सकता है? मृत्युंजय की अवधारणा, अजर-अमर की अवधारणा,अमृत,शुक्राचार्य की मृतसंजीवनी-विद्या की परिकल्पना भविष्य के वैज्ञानिक-मानस के लिए एक संभावना भी है चुनौती भी। सन् 1966 में सौंख (मथुरा के पास) में जर्मनी के पुरातत्वविदों ने एक टीले की खुदाई की,सभ्यताओं की दो परतें थीं- एक के नीचे दूसरी। इसी तरह मिथक समष्टि मानस की स्मृतियों के टीले की तरह है जिनमें युगयुगीन-स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं।

मनुष्य और उसके मन को जानने के लिए यह कितनी विशाल सामग्री अनुसंधान की प्रतीक्षा कर रही है। हम मनुष्य की महिमा से परिचित हैं तो यह बात स्पष्ट है कि मिथक की रचना भी लोकमन ने ही की है और आज भी उसे कहता-सुनता है। मिथक के द्वारा क्या हम मनुष्य के मन को जान सकते हैं? साइकोलॉजी की साइकी ग्रीक-मिथक नहीं है? वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोक जीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। मिथक को हम क्यों केवल धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं?

# ब्रिक्स मुद्रा की अड़चनें

डॉलर और सोने के बीच एक उल्टा अनुपात काम करता है। दुनिया में इन दोनों चीजों को सबसे ज्यादा भरोसेमंद संपदा समझा जाता है। वित्तीय संस्थाएं और अमीर लोग अपनी संपत्ति सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों शक्लों में जोड़ते हैं और सोने की कीमतों में अक्सर यह रुझान दिखता है कि डॉलर पर कोई झटका आए तो वे मजबूत होती हैं। पिछले दो साल में खासकर इधर के छह महीनों में सोने की कीमतों का तेजी से बढ़ना समझ में आता है। दुनिया में दो लड़ाइयां चल रही हैं जिनके कभी भी भड़क कर बड़े दायरे में फैल जाने का डर बना हुआ है। विश्व अर्थव्यवस्था में जब भी डर बढ़ता है,सोने की खरीद बढ़ जाती है। फिर भी महीने भर के अंदर सोने का 60 हजार रुपया प्रति तोले से सीधा 20 फीसदी चढ़कर 72 हजार रुपया तोले पर पहुंच जाना समझ से परे है।

कोई ज्यादा बड़ी हलचल सतह के नीचे चल रही है,जिस पर पर्याप्त खबरें नहीं आ रही हैं। अलबत्ता अमेरिकी वित्त सचिव जैनेट येलन का बिना किसी गर्जन-तर्जन के चार दिन चीन में जाकर बैठ जाना ऐसे कुछ संकेत जरूर दे रहा है। इधर एक आंकड़ा चर्चा में है कि ब्रिक्स देशों के सरकारी खजाने में 2008 की मंदी के समय 1500 टन सोना था, जो अभी 6600 टन के आसपास पहुंच गया है। ध्यान रहे यह आंकड़ा इस साल की शुरुआत में ब्रिक्स में आए पांच नए देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इजिप्ट और इथियोपिया को जोड़कर नहीं निकाला गया है।

पांचों पुराने ब्रिक्स देशों भारत,चीन,रूस,ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का ही यह आंकड़ा है और 238 टन सोना तो चीन ने सरकारी इस्तेमाल के लिए अभी जनवरी 2024 के सिर्फ एक महीने में खरीदा है। ब्रिक्स के खजाने में सोना बढ़ने



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है,लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं।

की वजह यह बताई जा रही है कि अपने भीतरी कारोबार में डॉलर का इस्तेमाल अब वे बिल्कुल ही बंद कर देंगे। व्यापार में किसी का किसी पर कुछ निकलेगा तो ब्रिक्स मुद्रा न सही,सोने में भरपाई हो जाने का भरोसा रहेगा।

यह सही है कि ब्रिक्स की समानांतर मुद्रा खड़ी करके डॉलर को सीधी टक्कर देने की बात अभी सिर्फ रूसी कर रहे हैं। नाटो, जी-7 और यूरोपियन यूनियन के साथ वे आमने-सामने की लड़ाई जैसी हालत में हैं। दो साल से उनकी आर्थिक नाकेबंदी चल रही है। व्यापार की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से रूस का संपर्क तोड़ा जा चुका है। अमीर मुल्कों में पड़ी सैकड़ों अरब डॉलर की रूसी संपदा और निवेश जब्त किया जा चुका है। ऐसे में इतने ठोस व्यापारिक मामले में भी उनका युद्ध की भाषा बोलना बनता है,लेकिन बाकी ब्रिक्स देश ऐसे किसी अतिरेक से बचना चाहते हैं। कुछ तो इसलिए दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था से पंगा लेने में कोई समझदारी नहीं है और कुछ इसलिए भी क्योंकि उनकी राष्ट्रीय संपदा का दस से बीस प्रतिशत हिस्सा डॉलरों या अमेरिकी बॉन्डों की शक्ल में ही है। उनकी किसी हरकत से डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी बहुतायत हो जाने के कारण अचानक कमजोर होता है तो यह अपनी रकम अपने हाथ से जला देने जैसा होगा,लेकिन एक बात तय है कि इस तरह की एक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके नतीजे देर-सबेर आने ही आने हैं।

ब्रिक्स के अलावा कई और देश भी अभी गैर-डॉलर कारोबार में जाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) देशों के आर-पार मुद्रा की आवाजाही की एक अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली है। इसका नियंत्रण अमेरिका के हाथ में है,लेकिन इसका इस्तेमाल उसे दंड के औजार या दबदबे के हथियार के रूप में नहीं करना चाहिए था। यह काम 1914 में रूस के खिलाफ बराक ओबामा ने किया। फिर डॉनल्ड ट्रंप ने इसे चीन के खिलाफ आजमाने की धमकी दी और अभी जोसफ बाइडन ने रूस को इससे बाहर ही कर दिया। इसके जवाब रूसियों ने एसपीएफएस और चीनियों ने सीआईपीएस के रूप में खोजा जिसका इस्तेमाल कई देशों से व्यापार में हो रहा है। स्विफ्ट का विकल्प खड़ा करने के लिए ऐसे ढांचों को जोड़ना काफी है। रही बात ब्रिक्स मुद्रा की तो इसका रास्ता उतना आसान नहीं है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन आदि जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है,लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं। चीन के स्वाभाविक प्रभुत्व वाले इस खेमे का अभिन्न अंग बनकर रहना भारत के लिए संभव नहीं है,न ही ईरान से नजदीकी बनाए रखना सऊदी अरब और यूएई के लिए बहुत आसान होने वाला है। फिर भी मामला यह है कि ब्रिक्स का, और उसके पीछे दुनिया के कई देशों का एक अलग वित्तीय ढांचा समय की मांग है। डॉलर के इर्दगिर्द घूम रही विश्व वित्तीय व्यवस्था हकीकत में एक छलावा है और कभी न कभी इसे ध्वस्त होना ही है।

## सोशल फोरम

# छिपकली और चूहे

एक कहावत है "नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।" अब बिल्ली हज को जा सकती है या नहीं। या उसके लिए भी कहीं उसके देश विशेष के धर्म के आधार पर प्रवेश वर्जित तो नहीं। ये जानकारी मुझे नहीं। इसके लिए तो किसी मौलवी से फतवा लेना होगा।

चूंकि मुस्लिमों में नियम कानून बहुत सख्त हैं तो ये प्रश्न खड़ा हो गया,लेकिन अपने देसी धर्मों में इतने कठोर नियम कानून नहीं। बड़े लचीले धर्म हैं हमारे। यहां नौ सौ क्या हजारों कीड़े खाकर भी एक छिपकली ऊपर वाले की तस्वीर के पीछे आराम फरमा सकती है। इससे यहां किसी को कोई कष्ट नहीं। यहां ये बड़ी सामान्य सी बात है। अपने देश मे छिपकली से प्रेरणा लेने वाले बहुत से बड़े-बड़े छिपकले भी हैं। राम लला हम आएंगे वाला स्लोगन तो आपने सुना ही होगा।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यहां किसी को भी राम जी से तकलीफ नहीं। इस देश में रामजी सबके हैं और सब रामजी के। यहां तकलीफ उनके पीछे छिपने वाले लोगों से है। उनके नाम को भुनाने वालों से है। बात चूहे से शुरू हुई और देश और ऊपर वाले तक पहुंच गई। आप कह सकते हैं कि भला ये क्या बेतुकी बात हुई। भाई इतनी बड़ी भूमिका मुझे इसलिए बांधनी पड़ी की आप केवल ऊपर वाले के पीछे छिपने वाले छिपकलों पर ही ध्यान न दें,बल्कि देश कुतरने वाले चूहों से भी सावधान रहें। आज इनकी संख्या बेशुमार बढ़ चुकी है।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा,बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा,बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा। **-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे आंबेडकर

आंबेडकर भारतीय संविधान निर्माता और कानून के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक पक्के राष्ट्रवादी थे। इतिहासकार दुर्गादास ने अपनी पुस्तक ''इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू एंड आफ्टर" में पृष्ठ 236 पर लिखा भी है ''ही वाज नेशनलिस्ट टु द कोर।" आंबेडकर कहते हैं,मैं चाहता हूं कि भारत के सभी लोग सपने जैसी सभी बातों से ऊपर उठकर अपने आपको भारतीय और केवल भारतीय ही समझें। यदि किसी कारण से ऐसा नहीं हो पता है तो हम यह सबसे बड़ा पाप कर बैठेंगे और मैं हमेशा अपने सामर्थ्य के साथ इसका विरोध करता रहूंगा।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यही कारण है कि संविधान की प्रस्तावना नागरिकों के बीच समानता और बंधुत्व पर बल देती है। कोई भी राष्ट्र अपनी परंपराओं, संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं के एक साथ आने से बनता है। इसलिए राष्ट्रवाद में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं है। आंबेडकर ने भी भारत के बारे में इस दृष्टि को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझाया। उन्होंने भूमि,उसके समाज और राष्ट्र निर्माण की सर्वोत्तम परंपराओं को महत्व देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र कोई भौतिक इकाई नहीं है। यह निरंतर प्रयासों, बलिदान और देशभक्ति का परिणाम है। उन्होंने राष्ट्रीयता को "दयालु चेतना, रिश्तेदारी के उस बंधन के अस्तित्व के बारे में जागरूकता" के रूप में वर्णित किया,क्योंकि इसी तरह लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और बंधुत्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे चाहते हैं कि भारत के सभी लोग स्वयं को भारतीय माने। आंबेडकर ने सन् 1940 में देश के विभाजन की स्थिति में हिंदू एवं मुस्लिम जनसंख्या के पूर्ण स्थानांतरण की बात की थी। उन्होंने यह बात अपनी पुस्तक ''पाकिस्तान ऑर द पार्टिशन ऑफ इंडिया" में लिखी है। आंबेडकर ने बड़े स्पष्ट शब्दों में दलित समाज से कहा था कि जिन्ना को इसलिए अपना मत समझो कि वह हिन्दू विरोधी हैं। जब जरूरत होती है तब दलितों को हिन्दुओं से अलग मान लेते हैं और जब जरूरत नहीं तो उन्हें हिन्दुओं के साथ मान लेते हैं। मत समझो कि वे तुम्हारे मित्र हैं। उन पर विश्वास मत करो। आंबेडकर ने पाकिस्तान में छूट गए दलितों से कहा था,जैसे भी हो सके भारत आ जाओ। वह समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो देश की अखंडता एवं एकता को आज भी सुरक्षित किए हुए है। नागरिकों के हितों की सुरक्षा हेतु संविधान में मूल आधारों की व्यवस्था की। अर्थशास्त्र के शोध छात्र के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व वित्त आयोग का प्रारूप दिया।

निर्वाचन आयोग,योजना आयोग, वित्त आयोग, महिला पुरुष के लिए समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, मानवाधिकार, निर्वाचन आयुक्त और सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं विदेश नीति बनाई। डॉ.आंबेडकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाने के लिए काम किया। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि औद्योगीकरण देश के बेहतर विकास के लिए जिम्मेदार है। उनके अनुसार औद्योगीकरण बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा करता है,जो पूंजीगत वस्तुओं के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं का निर्माण करता है, जो बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए आवश्यक है, विदेशी मुद्रा बचाते हैं,कच्चे माल का तर्कसंगत उपयोग करते हैं और देश का व्यापक विकास करते हैं। उन्होंने माना कि सामाजिक उत्थान के लिए आर्थिक सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण व्यक्त किया,जो भूमि सुधार,औद्योगीकरण और सामंती प्रथाओं के उन्मूलन पर केंद्रित था। उनकी पुस्तक, "द प्रॉब्लम ऑफ द रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन" ने उनके आर्थिक कौशल और भारत में आर्थिक असमानताओं को दूर करने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

देश के कानून मंत्री के रूप में हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में उत्तराधिकार और उनके सशक्तीकरण का पथ प्रशस्त किया। आंबेडकर ने अपने समर्थ सहयोगियों के साथ संविधान का मसौदा तैयार किया और देश की परंपराओं,आस्था और मान्यताओं को आवाज दी,लेकिन उनकी दृष्टि में देश के सभी नागरिक पहले भारतीय थे,उनकी अन्य पहचान बाद में आई। अगर हम संविधान सभा में आंबेडकर के बयानों पर गौर करें तो हमें राजनीति, कानून, इतिहास और दर्शन का एक अनूठा संगम मिलता है। नवंबर 1948 में संविधान के मसौदे पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए,उन्होंने भारत को "राज्यों का संघ" कहने के निर्णय की व्याख्या की। मेरा मानना है कि आंबेडकर भारत में सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे,इसलिए उन्होंने कहा,"अगर हम लोकतंत्र का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानना होगा,क्योंकि संविधान का भव्य महल लोगों की नींव पर खड़ा है।" उन्होंने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में एसी-एसटी के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की।

# एक नेता ऐसा भी

जब कामराज मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के मुख्यमंत्री थे,उस समय उनके मंत्रिमंडल में सात मंत्री थे। उनमें से एक मंत्री दलित समाज से पी.कक्कन भी थे। एक समय में उनके पास होम अफेयर, लोक निर्माण विभाग,कृषि, सिंचाई, पशुपालन, पुलिस, कारागार, वित्त, शिक्षा, श्रम विभाग रहे। पी. कक्कन 10 वर्ष तक कैबिनेट मंत्री रहे। राजकीय कार्यों से राज्य में भ्रमण के दौरान वे अपने कपड़े भी स्वयं ही धोते थे। एक बार उन्हें त्रिची के दौरे पर जाना था। संयोगवश उनकी ट्रेन छूट गई और अगली ट्रेन अगली सुबह थी। उन्होंने किसी रेलवे स्टाफ या अन्य अपने अधीन किसी अधिकारी से भी संपर्क नहीं किया। वे खुले में रेलवे प्लेटफार्म की बेंच पर ही सो गए।



आधी रात को रेलवे पुलिस के एक सिपाही ने अपनी लाठी से धकेल कर उन्हें जगाया। पुलिस सिपाही ने उनसे पूछा कि तुम कौन हो? आप यहां नहीं सो सकते, बाहर जाकर सोइए। पी. कक्कन जी ने उत्तर दिया 'सर मेरा नाम कक्कन है,मैं पुलिस और गृह विभाग का मंत्री हूं, सुबह ट्रेन आने पर मैं चला जाऊंगा।'



उमाकांत दीक्षित
वरिष्ठ पत्रकार

पुलिसकर्मी हैरान रह गया,हकला कर बोला...'सर, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। मुझे माफ कर दो। सर आप प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में रुक सकते हैं।' उन्होंने जवाब दिया ... 'नहीं, मेरे लिए यही आराम काफी है।' और प्लेटफार्म की बेंच पर सो गए। उनके ट्रेन में चढ़ने तक पुलिस ने उनकी सुरक्षा की। क्या आज हम ऐसे सरल और ईमानदार मंत्रियों से उम्मीद कर सकते हैं?

## एक नजर

### सपा में सचिन रावत व प्रदीप यादव को मिली जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राज्य कार्यकारिणी में सचिन रावत निवासी लखनऊ को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदीप यादव निवासी चंदौली को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

### अश्लील वीडियो के जरिए बनाया शादी का दबाव, रिपोर्ट

**अमृत विचार, रामपुर :** नगर पालिका के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने अपनी साथी युवती का अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शादी करने का दबाव बनाया। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए छेड़खानी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पालिका कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती का कहना है कि वह नगर पालिका में कांट्रेक्ट बेस पर काम करती है। आरोपी से उसकी जान-पहचान हो गई थी। जिसके बाद आरोपी उस पर शादी का दबाव बनाने लगा, मना करने पर धमकाने लगा।

# हर्षोल्लास से मनी ईद, गले मिलकर दी मुबारकबाद

## ऐशबाग ईदगाह और टीले वाली मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर अदा की ईद की नमाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईदगाह में मौ. खालिद रशीद फरंगी महली और टीले वाली मस्जिद में मौ. शाह फजलुल मन्नान रहमानी ने अदा करवाई नमाज

**अमृत विचार :** देशभर में गुरुवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इससे पहले देश-प्रदेश की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। राजधानी लखनऊ में भी सुबह शहर की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज हुई। इसके बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी।

ऐशबाग ईदगाह और टीले वाली मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। इस दौरान ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और टीले वाली मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना शाह फजलुल मन्नान रहमानी ने अदा करवाई।

इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ईद की मुबारकबाद दी और कहा, ये त्योहार जहां हम एक-दूसरे के गले मिलते हैं, सेंवइयां खाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करते हैं, यही हमारे देश की खूबसूरती रही है। हम एक-दूसरे का सम्मान करें और एक-दूसरे को मोहब्बत की नजर से देखें। मैं इसी उम्मीद के साथ आप सभी को ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं।

वहीं, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, मैं ईद के मौके पर हमारे मुस्लिम भाई-बहनों को बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं और ये भरोसा दिलाता हूं कि हमारी सरकार उनके हक के लिए लगातार काम करती रहेगी।

# तीखी बयानबाजियों के बीच मिले अखिलेश-ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद के मौके पर गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने के लिए शहर की ईदगाह मस्जिद में पहुंचे तो उसी समय वहां पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। सभी की निगाहें इस दृश्य पर थीं कि एक-दूसरे पर राजनीतिक तीखी बयानबाजियां करने से पीछे न हटने वाले इस वक्त आमने-सामने कैसे पेश आएंगे?

बहराल, इसी बीच अखिलेश आगे बढ़े और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर हाथ बढ़ाया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। इस मौके पर मंत्री दानिश अली भी मौजूद थे। अखिलेश ने उनसे भी मुलाकात की। दरअसल, एक दिन पहले ही बुधवार को अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणा पत्र जारी किया था जिस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा था कि सपा के घोषणा पत्र में माफियाराज और गुंडाराज की वापसी की बात की गई है। उन्होंने तर्क था कि सपा का विजन और मिशन प्रदेश को लूटना है, संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है। इनका पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। इसी प्रतिक्रिया के एक दिन बाद ईद के अवसर पर जब दोनों नेता आमने-सामने आए तो बिना किसी झिझक के एक-दूसरे का अभिवादन किया।



ऐशबाग ईदगाह में नमाज के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से हाथ मिलाते सपा प्रमुख अखिलेश यादव, साथ में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली। अमृत विचार

- सपा प्रमुख ईद पर लखनऊ की ईदगाह पहुंचे, मौके पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलाया हाथ

### लखनऊ महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन 14 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन 14 अप्रैल को सीएमएस गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शामिल होंगे।

लोकसभा चुनाव में बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर आयोजित सम्मेलन और लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत बैठकों में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लोकसभा संचालन समिति संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में बूथ प्रबंधन समिति के साथ मंडल अध्यक्षों, प्रवासियों और वार्ड अध्यक्षो व वार्ड मंत्रियों की बैठकें आयोजित की गई। जिसमें सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, राजीव मिश्रा, चेतन सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईद पर मुस्लिम धर्म गुरुओं से मिले अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद के पर्व पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राजधानी स्थित मस्जिदों पर पहुंच कर मुस्लिम धर्म गुरुओं से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष ने ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुर मन्नान व शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी और देश की तरक्की के लिए दुआ की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सैफ अली नकवी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, पूर्व प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस मध्य जोन के चेयरमैन तारिक सिद्दीकी, ललन कुमार, मेहंदी हसन, फखरुल इस्लाम, अमन यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


ईद के मौके पर मुस्लिम धर्मगुरु से मुलाकात के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

### ईदगाह में पहली बार दो बार अदा की गई ईद की नमाज

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** इस बार पहली बार ईदगाह में दो बार ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। वहीं ईदगाह के अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी गई।

नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। दो दिन पहले ही शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने ऐलान कर दिया था कि इस बार सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। उन्होंने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए दो नमाज अदा करने का फैसला लिया था। इसलिए गुरुवार को ईदगाह में सुबह 8 बजे और इसके बाद 9 बजे दो जमातों में नमाज पढ़ाई गई।

# तीसरे चरण के लिए नामांकन आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 7 मई को होगा मतदान



- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच किए जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण के अंतर्गत सम्भल, हाथरस (अजा.), आगरा (अजा.), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला और बरेली की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। इस चरण की 10 लोकसभा सीटों में 8 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप्र. में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल शुक्रवार निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल शनिवार को की जायेगी। 22 अप्रैल सोमवार को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। मतदान 7 मई मंगलवार को होगा।

# दहेज उत्पीड़न में सात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 30 मार्च 2008 को कानपुर के नया चौक निवासी गौसुल आबेदीन से हुआ था तहमीना का निकाह
- पीड़िता ने ससुराल वालों पर लगाया जबरन गर्भपात कराने का आरोप

**अमृत विचार :** दहेज की खातिर महिला को मारपीट करके घर से निकालने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रोजा विला कालोनी निवासी तहमीना के अनुसार, उसका निकाह 30 मार्च 2008 को कानपुर के नया चौक निवासी गौसुल आबेदीन से हुआ था। शादी के समय मायके वालों ने काफी दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह उससे और दहेज की मांग कर रहे थे। इस दौरान महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया, लेकिन ससुराल वाले तब भी नहीं सुधरे। लगातार दहेज के लिए उसे परेशान करते रहे। काफी परेशान हो जाने के बाद तहमीना ने 2019 में सिविल लाइन थाने में ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद ससुरालियों ने तहमीना को किसी तरह मना लिया था और मामला वापस करा दिया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने उसका गर्भपात करा दिया। 25 जनवरी 2023 को ससुराल वालों ने गला दबाकर उसे मारने का प्रयास किया। इसके बाद तहमीना ने पुलिस को तहरीर दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने अदालत की शरण ली। जानकारी मिलने पर ससुराल वालों ने फिर से राजीनामा करा लिया। आरोप है कि महिला के ससुराल वालों ने 24 नवंबर 2023 को महिला के पति को संपत्ति से बेदखल कर दिया। इसके बाद महिला को घर से भगा दिया और उसके पति को कहीं छिपा दिया।

2 दिसंबर 2023 को ससुराल वाले उसके मायके आ गए। उन्होंने कहा कि तुम्हारे पति को हमने छिपा दिया है। इसका इल्जाम तुझ पर ही लगाएंगे। पीड़िता ने इस मामले में सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है। इसके आधार पर पुलिस ने गौसुल, गुलाम गौस, आयशा बेगम, शाजिया, बानो, जैनब व सना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पथरा गईं आंखें तेरे इंतजार में 'विकास'

इरा अवस्थी, कन्नौज

## लोस चुनाव

- पांच साल बीते, फिर आया चुनाव, अब तो रामजी करेंगे बेड़ा पार
- फिर से शब्दों के वार-प्रतिवार लेकिन वोटर हुआ होशियार

**अमृत विचार :** मौसम आ गया है भीषण गर्मी का और इसके साथ ही चुनाव का भी। थक गईं आंखें इंतजार में पर कन्नौज में नहीं आया 'विकास'। इसकी ही आस में किया था पांच साल पहले मतदान, किया था श्रीमानजी को विराजमान कि कन्नौज भी इटावा का सैफई हो जाएगा। आस निराश हो गई और फिर से लोकसभा चुनाव की दुंदभी बज गई। खास बात यह है कि संचार क्रांति के दौर में वोटर वोट की चोट के लिए तैयार है, लेकिन मौन रहकर।

हर पांच साल में देश लोकतंत्र का उत्सव मनाता है। जिसे पहले चुना होता है उसके कार्यों का लेखा-जोखा देखकर तय होता है कि अब क्षेत्र समेत देश में किसकी सरकार होगी। भले ही देश का मुखिया चुनने का चुनाव होता है, लेकिन संबंधित क्षेत्र का नुमाइंदा ही है जो 'जन' की समस्या सुनने के साथ ही उसका सुख-दुख का साथी होता है। यही कारण है कि पांच साल पहले कन्नौज ने पिछले दो चुनावों से जनता के दर पर दस्तक दे रहे स्थानीय 'बेटे' को मौका दिया। सोच यही थी कि स्थानीय जनप्रतिनिधि होगा तो तय है शहर समेत समूचे क्षेत्र में विकास ही विकास दिखेगा, लेकिन जनता का दर्द अब उभरना शुरू हो चुका है। यह कि समय बीता, एक और चुनाव आ गया, लेकिन 'विकास' कहीं नहीं दिखाई दिया। शनिवार को संवाददाता ने कुछ लोगों से बातचीत की तो आक्रोश साफ झलका।

उनका कहना था कि बेशक शीर्ष नेतृत्व मजबूत और बढ़िया है, लेकिन हमें काम होगा तो वहां तक नहीं पहुंच सकेंगे। सड़क की तरफ इशारा करते हुए कहा कि रोज ही शानदार गाड़ी से यहीं से गुजरते हैं, लेकिन यह गड्ढा तक नहीं दिखाई देता। एक अन्य व्यक्ति बोल पड़े कि 2019 में बड़ी उम्मीद से वोट दिया था, लेकिन तब और न अब कभी उन्होंने रुख मिलाया। इसी दौरान चर्चा में एक सब्जी बेचने वाला शामिल हो गया। बोला, 'पांच सालन में एक ईंट लौ रखी होय तो बताबौ, काम तौ कहूं दिखाई नाहीं पड़त।' चर्चा गति पकड़ने लगी तो कुछ और लोग जमा हो गए। जितने लोग उतनी बातें। कुछ बोले, 'हमायी गली का बनवैयें जब अपने घर लौ की सड़क नाहीं बनवाए पाए।' इसी दौरान एक ई रिक्शा चालक आकर रुकता है और उसमें बैठीं सवारियां बतियाने लगती हैं कि 'मकन्गर से लाखन तिराहा जइबै होए तो 10 बार सोचन पड़त है। फूलमती देवी मंदिर से लै के लाखन तिराहा और फिर हुआं से छिपट्टी तक जान पड़ै तौ इतने गड्ढा हैं सड़कन पै कि शरीर को पोर-पोर हिल जात है।'

हालांकि बातें तो तमाम हुईं, लेकिन स्थानीय होने से कोई भी व्यक्ति नहीं चाहता था कि उसके नाम का उल्लेख खुलेआम किया जाए। उन्हें डर है कि ऐसा होता है तो बेवजह दुश्मनी हो जाएगी या फिर भुगतना भी पड़ सकता है। उधर, राजनीतिक दलों में शब्द बाणों से एक दूसरे पर वार प्रतिवार तेज हो चुके हैं। इसमें किसी को अपनी हद तक की परवाह नहीं है। बहराल 'श्रीमान जी' को पूरा भरोसा है कि 'रामजी' जरूर एक बार फिर से बेड़ा पार कर देंगे, लेकिन वोटर खबरदार होने के साथ ही होशियार भी हो चुका है।

## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1. 1. किस्मत, भाग्य, नसीब, प्रारब्ध 2. संयोग।

5. सिंचाई (खेत आदि)।

7. 1. जो इच्छा के अनुकूल हो, इच्छानुकूल 2. रुचिकर, कामनावाला 3. आसक्त, कामुक।

8. कपड़े धोने वाला व्यक्ति, धोबी।

9. 1. जम्हाई लेते हुए शरीर को तानना, हाथ उठाकर शरीर को मोड़ना-तोड़ना, थकान दूर करने की शारीरिक क्रिया, अंग-विक्षेपण 2. परिवर्तन की आकांक्षा के लिए तत्पर होना या क्रियाशील होना, सुप्तावस्था को त्यागना


**ऊपर से नीचे**

2. ऐसा दरबार या न्यायालय जिसमें राजा या बादशाह के सामने सभी उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें, वह स्थान जहां उक्त प्रकार का दरबार लगता हो।

3. 1. कुछ लोगों का समूह, दल 2. मंडली, जत्था 3. नगर या बस्ती का छोटा भाग, छोटा मुहल्ला 4. सिल

4. किसी के चरणों में होने वाला अनुराग, किसी के प्रति होने वाली श्रद्धा।

6. फ़िल्म




### वर्ग पहेली -36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 खु | सु | र | फु | 2 सु | र |
| 3 डों | | | | | रे | |
| ड़ी | | | 4 आ | | शी | |
| | 5 द | ल | द | ल | | 6 खे |
| 7 पा | र | | त | | 8 मो | ढ़ा |
| | गा | | व | | हि | |
| | ह | | 9 श | र | त | |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

### सुडोकू -115 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 13.11 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 13 अप्रैल 12.51 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज दांपत्य जीवन में रोमांस भरपूर रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। लोग आपकी सहृदयता का गलत लाभ उठा सकते हैं। व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।

**वृष** — आज सहकर्मियों को लेकर थोड़ा नाखुश रहेंगे। सेहत की अनदेखी बिल्कुल न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पदोन्नति को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मिथुन** — आज महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। निराशा वाले विचारों से दूर रहें। लंबी दूरी की यात्रा न करें। संतान के भविष्य की काफी चिंता रहेगी। लोग आपके मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी नए व्यापार में निवेश करने की योजना बनाएंगे। समाज में आपको काफी प्रशंसा मिलेगी। निर्माण कार्यों में तीव्रता आएगी। परिवार की जिम्मेदारियों का पूरा ख्याल रखेंगे। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। भविष्य को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं।

**कन्या** — आज किसी मित्र से बहस हो सकती है। आपको मेहनत का उचित परिणाम शायद ही मिलें। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर ही सारे काम करने चाहिए। आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। सामाजिक यश और सम्मान प्राप्त होगा।

**तुला** — आज बुरे लोगों की संगत से हानि होगी। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी में न लें। कुछ प्रियजन आपसे आर्थिक सहायता की अपेक्षा रखेंगे। कुछ सरकारी मामले उलझ सकते हैं। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। परिजनों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।

**धनु** — आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या किसी तरह के सम्मान के योग बन रहे हैं। दूसरों को दिखाने के लिए कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेमियों के बीच आपसी प्रेम काफी बढ़ सकता है।

**मकर** — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय से जुड़े नए मैत्री संबंध विकसित हो सकते हैं। किसी की आलोचना से हतोत्साहित न हों। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों की बाधा दूर होगी।

**कुंभ** — आज अनजान लोगों से दूरी बनाकर ही रखें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से आपकी निंदा हो सकती है। दूसरे कार्यों की वजह से मुख्य काम को समय नहीं दे पाएंगे।

**मीन** — आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। आप यात्राओं का आनंद लेंगे। आपको तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मित्र प्रोत्साहित करेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का रावण — सुबह : 10.24
कीमत — रात : 07.00

SONY PIX
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — सुबह : 10.23
जैंगो अनचेंड — रात : 09.00

&pictures
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10.35
विजय द मास्टर — शाम : 04.09

ZEE CINEMA
गली बॉय — सुबह : 10.10
बेताब — दोपहर : 01.20

StarGold SELECT
लंदन पेरिस न्यूयॉर्क — सुबह : 10.35
राज रीबूट — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका।
एक औरत ने गुस्से से कहा- फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला-कचरा मैंने फेका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई
दूसरे दिन..
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तेरी मम्मी से बोल दे कि वो मुझे भूल जाए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1010, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

### आम चुनाव के बाद दूरसंचार शुल्क में होगी 15-17% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के बाद दूरसंचार उद्योग में 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। देश में 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में आम चुनाव होंगे। चार जून को मतगणना की जाएगी। एंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में शुल्क वृद्धि 'आसन्न' है और भारती एयरटेल को इसका सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है।रिपोर्ट में कहा गया कि हमें उम्मीद है चुनाव के बाद उद्योग 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी करेगा। आखिरी बार दिसंबर, 2021 में शुल्क करीब 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी

# एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

## मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में 17% की वृद्धि, बुनियादी ढांचे के निवेश को मिलेगा बढ़ावा



एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है।

वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी। भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद है। स्थिर ब्याज दरों से निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### इस साल वस्तु व्यापार में आ सकती है 1.2% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं के कारण मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं के वैश्विक व्यापार की वृद्धि में इस साल 1.2 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कहा कि 2023 में वस्तुओं का वैश्विक व्यापार अमेरिकी डॉलर मूल्य में पांच प्रतिशत घटकर 24,010 अरब डॉलर रहा। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई काफी हद तक वाणिज्यिक सेवाओं के व्यापार में मजबूत वृद्धि से हो गई, जो नौ प्रतिशत बढ़कर 7,540 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर वस्तुओं व वाणिज्यिक सेवाओं का निर्यात 2023 में दो प्रतिशत गिरकर 30,800 अरब डॉलर रहा। शोध संस्थान ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन ने 2024 के लिए व्यापार मात्रा में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। इस लिहाज से वस्तुओं के व्यापार में 2023 की तुलना में 2024 में 1.2 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है।

## भारत से चीन को 90 प्रमुख उत्पादों का निर्यात बढ़ा : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है।

भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है। वे हैं लौह अयस्क (2023 में 216.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 अरब डॉलर), सूती धागा (2023 में 542.6 प्रतिशत बढ़कर 61.11 करोड़ डॉलर), मसाले (2023 में 19.4 प्रतिशत बढ़कर 13.22 करोड़ डॉलर), और प्रसंस्कृत खनिज (2023 में 174.19 प्रतिशत बढ़कर 12.9 करोड़ डालर तक)। चीन के लिए 15 अन्य उत्पादों का निर्यात 10 से 100 अरब डॉलर तक बढ़ा है।

## टीपीईएम का शेल इंडिया से करार

**नई दिल्ली।** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने देशभर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए शेल इंडिया मार्केट्स के साथ समझौता किया है।

टाटा मोटर्स की इकाई टीईपीएम ने गुरुवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन नेटवर्क और भारतीय सड़कों पर टाटा की 1.4 लाख से ईवी से प्राप्त आंकड़ों का लाभ उठाया जाएगा। इससे यह तय होगा कि किन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजे राजन ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य मौजूदा चार्जिंग ढांचे को विकसित करना है। शेल इंडिया मार्केट्स के निदेशक संजय वर्के ने कहा कि कंपनी सुविधा, सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूलता को प्राथमिकता देने वाले एकीकृत समाधान पेश करके ईवी चार्जिंग अनुभव को परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## बुनियादी ढांचे पर जोर से निवेश को मिलेगी गति : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ने से निवेश चक्र में सतत आधार पर पुनरुद्धार हो सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट-अप्रैल 2024 के अनुसार, कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों के बीच मजबूत बुनियाद के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पूंजीगत वस्तुओं में निवेश और शुद्ध रूप से वैश्विक मांग के कम असर से वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को गति मिली, वहीं निजी खपत को शहरी मांग से समर्थन मिला। इसमें आपूर्ति पक्ष के बारे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियां और मजबूत हुईं। आवास की बढ़ती मांग और बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर के कारण निर्माण गतिविधियां मजबूत रहीं।




## मर्सिडीज बेंज ने 18,123 वाहन बेचे, अब तक के सबसे ज्यादा




**नई दिल्ली।** लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारत में खुदरा बिक्री स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में भारी मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,123 इकाई रही है। यह किसी एक वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। मर्सिडीज बेंज ने वित्त वर्ष 2022-23 में 16,497 गाड़ियां बेची थीं। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बयान में कहा कि हमने भारत में अबतक का सबसे अच्छा मासिक, तिमाही और पूरे साल का आंकड़ा हासिल किया है। यह भरोसा भारत में मर्सिडीज-बेंज के लिए बेजोड़ प्रतिक्रिया दिखाता है। मार्च तिमाही में कंपनी ने 5,412 गाड़ियां बेचीं जो मार्च, 2023 के 4,697 इकाई के आंकड़े से 15 प्रतिशत ज्यादा है।

## डैमसन टेक की विनिर्माण कार्यों को चीन से भारत लाने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी



पावर बैंक, छोटे स्पीकर और मोबाइल से जुड़े उत्पाद बनाने वाली डैमसन टेक्नोलॉजीज अपने विनिर्माण कार्यों का आधा हिस्सा चीन से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ का शुरुआती निवेश करेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा प्रदाता डैमसन टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक रितेश गोयनका ने कहा कि कंपनी वर्तमान में चीन में उपकरणों का विनिर्माण कर रही है। अब आधा विनिर्माण कार्य भारत स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसका कारण चीन पर कई देशों के प्रतिबंधों के साथ-साथ भारत में सरकारी योजनाओं के तहत दिये जा रहे लाभ हैं। उन्होंने कहा, कि वर्तमान में, हमारा राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। हम आगामी वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार भारत में लाने की योजना बना रहे हैं। हमारी दीर्घकालिक नजरिया धीरे-धीरे पूरे कारखाने के संचालन को भारत में स्थानांतरित करने का है।



## एक नजर

### लॉरेंस बिश्नोई का शार्पशूटर गिरफ्तार मोती नगर की गोलीबारी में था शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला सतेंद्र कुमार (20) पिछले महीने दिल्ली के मोती नगर इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) आर.के. सिंह ने बताया कि सोमवार को कुमार के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद छापेमारी के दौरान उसे धर दबोचा गया। आरोपी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा-कपिल मान गिरोह के सदस्यों में से किसी एक के संपर्क में आया था।

### झारखंड-असम में एनआईए की छापेमारी में पीएलएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड और असम में छापेमारी के बाद नक्सली संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' के एक सशस्त्र सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को झारखंड और असम में दो-दो स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। एनआईए के बयान के मुताबिक छापेमारी के दौरान झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी नक्सली समूह पीएलएफआई का सशस्त्र सदस्य है और वह झारखंड में पीएलएफआई से जुड़े चार मामलों में वांछित था।

### इंदौर में बीबीए छात्रा ने 16 मंजिला इमारत से लगाई छलांग, मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में 16 मंजिला निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाकर 22 वर्षीय बीबीए छात्रा ने बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मुस्कान अग्रवाल (22) ने लसूड़िया थाना क्षेत्र में 16 मंजिला एक निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाई और नीचे गिरते ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमें अब तक मुस्कान का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को 16 मंजिला इमारत की छत पर मुस्कान का चश्मा और मोबाइल फोन मिला है। उन्होंने बताया कि मुस्कान बड़वानी जिले की रहने वाली थी और इंदौर के एक निजी महाविद्यालय से बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की पढ़ाई कर रही थी। विश्वकर्मा ने बताया कि बीबीए छात्रा की मौत की अलग-अलग पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### क्रिकेटर हार्दिक पंड्या का सौतेला भाई ठगी के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को 'पॉलिमर' कारोबार में उनके और उनके भाई क्रुणाल के साथ कथित तौर पर चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को 37 वर्षीय वैभव पंड्या को आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या ने अपने सौतेले भाई के साथ मिलकर मुंबई में एक साझेदारी-आधारित इकाई की स्थापना की। वैभव ने साझेदारी खाते से लगभग एक करोड़ की धनराशि भी अपने खाते में स्थानांतरित कर ली।

## किसानों को मिलेगी एमएसपी और अग्निपथ योजना को रद कर देगी कांग्रेस सरकार

# किसान और युवा की कोई सुनने वाला नहीं: राहुल

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर में बोले राहुल गांधी- मीडिया का काम जनता के मुद्दे उठाना, एक चेहरे को दिखना नहीं



जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और युवा रोजगार मांग रहे हैं, महिलाएं महंगाई से राहत चाहती हैं, लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं है।

गांधी ने कहा कि यह आम चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। यह चुनाव पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का, और सामान्य जाति के गरीबों का है। देश में दो सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। किसी से भी पूछो देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है.. महंगाई दूसरा बड़ा मुद्दा है। नब्बे प्रतिशत लोग आपको कहेंगे पहले नंबर पर बेरोजगारी.. दूसरे पर महंगाई... लेकिन अगर आप भारतीय मीडिया से पूछेंगे या मीडिया को देखेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी (के बेटे) की शादी है। मीडिया का काम जनता का मुद्दा उठाना है। मगर मीडियाकर्मी जनता की आवाज, जनता के मुद्दों के बारे में कभी बात नहीं करते.. यदि ये लोग बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें नहीं बोलते देंगे।

### 22 अमीरों के पास उतना धन जितना 70 करोड़ जनता के पास

राहुन ने कहा हिन्दुस्तान के सबसे अमीर 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। एक तरफ 70 करोड़ लोग उसमें पिछडे वर्ग, दलित आदिवासी, गरीब लोग और दूसरी तरफ 22 लोग। सत्तर करोड़ में से किसान कह रहे हैं, हमें एमएसपी दे दीजिये युवा कह रहा है हमें रोजगार दे दीजिये.. महिलाएं कह रही हैं महंगाई से हमें बचाइए... पर कोई सुननेवाला नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और सरकार में संविदा मजदूरी को खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने 'अरबपतियों' का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। नरेंद्र मोदी सीधा कह देते है.. मैं किसानों को एमएसपी नहीं दूंगा.. किसान आतंकवादी हैं.. और मैं एमएसपी नहीं दूंगा। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान कर दे रहा है। हमारी सरकार एमएसपी लागू करेगी। यदि मोदी उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करेगी।

## सीएए, एनआरसी और यूसीसी हम स्वीकार नहीं करेंगे : ममता



रेड रोड में सभा को संबोधित करतीं ममता बनर्जी ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा जेल बनवाए लेकिन क्या 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेड रोड में जनसभा को किया संबोधित

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है।

बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा। बनर्जी ने कहा जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं भाजपा से कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।

### भाजपा के भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड: यशवंत

**नई दिल्ली।** चुनावी बॉण्ड को बड़ा घोटाला और नोटबंदी को काले धन को सफेद में बदलने का तरीका करार देते हुए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने भ्रष्ट कृत्यों पर गोपनीयता की चादर ढक देती है और उम्मीद करती है कि लोगों को उनके बारे में कभी पता नहीं चलेगा। सिन्हा ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 400 से अधिक सीटें जीतने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की ताकत को कम आंका जा रहा है। सिन्हा (86) ने कहा कि वह राजनीति से संन्यास ले चुके हैं और वापसी की उनकी कोई योजना नहीं है, जबकि उनके पूर्व संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से अनेक लोग उनसे इस बार चुनाव लड़ने का आग्रह कर चुके हैं।

## अनुकरणीय प्रदर्शन का दावा दुष्प्रचार : थरूर

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में मजबूत प्रदर्शन के भाजपा के दावे को उसके दुष्प्रचार का परिणाम बताया और कहा कि सत्ताधारी दल उत्तर में साम्प्रदायिकता, धार्मिक विभाजन और मूलनिवासी सामाजिक विभाजन जैसे जो विमर्श गढ़ता है, वे वहां लागू नहीं होते।

थरूर ने दक्षिण में आक्रामक सियासी रणनीति अपनाने वाली भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक ऐसी पार्टी जो 'विकास' पर ध्यान केंद्रित करने का दावा करती है, उसके एजेंडे की उस क्षेत्र में स्वीकार्यता सबसे कम है जो वास्तव में सबसे अधिक 'विकसित' क्षेत्र है। थरूर ने कहा कि हिंदी, हिंदुत्व, हिंदुस्तान के प्रभुत्व की तलाश वास्तव में हमारी बहुलवादी चेतना की नींव के लिए सबसे प्रमुख खतरा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय धर्मनिरपेक्षता देश की संस्कृति के 'डीएनए' में अंतर्निहित है और यह इतनी आसानी से गायब नहीं होगी।

देश में राम मंदिर की लहर से भाजपा को फायदा मिलने की संभावना पर, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य ने कहा, भाजपा का धर्म का राजनीतिकरण तब बहुत आगे बढ़ गया जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, जिसके लिए वह स्पष्ट रूप से योग्य नहीं हैं।

## उत्तर पश्चिम भारत में इस सप्ताहांत में बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों और अरब सागर से आने वाली उच्च नमी के कारण इस सप्ताह के अंत में उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ों और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 13 से 15 अप्रैल के बीच गरज के साथ बारिश होने, बिजली कड़कने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवन के रूप में पश्चिम ईरान पर स्थित है और मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक और चक्रवाती परिसंचरण के रूप में 72 अंश पूर्व देशांतर के साथ 32 अंश उत्तरी अक्षांश तक फैला है। 13-15 अप्रैल के दौरान अरब सागर से उत्तर पश्चिम भारत में उच्च नमी आने की संभावना है। उसने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, 13-15 अप्रैल के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना है, जिसकी तीव्रता शनिवार और रविवार को चरम पर हो सकती है। आईएमडी ने तेज हवाओं से फसलों को नुकसान होने और ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की।

## प्रधानमंत्री गरीबों, पिछड़ों के लिए कर रहे काम : शाह

मंडला (मध्य प्रदेश), एजेंसी

- कांग्रेस पर बरसे केंद्रीय गृह मंत्री, बोला- 70 साल में विपक्ष ने आखिर आदिवासी समुदाय के लिए क्या किया, जवाब दें कांग्रेस



मंडला में जनसभा करते अमित शाह ● एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वंशवाद की राजनीति करने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की गुरुवार को आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों तथा पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं।

शाह ने कहा कि आगामी चुनाव में लोगों को उन नेताओं के बीच चयन करना होगा जिनमें से एक ने समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है और दूसरों ने अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाया है। शाह मंडला (सुरक्षित) लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के लिए एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक टीम है जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं और दूसरी तरफ एक टीम का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है। घमंडिया गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाना है, जबकि मोदी का एकमात्र उद्देश्य गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि 82 लाख लाभार्थियों को घर उपलब्ध कराए और गरीबों के कल्याण के लिए कई अन्य कदम भी उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया है, लेकिन उसने आदिवासी समुदाय के लिए कुछ नहीं किया है। मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने आदिवासी समुदाय के लिए क्या किया है। यह भाजपा सरकार ही थी जिसने ओडिशा की एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया। यह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार थी जिसने देश में आदिवासी कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया और मोदी सरकार ने आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की याद में आदिवासी गौरव दिवस मनाने की प्रथा शुरू की।

# दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें सुधार पर, जीत की लय जारी रखना चाहेगी एलएसजी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी।

एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे। यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। हालांकि एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास 'प्लान बी' की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखायी दिया। हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती। अब एलएसजी के खिलाफ मैच में जिम्मेदारी फिर खलील अहमद और उम्रदराज ईशांत शर्मा पर होगी जो लगातार अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। मुकेश कुमार के चोट से वापसी की उम्मीद है लेकिन वह भी अपने प्रदर्शन से धमाल नहीं कर पाये हैं। मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार की गेंदबाजी पर डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और पूरन रनों का अंबार लगा सकते हैं। साथ ही तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट से वापसी के बाद धारदार गेंदबाजी नहीं कर सके हैं और चार मैच में उन्होंने 13.43 के इकोनोमी से रन लुटाये हैं। कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स को छोड़ दें तो दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में अच्छी फॉर्म के लिये जूझती दिखी। पृथ्वी साव ने कुछ जरूरी रन जुटाये लेकिन उन्हें शीर्ष पर इससे बेहतर करने की जरूरत है। अभिषेक पोरेल को छोड़ दें तो किसी भी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखाया है।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स । **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

## खेल डायरी

### आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश के क्वार्टरफाइनल में

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सौलंके ने अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वाश चैम्पियन आकांक्षा ने बुधवार को दूसरे दौर में नार्वे की मैडेलिने हाईलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से मात दी। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। गोवा की इस खिलाड़ी का सामना अब 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि की पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

### रूने को एक सेट में हराने के बाद दूसरे दौर में हारे नागल

**मोंटे कार्लो।** भारत के सुमित नागल ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने को एक सेट में हराया लेकिन वर्षाबाधित दूसरे दौर का मुकाबला हार गए। बारिश के कारण यह मुकाबला बुधवार को स्थगित हो गया था। नागल ने खेल बहाल होने पर रूने से दूसरा सेट छीन लिया लेकिन आखिरी सेट में दो बार सर्विस गंवा दी। भारतीय क्वालीफायर नागल दूसरे सेट में रूने से 1-2 से पीछे थे जब बारिश हुई। उन्होंने दो घंटे 11 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 6-3, 2-6 से गंवाया।

### प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने बढ़त कायम रखी

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानानंदा ने अजरबैजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला।

### इंडियन सुपर लीग फाइनल चार मई को

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग 2023-24 सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा जबकि इस फुटबॉल लीग के प्ले ऑफ मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लीग के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने बताया कि फाइनल के स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी। आईएसएल ने बयान में कहा, ''सत्र का फाइनल चार मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने की जंग की शुरुआत 19 अप्रैल को प्ले ऑफ मुकाबलों के साथ होगी। सेमीफाइनल मुकाबले अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में खेले जाएंगे।''

### एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की शृंखला खेली।

### उदित को रजत, अभिमन्यु और विकी को कांस्य

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो युमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किलो फ्रीस्टाइल में उजबेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता जबकि विकी ने 97 किलो में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी। ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किलो में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैम्पियन उदित ने सुनिश्चित किया कि देश का इस वर्ग में रिकॉर्ड अच्छा रहे। भारत ने 57 किग्रा वर्ग में लगातार चार एशियाई खिताब जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने 2020, 2021 और 2022 में तथा अमन ने 2023 में स्वर्ण पदक अपने नाम किये। यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक होगा।

# आरसीबी ने मुंबई को दिया 197 रनों का लक्ष्य

## फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने लगाए अर्धशतक, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके



रजत पाटीदार

**मुम्बई, एजेंसी**

कप्तान फाफ डु प्लेसी 61 रन, रजत पाटीदार की 50 रन और आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक की नाबाद 53 रनों की तूफानी की पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 25वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया है।

गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तीन रन का विकेट गवां दिया। चौथे ओवर में विल जेक्स भी आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जल्दी-जल्दी दो विकेट गिरने के बाद आरसीबी की टीम पर दबाव बढ़ने लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रजत पाटीदार ने डुप्लेसी के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिये 82 रनों की साझेदारी हुई। रजत पाटीदार ने 26 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर और विजय कुमार वैशाख बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। डुप्लेसी ने 40 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 61 रनों की पारी खेली। सौरव चौहान नौ रन बनाकर आउट हुये। दिनेश कार्तिक ने 23 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली और आकाश दीप दो रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये। गेराल्ड कोएत्जी, आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**आरसीबी : 196/8**

| | |
|---|---|
| विराट का ईशान बो बुमराह | 03 |
| डु प्लेसी का डेविड बो बुमराह | 61 |
| जैक्स का डेविड बो मधवाल | 08 |
| पाटीदार का ईशान बो कोएत्जी | 50 |
| मैक्सवेल पगबाधा बो गोपाल | 00 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 53 |
| महिपाल पगबाधा बो बुमराह | 00 |
| सौरव का मधवाल बो बुमराह | 09 |
| विजय का नबी बो बुमराह | 00 |
| आकाश दीप नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** नबी 1-0-7-0, कोएत्जी 4-0-42-1, जसप्रीत बुमराह 4-0-21-5, मधवाल 4-0-57-1, गोपाल 4-0-32-1, शेफर्ड 2-0-22-0, हार्दिक पंड्या 1-0-13-0



दिनेश कार्तिक

- **मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था**
- **गेराल्ड कोएत्जी, आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया**

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

# पीवी सिंधू और प्रणय हारे, एशिया चैंपियनशिप में चुनौती समाप्त

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

- **चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हुईं**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एच एस प्रणय के गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर होने से बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हो गयीं। यह युए के खिलाफ पहली हार थी।

गुरुवार को मुकाबले से पहले युए के खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21 12-21 से पराजित हो गयीं। सिंधू ने पहले गेम में अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया। पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधू ने गलतियां करनी शुरू कर दी। युए ने सिंधू को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गयीं। युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली। युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधू ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक गेम में सिंधू 8-4 की बढ़त के बाद लय खो बैठीं।

# पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मी. भाला फेंक सकता हूं: नीरज

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं। पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा।

# अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे मयंक यादव

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव कूल्हे में जकड़न के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे। लखनऊ का सामना शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जिसके बाद 14 अप्रैल को कोलकाता में खेलना है। लखनऊ के कोच जस्टिन लैंगर ने उम्मीद जताई कि मयंक 19 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह से फिट हो जायेंगे। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वह 19 अप्रैल तक फिट हो जायेगा। हम चाहते हैं कि वह हर मैच खेले। वह काफी मेहनत कर रहा है लेकिन कल का मैच नहीं खेल सकेगा।'' आईपीएल में पदार्पण के साथ 150 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर सनसनी फैलाने वाले मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को एक ओवर डालने के बाद मैदान से चले गए थे। लैंगर ने कहा, ''उसके कूल्हे में जकड़न है। गुजरात के खिलाफ एक ओवर डालने के बाद उसे महसूस हुआ। हमने एमआरआई कराया, जिसमें थोड़ी सी सूजन नजर आई है। हमें उम्मीद है कि वह जल्दी ही मैदान पर लौटेगा।'' चोट के कारण दो मैचों से बाहर रहे तेज गेंदबाज मोहसिन खान के बारे में कहा कि उन्हें कोलकाता में उतारा जा सकता है।

# बॉलीवुड हलचल

## मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार बहुत गहरा है : रसिका दुग्गल

**मुंबई, एजेंसी।** लोकप्रिय वेब सीरीज ''मिर्जापुर'' के तीसरे सीजन का जल्द ही प्रीमियर होने वाला है और इसमें अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि सीरीज की टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि प्रशंसकों के लिए इसका अनुभव बेहद शानदार रहे। सीरीज में बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा कि वह इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रसिका दुग्गल ने ''पीटीआई-भाषा'' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, ''' 'मिर्जापुर'' को प्रशंसकों की जो सराहना और समर्थन मिला है, वह बहुत ही शानदार है, मेरे जीवन में इसका खास स्थान है। इसके प्रशंसकों का इसके प्रति लगाव काफी गहरा है। मैं बहुत खुश हूं कि हमने तीसरा सीजन बनाया है और दर्शकों को जल्द ही यह देखने को मिलेगा। मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं।'' रसिका ने कहा, ''मेरा मानना है कि ''मिर्जापुर'' के प्रशंसक इसलिए काफी अधिक हैं क्योंकि लोगों ने वास्तव में इसके किरदारों को पसंद किया और उनके प्रति एक प्रकार का जुड़ाव महसूस किया है। यह शो दिखावटीपन नहीं करता है। यह उन किरदारों के साथ लोगों के जुड़ाव के बारे में है। हम पहले ही ऐसा कर चुके हैं, और हम यह काम हर सीजन में करते हैं। हमने इस सीजन में भी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से ऐसा ही किया है।'' अभिनेत्री ने कहा कि अली फजल द्वारा निभाया गया बंदूकधारी गैंगस्टर गुड्डू भैया सीरीज में उनका पसंदीदा किरदार है। रसिका ने यहां रेड लॉरी फिल्म महोत्सव के पहले संस्करण से इतर कहा, ''अली ने गुड्डू भैया का किरदार जिस तरह से निभाया, वह मुझे बेहद पसंद आया।''



## अर्जुन कपूर को पसंद आया राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत का ट्रेलर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अर्जुन कपूर को फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर राजकुमार राव की जमकर तारीफ की है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म ''श्रीकांत' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, यह देखना अद्भुत है कि आपके दोस्त हर फिल्म के साथ बेहतर काम करने की इच्छा रखते हैं। साथ ही अभिनय की सभी सीमाओं को पार करते रहते हैं।'' फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।



## देवरा पार्ट 1 का नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन करेंगे करण जौहर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेट्स में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्माकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### भारत में नई राजदूत होंगी ब्रिटेन की लिंडी कैमरून

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। भारत में ब्रिटेन के दूतावास ने गुरुवार को बताया है कि, लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले लिंडी ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं।

### छत्तीसगढ़ में एक लाख के इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू से सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ के अध्यक्ष हेमला हुंगा (41) और पूनेम बुधरू (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हुंगा के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली 19 अप्रैल 2022 को पेगड़ापल्ली गांव के जंगलों में पुलिस दल पर गोलीबारी करने और विस्फोट करने की घटना में शामिल थे।

### रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेन में दागीं 40 मिसाइलें, बिजली ठप

**कीव।** यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में रूस ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि पूर्वी खार्किव क्षेत्र, दक्षिणी ज़ापोरीज़िया क्षेत्र, पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र और मध्य कीव क्षेत्र में बिजली उत्पादन केंद्रों पर हमले से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 मिसाइल हमले के बाद, खार्किव क्षेत्र के करीब दो लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने यहां के मेट्रो स्टेशन में शरण ली है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने रिपोर्ट में कहा कि दो थर्मल पावर प्लांट के उपकरण नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन पर रूस ने 40 से अधिक मिसाइल और करीब 40 ड्रोन दागे हैं।

### पाकिस्तान में जो हालात हैं, उनसे एक बार फिर देश टूटेगा: इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने चेतावनी दी है कि देश में जो मौजूदा हालात हैं, उनसे एक बार फिर ढाका जैसी त्रासदी हो सकती है। इमरान खान ने साल 1971 के हालात की मौजूदा हालात से तुलना की और कहा कि देश आर्थिक तौर पर तबाही के कगार पर पहुंच सकता है। इमरान ने कहा कि कोई भी देश या संस्थान बिना आर्थिक स्थिरता के नहीं चल सकता। वहीं पार्टी के नेता बैरिस्टर राजा ने बताया कि इमरान खान अभी भी देश के लिए समर्पित हैं, लेकिन देशवासियों के लिए चिंतित भी हैं।

# पाकिस्तानी फौज ने अपने ही पुलिस वालों को थाने में पीटा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- एक सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियार जब्त करने के बाद थाने पर किया हमला

पाकिस्तान के सैनिकों ने बुधवार को पंजाब प्रांत के बहावलनगर में पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। यळ घटना मदरीसा पुलिस स्टेशन की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने एक पाकिस्तानी सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया था।

इसके बाद 7-8 गाड़ियों में बैठकर 40 से 50 सैनिक पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने छड़ी और राइफल के बट से पुलिस अधिकारियों की जमकर पिटाई की। सैनिकों ने स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) और स्टेशन इंचार्ज को भी मारा। अधिकारियों के शरीर पर जख्मों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैनिकों के हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर



शेयर किए जा रहे वीडियो के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पुलिसकर्मियों से वीडियो रिकॉर्डर छीन लिए थे। इसके बाद उन्हें लॉक-अप में बंद करके मारा गया। पंजाब पुलिस ने कहा, घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। हमने इसकी जांच कराई है और दोनों संस्थानों ने शांतिपूर्ण तरह से मामले को सुलझा लिया है।

# ब्रिटेन में 12 भारतीय गिरफ्तार वीजा उल्लंघन का लगा आरोप

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों के उल्लंघन के शक में की गई छापेमारी के दौरान 12 भारतीयों को पकड़ा। इसमें एक महिला भी शामिल है। वे अवैध रूप से गद्दे और केक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे।

बुधवार को ब्रिटेन के होम ऑफिस के एक बयान के मुताबिक, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारी इंग्लैड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में खुफिया सूचना के बाद की गई कार्रवाई में पाया गया कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा था। गृह कार्यालय के मुताबिक, वहां अवैध रूप से काम करने के संदेह में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पास में स्थित एक केक फैक्ट्री से चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें अपनी वीजा शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके बाद एक भारतीय महिला को एक निजी घर में आव्रजन अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है। गृह कार्यालय के मुताबिक, दोपहर बाद भी मामले में आगे की कार्रवाई की गई। गृह कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि चार आरोपियों को ब्रिटेन से हटाने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया था, बाकी बचे आठ को शर्त पर जमानत दी गई। इस बीच, अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने अपने कारखानों में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया है तो दोनों व्यवसायों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण में रूस कामयाब



**मॉस्को।** रूस ने गुरुवार को पहली बार अपने अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया। यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से किया गया। इससे पहले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन अंगारा रॉकेट के दो प्रक्षेपण अंतिम समय में रद कर दिए गए थे। दरअसल, दबाव प्रणाली में खराबी और इंजन प्रक्षेपण-नियंत्रण प्रणाली में समस्या होने के कारण रॉकेट टेस्ट लॉन्च को रद कर दिया गया था। हालांकि, यह रूस का तीसरा परीक्षण जो सफल हुआ। रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों के लिए आज यानी 11 अप्रैल का दिन भाग्यशाली रहा। परीक्षण से पहले रूस ने अपना कॉस्मोनॉट दिवस मनाया। दरअसल, 63 साल पहले सोवियत संघ के यूरी गगारिन बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इसी दिन को कॉस्मोनॉट दिवस कहा जाता है।

### इस रॉकेट में छुपी हैं कई सारी खूबियां

रॉकेट लॉन्च करने वाले मिशन नियंत्रण ने बताया कि जैसे ही रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ा, मिनटों में 25,000 किलोमीटर (15,500 मील) प्रति घंटे से अधिक तक आसमान की ऊंचाई में पहुंच गया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी, रोस्कोस्मोस ने बताया कि रॉकेट ने सामान्य रूप से काम किया। बता दें कि 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट, जिसका वजन लगभग 773 टन है, लगभग 24.5 टन वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है। रूस ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने के कुछ साल बाद एक रूसी-निर्मित लॉन्च वाहन के रूप में अंगारा परियोजना की शुरुआत की थी। बता दें कि पहली अंगारा-ए5 परीक्षण उड़ान 2014 में हुई और दूसरी 2020 में उत्तरी रूस के प्लेसेत्स्क से हुई। 2021 में एक आंशिक परीक्षण किया गया जो असफल रहा था।

# चीन का बदला रुख, भारत के साथ सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाने को तैयार

## मोदी के बयान पर चीन ने दी प्रतिक्रिया, कहा- स्थिर संबंधों से साझा हितों की पूर्ति होगी

बीजिंग, एजेंसी

मजबूत और स्थिर संबंधों से चीन और भारत के साझा हितों की पूर्ति होगी। चीन की यह प्रतिक्रिया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के साथ चीन के संबंध पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी के बयान के बाद चीन के तेवर ढीले पड़ गए हैं, और अब चीन भी सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाना चाहता है।

बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि दोनों देशों को मिलकर बातचीत के जरिए सीमा विवाद का तत्काल हल निकाला जाना चाहिए। अब चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर गौर किया है। माओ ने आगे कहा कि अगर भारत और चीन के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध होंगे, तो इससे दोनों देशों के साझा हितों की भी पूर्ति होगी।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सीमा विवाद पर कहा है कि भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को ठीक से प्रबंधित कर उचित रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं।

बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध महत्वपूर्ण हैं। माओ निंग ने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर एक दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने से आपसी विश्वास बढ़ेगा, जिससे संवाद और सहयोग कायम रहेगा। मिंग ने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मतभेदों का हल निकाला जाना जरूरी है।

### सीमा पर हिंसक झड़प से दोनों देशों के बीच पैदा हुआ था गतिरोध



5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। चीनी सेना के अनुसार दोनों पक्ष अब तक गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। उधर भारत द्वारा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना को हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। भारत का कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती।

# मई तक इजराइल जाएंगे 6 हजार भारतीय श्रमिक

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच छह माह से युद्ध जारी है। ऐसे में इजराइल के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो गई है, जिस वजह से अप्रैल और मई में भारत से छह हजार मजदूर इजराइल जाएंगे। इजराइल सरकार ने बुधवार देर रात बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इजराइल प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वित्त मंत्रालय और निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल से इजराइल लाने के फैसले पर मुहर लगी है।

गौरतलब है कि इजराइली निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है, जहां इजराइली श्रमिकों की कमी होती है। युद्ध से पहले इजराइल में 80 हजार श्रमिक वेस्ट बैंक से तो वहीं 17 हजार श्रमिक गाजा पट्टी से आए थे लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से अधिकांश श्रमिकों का वर्क परमिट रद कर दिया गया है। बता दें, युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की भारी कमी हो गई, जिस वजह से कई परियोजनाएं रुक गई। संकट को देखते हुए इजराइल सरकार ने यह कदम उठाया है। बता दें, कुछ दिन पहले भारतीय श्रमिकों को एक जत्था पहुंच चुका है।

# न्याय तंत्र को कमजोर कर रहे सोशल मीडिया मंच: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,एजेंसी

- सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

लंबित और विचाराधीन मामलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से संदेश और लेख प्रसारित किए जा रहे हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने असम के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है।

बता दें कि विधायक को शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और लेख पोस्ट किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही हमारे कंधे किसी भी दोष या आलोचना को सहन करने के लिए काफी चौड़े हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं, जो न्यायपालिका को कमजोर करने की तरफ इशारा कर रहे हैं।



### भ्रामक पोस्ट पर विधायक को अवमानना नोटिस

पीठ ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विधायक को कार्यवाही के दौरान कोर्ट में पेश होने का भी निर्देश दिया गया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर भारत क मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

# यौन उत्पीड़न से निपटने को नए उपाय खोज रहा इंस्टाग्राम

**लंदन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने कहा कि वह युवा लोगों की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए नए उपाय कर रहा है, जिसमें एक ऐसी सुविधा भी शामिल है जो सीधे संदेशों (डीएम) में नग्नता को स्वतः धुंधला कर देगी।

इंस्टाग्राम ने एक ब्लॉग के माध्यम से जानकारी दी है, कहा कि यौन घोटालों और छवि दुरुपयोग के विभिन्न रूपों से लड़ने के लिए सुविधाओं का परीक्षण कर रहा है। मार्क जुकरबर्ग ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी संसद के सीनेट में इस तरह के दुर्व्यवहार के शिकार लोगों से माफी मांगी थी। इंस्टाग्राम ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द नए नियम व अन्य फीचर का परीक्षण करेगा।

# अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए एसटीएफ गठित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए पहली बार दूतावास ने बड़े कदम उठाए हैं। संदिग्ध मौत के बढ़ते मामलों के बीच वाशिंगटन स्थित दूतावास ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई गई है। साथ ही अमेरिका में रह रहे लगभग सात लाख भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा गाइडलाइन भी जारी की गई है। दूतावास की एडवाइजरी के अनुसार भारतीय छात्र देर रात को संदिग्ध स्थानों पर जाने से बचें और जहां तक संभव हो ग्रुप में आवाजाही करें। किसी भी परेशानी में छात्र दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते है। छात्रों को दूतावास की वेबसाइट पर रजिस्टर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे किसी भी इमरजेंसी में छात्रों को ट्रैक किया जा सके। दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि, इस साल 11 भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत की जांच अब दूतावास की देखरेख में होगी। इसके लिए दूतावास ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय के लिए विशेष टीम बनाई है। ग्लोबल हिंदू फाउंडेशन और अन्य भारतीय संगठनों की मांग पर जांच में एफबीआई को भी शामिल किया जाएगा। एक ऑनलाइन वेब पोर्टल भी लॉन्च किया है। इसमें भारतीय छात्र अपनी शिकायतों को अपलोड कर सकेंगे। भारतीय समुदाय के नेता अजय भूतोड़िया का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा के लिए अमेरिका के अन्य छोटे शहरों में भी विशेष सेल बनाए जाएं।

### छात्रों पर हमले बर्दाश्त नहीं

वाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किरबी ने कहा है कि भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत और बढ़ते हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भारतीय दूतावास की ओर से छात्रों की सुरक्षा के लिए उठाए गए नए कदमों को अमेरिका सरकार की ओर से सहयोग दिया जाएगा। जांच में भी तेजी के निर्देश दिए गए हैं।

### ईरान से जब्त हथियार यूक्रेन भेजे



**वाशिंगटन:** अमेरिकी सेना ने यूक्रेन को पांच हजार एके-47 राइफल्स दी हैं। इस के साथ मशीन गन, स्नाइपर राइफल, आरपीजी-7 लॉन्चर और 5 लाख राउंड से ज्यादा गोलियां शामिल हैं। ये हथियार ईरान की एलीट फोर्स इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स के थे, जिसे अमेरिका ने जब्त किया था। ● एजेंसी

# एसबीआई ने आरटीआई कानून के तहत चुनावी चंदे की जानकारी देने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं।

चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे। 12 मार्च को चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दिए गए दो छूट प्रावधानों का हवाला देते हुए जानकारी से इनकार किया, एक जिम्मेदार क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है और व्यक्तिगत जानकारी को रोकने की अनुमति देती है।

**विज्ञान** मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालिया शोध में किया खुलासा, बोले-रहस्य को समझने में शुरूआती कदम

# मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड का सबसे बड़े हिस्से डार्क मैटर को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूट्रॉन तारे ही मायावी डार्क मैटर के रहस्य को उजागर कर सकते हैं। मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के हालिया शोध में यह खुलासा किया गया है। यह शोध ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्य को समझने में एक महत्वपूर्ण शुरूआती कदम है।

डार्क मैटर की खोज विज्ञान की सबसे महान खोजों में एक मानी जाती है। इस अदृश्य पदार्थ का हमारे ब्रह्मांड में 85 प्रतिशत हिस्सा है। फिर भी हम इसे देख नहीं पाते हैं। डार्क मैटर प्रकाश के साथ संपर्क नहीं करता है और ना ही यह प्रकाश को अवशोषित नहीं करता है। यह प्रकाश को प्रतिबिंबित भी नहीं करता है। यह प्रकाश उत्सर्जित भी नहीं कर पाता है। जिस कारण हमारी दूरबीनें इसे सीधे नहीं देख सकतीं। इसके बावजूद हम जानते हैं कि इसका बड़ा वजूद ब्रह्मांड में मौजूद है। सिर्फ गुरुत्वाकर्षण खिंचाव हमें बताता है कि यह मौजूद होना चाहिए। यह अजीबो गरीब पहेली है, जिसका हल वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। डार्क मैटर को समझने के लिए नए शोध में बताया गया है कि न्यूट्रॉन तारे अलग-अलग होते हैं। वे इतने घने होते हैं कि डार्क मैटर कणों के तारे के साथ संपर्क करने की अधिक संभावना होती है। यदि डार्क मैटर कण तारे में न्यूट्रॉन से टकराते हैं, तो वे अपनी ऊर्जा खो देते हैं और कूछ समय बाद वहाँ काले पदार्थ का संचय होने लगते हैं। इसका पता पुराने व ठंडे न्यूट्रॉन सितारों के जरिए संभव है। इसे समझने के लिए ठंडे पड़ चुके न्यूट्रॉन तारों पर शोध किया जाना चाहिए। इस शोध मे डार्क मैटर पार्टिकल की गणना की गई। जिससे पता चला कि डार्क मैटर के कण आपस में टकराते हैं और ठंडे होकर नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद इनकी ऊर्जा स्थानांतरित हो जाती है। बहरहाल न्यूट्रॉन तारों में इसका हल संभव नजर आता है।



डार्क मैटर का काल्पनिक चित्र।

### कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है अधिकांश ऊर्जा

मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रो. निकोल बेल ने इस शोध को लेकर कहा है कि नई गणना से पहली बार पता चला है कि न्यूट्रॉन तारों में अधिकांश ऊर्जा कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है। डार्क मैटर को समझने के लिए यह एक कड़ी है। विज्ञान पत्रिका द जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

# बलूचिस्तान प्रांत में बस खाई में गिरी, 17 की मौत, 38 घायल

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार बताया है कि, तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# फ्लैश सीरीज अब दर्शकों का करेगी मनोरंजन

- ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव पर है उपलब्ध

अमृत विचार नेटवर्क

फायर टीवी स्टिक, डिश एसएमआरथब, डी2एच मैजिक, एंड्रॉइड व आईओएस स्मार्टफोन सहित कई डिवाइसेस पर या www.watcho.com पर देखिए




डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज, 'फ्लैश' के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस सीरीज में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है। यह मनोरंजक सीरीज विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो एप पर उपलब्ध है। इस सीरीज की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहां उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुंचती है। इसकी गहराई में पहुँचने पर, वंश को पता चलता है कि वह धोखे और रहस्रों से बुने एक पेचीदा जाल में फंस गया है। प्रत्येक एपिसोड के साथ, 'फ्लैश' इस उलझी हुई कहानी की परतें खोलता है, जिससे दर्शकों की सांसें थम जाती हैं और वे हर सवाल का उत्तर जानने के लिए उत्सुक होते हैं। यह मंच अपने दर्शकों के लिए और भी अधिक रोमांचक कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है।

'फ्लैश' की रिलीज के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर 'स्टेट वर्सेस आहूजा' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अंशुल पांडे ने कहा, जब मैंने पहली बार 'फ्लैश' की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत अपने किरदार वंश कुंद्रा से आकर्षित हो गया। मैंने आमतौर पर टीवी पर भूमिका निभाई है, लेकिन ओटीटी पर नया अनुभव होगा।